लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस

शुभ नवरात्रि

शुक्रवार 26 सितंबर, 2025 / पेज : 12 / मूल्य : ₹3.00/- लखनऊ वर्ष : 16, अंक : 340 www.janexpresslive.com/epaper

1962 जंग में एयरफोर्स को परमिशन नहीं मिली... 12

### नवरात्रि का दिन चौथा



## कुष्माण्डा पूजा

नवरात्रि के चौथे दिन मां कुष्मांडा की पूजा की जाती है। ऐसा माना जाता है कि देवी कुष्मांडा सूर्य को दिशा और ऊर्जा प्रदान करती हैं। इसलिए भगवान सूर्य देवी कुष्मांडा द्वारा शासित हैं।

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की वृंदावन यात्रा, परिवार संग किए बांके बिहारी मंदिर दर्शन

जन एक्सप्रेस | मथुरा

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू गुरुवार की सुबह विशेष ट्रेन से वृंदावन पहुंची। राष्ट्रपति दिल्ली से सुबह आठ बजे रवाना हुईं। तकरीबन दस बजे वृंदावन रोड रेलवे स्टेशन पर उतरीं। ट्रेन के 18 कोचों में से 12 कोच सिर्फ राष्ट्रपति और उनके स्टाफ के लिए आरक्षित किए गए थे। इनमें प्रेसिडेंशियल सुइट, डीलक्स सुइट, रेस्टोरेंट, लाउंज और पावर कार शामिल थे।

### स्टेशन पर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री ने किया स्वागत

स्टेशन पर राष्ट्रपति का स्वागत प्रदेश सरकार के गन्ना विकास और चीनी उद्योग मंत्री चौधरी लक्ष्मी नारायण, मथुरा के मेयर विनोद अग्रवाल और एडीजी अनुपमा कुलश्रेष्ठ ने किया। वे मथुरा में सात घंटे के दौरे पर आयीं हैं। इस दौरान वे कई मंदिरों के दर्शन करने के साथ पूजा अर्चना करेंगी। इसके अलावा वे कई धार्मिक स्थलों का दर्शन भी करेंगीं।



### बांके बिहारी मंदिर मंदिर में की पूजा अर्चना

वृंदावन पहुंचकर राष्ट्रपति सबसे पहले ठाकुर बांके बिहारी मंदिर गईं। वहां उन्होंने पूरे विधि विधान से पूजा अर्चना की और भगवान के चरणों में माथा टेका। बांके बिहारी मंदिर के गोस्वामी परिवार की ओर से पूजा संपन्न कराई गई। राष्ट्रपति मंदिर में करीब आधे घंटे तक रहीं। उन्होंने ठाकुर जी के लिए भेंट स्वरूप लिफाफा अर्पित किया। मंदिर मैनेजमेंट कमेटी के अध्यक्ष अशोक कुमार ने कहा कि राष्ट्रपति का आगमन वृंदावन के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने परिवार के साथ दर्शन कर श्री बांके बिहारी जी का आशीर्वाद लिया।



### कन्नौज से मंगाए गए इत्र से की पूजा

मंदिर मैनेजमेंट कमेटी ने उनके स्वागत के लिए विशेष इंतजामात किए। बांके बिहारी मंदिर में राष्ट्रपति ने कन्नौज से मंगाए गए खास इत्र से पूजा की। पूरे कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम रहे। पुलिस-प्रशासन राष्ट्रपति की सुरक्षा को लेकर मुस्तैद नजर आया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का यह दौरा न केवल धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है बल्कि यह वृंदावन और मथुरा के लिए गर्व की बात भी है। राष्ट्रपति ने जिस श्रद्धा और सादगी से भगवान बांके बिहारी और निधिवन की परिक्रमा की। वह प्रेरणादायी है।

### निधिवन में पूजा कर लगाई परिक्रमा

बांके बिहारी मंदिर के बाद राष्ट्रपति निधिवन पहुंचीं। यहां उन्होंने वृक्षों की पूजा की और पांच सौ मीटर की परिक्रमा लगाई। निधिवन में वह आधे घंटे तक रहीं और बिहारी जी की प्राकट्य स्थली, रंग महल, रास मंडल, बंशी चोरी राधा रानी और स्वामी हरिदास जी के समाधि स्थल पर जाकर दर्शन किए। इस दौरान उन्होंने वृंदावन की संस्कृति और धार्मिक महत्व को भी जाना। राष्ट्रपति का यह दौरा कई मायनों में ऐतिहासिक है। वे श्रीकृष्ण जन्मस्थान जाने वाली देश की दूसरी राष्ट्रपति होंगी।

# देश में चिप से लेकर शिप तक बनाएंगे: मोदी

## किसी पर निर्भर रहना अब मंजूर नहीं, नोएडा में इंटरनेशनल ट्रेड शो का उद्घाटन किया

जन एक्सप्रेस। नोएडा

पीएम मोदी ने नोएडा में इंडिया एक्सपो मार्ट में गुरुवार को यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो का शुभारंभ किया। उन्होंने कारोबारियों से कहा कि हम चिप से शिप तक भारत में बनाना चाहते हैं। इसलिए अपना बिजनेस मॉडल ऐसा बनाइए जो आत्मनिर्भर भारत को मजबूती देता हो। बदलती हुई दुनिया में जो देश जितना ज्यादा दूसरों पर निर्भर रहेगा, उसकी ग्रोथ उतनी ही कॉम्प्रोमाइज रहने वाली है। इसलिए भारत को किसी पर निर्भर रहना अब मंजूर नहीं है। भारत को आत्मनिर्भर बनाना होगा। इससे पहले पीएम ने कारोबारियों से बात की। मोदी प्रोड्यूसर बोनी कपूर और उनके बेटे अर्जुन से भी मिले। ट्रेड शो 29 सितंबर तक चलेगा। रूस पार्टनर देश के रूप में हिस्सा ले रहा है। अनुमान है कि इस बार ट्रेड शो में 5 हजार करोड़ का व्यापार होगा। शो में पहली बार आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस मॉडल का लाइव डेमो होगा। यूपी के 40 जिलों के उत्पाद ग्लोबल प्लेटफॉर्म पर प्रदर्शित किए जा रहे हैं। यहां 2400 से ज्यादा स्टॉल लगाए गए हैं। हर दिन सुबह से रात तक सेमिनार और सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे।



### यूपी सबसे ज्यादा एक्सप्रेस वे और एयरपोर्ट वाला राज्य बना

यूपी देश में सबसे अधिक एक्सप्रेस-वे वाला प्रदेश बन चुका है। यूपी देश के सबसे अधिक इंटरनेशनल एयरपोर्ट वाला राज्य बन चुका है। हेरिटेज टूरिज्म में भी यूपी नंबर-1 है। नमामि गंगे जैसे अभियानों ने यूपी को क्रूज टूरिज्म के लिए उसके मैप पर लाकर अपना स्थान बना लिया है। ओडीओपी के यूपी के कई प्रोडक्ट इंटरनेशनल मार्केट में पहुंच गए हैं। हर वो प्रोडक्ट जो हम भारत में बना सकते हैं, वो यहीं बनाना है। आज मेरे सामने इतनी बड़ी संख्या में उद्यमी हैं। आप आत्मनिर्भर भारत के बड़े स्टेकहोल्डर हैं। आपसे हमारा निवेदन है कि अपना बिजनेस मॉडल ऐसा बनाइए जो आत्म निर्भर भारत को मजबूती देता हो। आप सभी जानते हैं कि आज सरकार मेक इन इंडिया पर कितना बल दे रही है। हम चिप से शिप तक भारत में बनाना चाहते हैं।

### 'भारत को किसी पर निर्भर रहना मंजूर नही'

मोदी ने कहा- अब तक जेम के माध्यम से भारत सरकार 15 लाख करोड़ रुपए का समान या सर्विस खरीद चुकी है। पहले की सरकारों में ये सोचना भी असंभव था। लेकिन, आज देश से दूर कोने में एक छोटा कारोबारी भी जेम पोर्टल पर सामान बेच रहा है। यही अंत्योदय है। आज भारत 2047 तक विकसित होने के लक्ष्य की ओर आगे बढ़ रहा है। भारत आने वाले दशकों की नींव मजबूत कर रहा है। हमारा संकल्प और मंत्र है- आत्मनिर्भर भारत। बदलती हुई दुनिया में जो देश जितना ज्यादा दूसरों पर निर्भर रहेगा, उसकी ग्रोथ उतनी ही कम्प्रोमाइज रहने वाली है। इसलिए भारत को किसी पर निर्भर रहना अब मंजूर नहीं है। भारत को आत्मनिर्भर बनाना होगा।

### हमारी सरकार ने 12 लाख तक टैक्स फी किया

मोदी ने कहा- 2014 से पहले जब हमारी सरकार नहीं थी तो सिर्फ दो लाख रुपए तक ही इनकम टैक्स माफ था। आज हमने 12 लाख रुपए तक टैक्स फ्री किया है। नए जीएसटी रिफार्म से इस साल देश के लोगों को ढाई लाख करोड़ रुपए बचने जा रहे हैं। देश आज गर्व के साथ जीएसटी बचत उत्सव मना रहा है। 2017 में हम जीएसटी लाए, आर्थिक मजबूती की। 2025 में फिर से जीएसटी लाए, फिर आर्थिक मजबूती करेंगे। जैसे-जैसे आर्थिक मजबूती होगी, टैक्स का भार कम होता जाएगा। कुछ राजनीतिक दल जीएसटी की नई दरों को लेकर देश के लोगों को भ्रमित कर रहे हैं। 2014 से पहले जो सरकार चला रहे थे, उसकी नाकामियां छिपाने के लिए कांग्रेस और उसके साथी दल जनता से झूठ बोल रहे हैं। सच्चाई तो ये है कि कांग्रेस के समय टैक्स की लूट मची थी। लूटे हुए धन में से भी लूट होती थी। देश के आम नागरिकों को टैक्स की मार से निचोड़ा जा रहा था। ये हमारी सरकार है, जिसने टैक्स को बड़े पैमाने पर कम किया है।

### एक हजार रुपए की शर्ट पर 35 रुपए टैक्स देना होगा

मोदी ने कहा कि जीएसटी की नई दर भारत की विकास गाथा को नई उड़ान देंगे। ये जीएसटी पंजीकरण को सरल बनाएंगे, कर विवादों को कम करेंगे और एमएसएमई को तेजी से रिफंड सुनिश्चित करेंगे। 2014 से पहले इतने सारे टैक्स थे कि बिजनेस की कॉस्ट और परिवार का बजट कभी संतुलित नहीं हो पाते थे। 2014 से पहले एक हजार रुपए की शर्ट पर 117 रुपए टैक्स लगता था। 2017 में जीएसटी लागू होने के बाद टैक्स घटकर 50 रुपए हो गया। अब नई जीएसटी रिफॉर्म के बाद एक हजार रुपए की शर्ट पर सिर्फ 35 रुपए टैक्स देना होगा।

### देश में बनने वाले 55 प्रतिशत मोबाइल यूपी में बनते हैं

पीएम मोदी ने कहा कि आज पूरे भारत में जितने मोबाइल फोन बनते हैं, उसमें से 55 प्रतिशत मोबाइल उत्तर प्रदेश में बनते हैं। यूपी अब सेमीकंडक्टर सेक्टर में भी भारत की आत्मनिर्भरता को मजबूती देगा। यहां से कुछ किमी दूर ही एक बड़ी सेमीकंडक्टर फैसिलिटी पर काम शुरू होने वाला है। मैं आप सभी का आह्वान करता हूं कि यूपी में निवेश कीजिए, यूपी में मैन्युफैक्चर कीजिए। यहां लाखों एमएसएमई का मजबूत नेटवर्क है, उनका सामर्थ्य इस्तेमाल कीजिए और एक कंप्लीट प्रोडक्ट यहीं तैयार कीजिए। इसके लिए हर मदद के साथ यूपी सरकार और भारत सरकार आपके साथ है।

### मोदी बोले, ट्रेड शो के लिए योगी को बधाई देता हूं

पीएम मोदी ने कहा- इस बार ट्रेड शो का कंट्री पार्टनर रूस है। मैं सीएम योगी और सरकार के अन्य साथियों को इस आयोजन के लिए बहुत बधाई देता हूं। आज हम सभी के मार्गदर्शन पंडित दीन दयाल उपाध्याय की जयंती है। पंडित दीनदयाल ने हमें अंत्योदय की राह दिखाई थी। अंत्योदय यानी जो सबसे आखिरी में है उसका उदय हो। गरीब से गरीब तक विकास पहुंचे और हम भेदभाव समाप्त हो। यही अंत्योदय है। आज विकास का यही मॉडल भारत दुनिया को दे रहा है।

# यूपी की नई पहल से खुलेगा 20 हजार करोड़ के निवेश का रास्ता

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

देश में पहली बार यूपी में निवेशकों को घर बैठे एनओसी देने का पायलट प्रोजेक्ट शुरू किया गया है। केंद्रीय टीम की सलाह पर इन्वेस्ट यूपी को ये जिम्मेदारी दी गई है। शुरुआत लखनऊ, कानपुर, नोएडा, ग्रेटर नोएडा, यीडा और गोरखपुर में एनओसी के इंतजार में अटके करीब 700 निवेश से होगी। इसके लिए 28 रिलेशनशिप मैनेजरों की नियुक्ति की गई है जो प्रत्येक निवेशक के पास जाएंगे और उनसे फाइल लेकर विभागों से एनओसी दिलाएंगे। इस कवायद से तीन महीने में लगभग 20 हजार करोड़ के निवेश जमीन पर उतरने की उम्मीद है। दरअसल, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग (एनसीबीसी) की सचिव मीता आर. लोचन ने निवेश और निवेशकों की समस्याओं को लेकर यूपी के कई जिलों का दौरा किया था। उन्होंने लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर और वाराणसी जैसे जिलों में निवेश की स्थिति परखी थी। इसमें लैंड अप्रूवल यानी जमीन संबंधी अनुमति और विभागों से जारी होने वाले अनापत्ति प्रमाणपत्र (एनओसी) निवेश की राह में दो प्रमुख बाधाएं सामने आई थीं। इन वजहों से छह शहरों में करीब 700 प्रोजेक्ट अटके थे। इसे देखते हुए उन्होंने एक पायलट प्रोजेक्ट शुरू करने को कहा था। इसी क्रम में यह यह कवायद शुरू हुई है।

### ये समस्याएं आती हैं सामने

इस संबंध में तैयार रिपोर्ट के मुताबिक जमीन संबंधी तीन तरह की दिक्कतें सामने आईं। पहली, जहां जमीन पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है, वहां निवेशकों की रुचि कम है। दूसरी, जमीन है, लेकिन कृषि भूमि है जिसके लैंड यूज चेंज में तमाम बाधाएं हैं। तीसरी, जमीन ही नहीं है, लेकिन निवेश प्रस्ताव ढेर सारे हैं।



### लखनऊ से होगी शुरुआत

पायलट प्रोजेक्ट की शुरुआत लखनऊ से होगी। यहां 12 हजार करोड़ के 400 निवेश एनओसी के फेर में फंसे हैं। इसके बाद नोएडा, कानपुर, गोरखपुर, यीडा और ग्रेटर नोएडा में इसे लागू किया जाएगा। इन शहरों में आए निवेश प्रस्तावों को धरातल पर उतारने के लिए उद्यमी मित्रों को रिलेशनशिप मैनेजर बनाया गया है। ये मैनेजर निवेशक के पास जाएंगे और उनकी जगह विभागों में जाकर एनओसी सहित सभी आपत्तियों को दूर कराएंगे। इस काम को इन्सटेंट अप्रूवल मेम्बर्स नाम दिया गया है। ये पायलट प्रोजेक्ट तीन माह में सभी छह शहरों में लागू कर दिया जाएगा। इसके लिए लखनऊ और ग्रेटर नोएडा में 5-5, नोएडा, गोरखपुर व यीडा में प्रत्येक में 4 और कानपुर में 6 रिलेशनशिप मैनेजरों की नियुक्ति की गई है।

# कछार में आदमखोर भेड़िये का आतंक

## 15 दिन में चार बच्चों को बनाया निवाला, वन विभाग ने मांगा शूट आउट का आदेश

जन एक्सप्रेस। बहराइच

यूपी के बहराइच में सरयू नदी के कछार में आदमखोर भेड़िया लगातार हमला करके वन विभाग को छका रहा है। पिछले 15 दिनों से आधा दर्जन गांवों के लोग दहशत में जी रहे हैं। भेड़िया लगातार सक्रिय है। जबकि, वन विभाग का सर्च आपरेशन फेल दिख रहा है। वन विभाग ने हार मानते हुए अब राज्य सरकार से भेड़िये के शूट आउट की अनुमति मांगी है। कैसरगंज और महसी के कछार क्षेत्र में सक्रिय भेड़िये को पकड़ने के लिए वन विभाग माह भर से अधिक समय से सघन सर्च ऑपरेशन चला रहा है। ड्रोन की मदद ली गई, ट्रैप लगाए गए, एक्सपर्ट बुलाए गए, लेकिन आदमखोर भेड़िया पकड़ से बाहर है। इलाके में दिन-रात गश्त के बावजूद वह अब हर दिन आबादी में पहुंचकर हमला कर रहा है।

### वन विभाग की नाकामी पर उठ रहे सवाल

15 दिन के अंदर भेड़िये ने चार बच्चों की जान ले ली है। हर दिन हो रहे हमलों से गांवों में दहशत और गुस्सा दोनों है।

### 32 टीमें तैनात, फिर भी नतीजा शून्य

भेड़िये को पकड़ने के लिए डीएफओ बाराबंकी, गोंडा और श्रावस्ती को जिम्मेदारी दी गई है। वन विभाग की 32 टीमें, एसएसबी, स्थानीय पुलिस, पंचायत विभाग के कर्मचारी, रोजगार सेवक और सफाईकर्मी तक इस अभियान में लगाए गए हैं। इसके बावजूद अब तक कोई नतीजा नहीं निकला।

### ...मार गिराने की अनुमति दी

स्थिति पर काबू पाने के लिए वन विभाग ने राज्य सरकार को पत्र भेजकर मांग की है कि आदमखोर भेड़िये को देखते ही मार गिराने की अनुमति दी जाए। आदेश मिलते ही ऑपरेशन शूट एट साइट चलाया जाएगा। कैसरगंज के रेंजर ओंकार नाथ यादव ने कहा भेड़िये को पकड़ने के लिए हर संभव कोशिश की गई है। स्थिति दिन-प्रतिदिन गंभीर हो रही है। इसीलिए विभाग ने सरकार को पत्र भेजकर शूट आउट की अनुमति मांगी है।

## यूपी में सरयू से संगम तक पदयात्रा करेगी 'आप'

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

आम आदमी पार्टी उत्तर प्रदेश में सरयू से संगम तक पदयात्रा का आयोजन करेगी। यात्रा युवाओं के रोजगार और सामाजिक न्याय के मुद्दे पर की जाएगी। यात्रा की शुरुआत सरयू के तट से सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती 31 अक्तूबर को होगी और 15 नवंबर को संगम के तट पर समाप्त होगी। इसकी जानकारी आप के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने दी। उन्होंने यात्रा में युवाओं से शामिल होने का आह्वान किया है। आप सांसद ने कहा कि प्रदेश में रोजगार एक बड़ा मुद्दा है। युवाओं को रोजगार चाहिए लेकिन सरकार नहीं दे पा रही है। पेपर लीक आम हो गया है। वहीं, जातियों के आधार पर लोगों का उत्पीड़न किया जा रहा है।

# देहरादून में गूंजे 'जेएनयू जैसे आज़ादी के नारे'

- यूकेएसएसएससी पेपर लीक कांड के खिलाफ उग्र प्रदर्शन, टिहरी की जनप्रतिनिधि पर लगे नारे लगाने के आरोप, सीबीआई जांच की मांग तेज

जन एक्सप्रेस। देहरादून

उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की परीक्षाओं में पेपर लीक मामले को लेकर देहरादून के परेड मैदान में चल रहे युवाओं के धरने ने बुधवार को नया मोड़ ले लिया। धरना स्थल पर कथित तौर पर 'छुह जैसे आज़ादी के नारे' लगाए गए, जिसका वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए खुफिया विभाग सतर्क हो गया है।

### टिहरी की जनप्रतिनिधि पर नारे लगाने का आरोप

सूत्रों के अनुसार, टिहरी से आई एक जनप्रतिनिधि ने जब मंच से युवाओं को संबोधित किया, तो इस दौरान आज़ादी के नारे लगाए गए। हालांकि, इन नारों को लेकर आयोजकों ने सफाई दी है कि इनमें कोई देशविरोधी या भड़काऊ बात नहीं थी।



### 2016 जेएनयू विवाद की यादें ताजा

गौरतलब है कि 2016 में दिल्ली स्थित जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय में लगे ऐसे ही नारों ने देशभर में भारी राजनीतिक तूफान खड़ा कर दिया था। देहरादून में गूंजे इन नारों ने एक बार फिर उसी बहस को हवा दे दी है, खासकर तब जब मामला युवाओं की नौकरियों और परीक्षा पारदर्शिता से जुड़ा है।

### सीबीआई जांच की मांग पर अड़े छात्र संगठन

उत्तराखंड बेरोजगार संघ के प्रदेश अध्यक्ष राम कंडवाल ने स्पष्ट कहा कि जब तक पेपर लीक वाली परीक्षा को निरस्त नहीं किया जाता, निष्पक्ष जांच संभव नहीं। उन्होंने एसआईटी जांच पर सवाल खड़े करते हुए कहा कि इस केस की जांच सीबीआई से होनी चाहिए, क्योंकि एसआईटी पर सरकार का दबाव हो सकता है।

### प्रियंका गांधी ने उठाए सवाल

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने भी पेपर लीक पर सरकार को घेरा है। उन्होंने एक्स (पूर्व ट्विटर) पर लिखा, युवाओं की मेहनत पर पानी फिर रहा है और सरकार नकल माफिया पर लगाम नहीं लगा पा रही। यह सिर्फ उत्तराखंड की नहीं, बल्कि पूरे देश की चिंता है। भाजपा शासित राज्यों में बार-बार पेपर लीक क्यों हो रहे हैं?

### राजनीतिक सरगर्मी तेज, सरकार की किरकिरी

इस घटना ने उत्तराखंड सरकार की कार्यप्रणाली पर फिर से सवाल खड़े कर दिए हैं। जहां एक ओर प्रदर्शनकारी पारदर्शिता की मांग कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर वायरल वीडियो और आज़ादी के नारों ने राजनीतिक माहौल को और गर्मा दिया है।

# हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स को 97 तेजस फाइटर जेट का ऑर्डर

- केंद्र ने 62 हजार करोड़ की डील साइन की, आज रिटायर हो रहे मिग-21की जगह लेगा

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

केंद्रीय रक्षा मंत्रालय ने गुरुवार को हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड को भारतीय वायुसेना के लिए 97 मार्क-1ए लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (तेजस फाइटर जेट) बनाने का कॉन्ट्रैक्ट दिया। केंद्र ने HAL के साथ 62,370 करोड़ की डील की है। HAL को तेजस फाइटर जेट के लिए



दूसरी बार ऑर्डर मिला है। इससे पहले, केंद्र ने फरवरी 2021 में 46,898 करोड़ की डील के तहत HAL को 83 मार्क-1ए का ऑर्डर दिया था। इसकी डिलीवरी के लिए कंपनी के पास 2028 तक का समय है। मार्क-1ए एयरक्राफ्ट वायुसेना के मिग-21 के बेड़े को रिप्लेस करेगा। इसे पाकिस्तान बॉर्डर के पास राजस्थान के बीकानेर स्थित नाल एयरबेस पर तैनात करने की योजना है। मिग-21 26 सितंबर को रिटायर हो जाएगा। इसने 62 साल की सर्विस के दौरान 1971 युद्ध, कारगिल और कई बड़े मिशन में अहम भूमिका निभाई। मार्क-1ए में अपग्रेडेड एवियॉनिक्स और रडार सिस्टम केंद्र ने 19 अगस्त को 97 तेजस फाइटर जेट खरीदने के लिए 62 हजार करोड़ के प्रोजेक्ट को हरी झंडी दी थी। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि इस जेट में स्वयं रक्षा कवच और कंट्रोल एक्चुएटर होंगे, जिसमें 64 प्रतिशत से ज्यादा स्वदेशी सामग्री और 67 नए स्वदेशी सामान होंगे। मार्क 1ए, सिंगल इंजन वाले तेजस एयरक्राफ्ट का एडवांस वर्जन है। यह चौथी पीढ़ी का हल्का लड़ाकू विमान है, जो कम वजन के बावजूद बेहद फुर्तीला है। इसमें अपग्रेडेड एवियॉनिक्स और रडार सिस्टम लगे हैं। तेजस मार्क-1ए के 65त्न से ज्यादा उपकरण भारत में बने हैं। तेजस के पुराने वर्जन को HAL ने डेवलप किया है।

# मेरठ-करनाल हाइवे पर बड़ा हादसा, ओवरलोड ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटी, पिता-पुत्र की दर्दनाक मौत

जन एक्सप्रेस। मेरठ

मेरठ-करनाल हाइवे बुधवार रात दर्दनाक हादसे का गवाह बना। गांव गोटका के पास धान की पुआल से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई और पलट गई। इसके नीचे दबकर शामली जिले के थाना झिंझाना निवासी 48 वर्षीय सतीश और उसका 21 वर्षीय बेटा गौरव की मौके पर ही मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसा रात करीब दो बजे हुआ। सतीश ट्रैक्टर-ट्रॉली में धान की पुआल भरकर हरियाणा से सरधना की ओर जा रहा था। गोटका गांव के सामने पहुंचते ही वाहन का संतुलन बिगड़ा और वह पलट गया। अचानक हुई इस दुर्घटना से अफरा-तफरी मच गई। राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी और कुछ देर के लिए हाइवे पर दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। सूचना पर पहुंची सरूरपुर थाना पुलिस ने शवों को बाहर निकालकर उनकी पहचान कराई और परिजनों को खबर दी। सीओ सरधना आशुतोष ने बताया कि दोनों शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए गए हैं। अभी तक परिजनों की ओर से कोई तहरीर नहीं दी गई है। तहरीर मिलने पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी। स्थानीय लोगों ने कहा कि मेरठ-करनाल हाइवे पर ओवरलोड वाहनों की आवाजाही हादसों का बड़ा कारण बन चुकी है। रात के अंधेरे में धान की पुआल से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली और ट्रक बड़ी संख्या में सरधना व आसपास के कस्बों की ओर आते हैं।

# प्रभारी मंत्री ने विकास कार्यों के साथ ही कानून व्यवस्था की स्थिति का लिया जायजा

**जन एक्सप्रेस । हमीरपुर**

कलेक्ट्रेट के डॉ एपीजे अब्दुल कलाम मीटिंग हाल में राज्य मंत्री जलशक्ति प्रभारी मंत्री रामकेश निषाद ने विकास कार्यों और कानून व्यवस्था की स्थिति का लिया जायजा। जायजे के दौरान प्रभारी मंत्री ने उर्वरक की मौजूदगी के साथ ही वितरण, सीएम डैशबोर्ड पर विभागो की वित्तीय और भौतिक प्रगति, विद्युत आपूर्ति, सड़कों की गड्ढामुक्ति, स्वास्थ्य इंतिज़ाम, कानून व्यवस्था, मिशन शक्ति, गौशालाओ के हालात के बारे में डिटेल जानकारी ली गयी। इस मौके पर उन्होने जिम्मेदार को निर्देश देते हुए कहा कि सभी उर्वरक वितरण सैन्ट्रों पर खाद की मौजूदगी रहे और हर किसान को जरूरत के मुताविक खाद मुहय्या करायी जाय। रोस्टर के मुताविक निर्बाध विद्युत सप्लाई तय करायी जाय। त्यौहारों के मद्देनजर ट्रॉसफॉर्मर बिना किसी देरी के रक्खे जाय। विद्युत कर्मी उपभोक्ताओं से किसी भी तरह की बदतमीजी न करें। जिले की चिकित्सा व्यवस्था में जरुरी सुधार किए जाए।

लोकल लेबल पर ही बेहतर इलाज देने की कोशिश की जाये। डॉक्टर बाहर की दवा कतई न लिखें। कोशिश ये रहे कि ज्यादातर जॉचें जिला अस्पताल में ही करायी जायें। गौशाला में गायों का रख रखाव बेहतर तरीके से किया जाय। कोई भी गाय खुली या छुट्टा न दिखें। जिले की कानून व्यवस्था को दुरूस्त रक्खा जाए। मिशन शक्ति अभियान के जरिए सभी कस्बों और ग्रामीण क्षेत्रों में लोगो को जागरूक किया जाए। जरूरतमंद लोगो को सरकारी योजनाओं का फायदा देकर उनका ज्यादा से ज्यादा भला किया जाय।

इस दौरान जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने खास उपलब्धियों के बारे में बताया गया कि सीएम डैशबोर्ड और आईजीआरएस से आई शिकायतों के डिस्पोजल में कई बार उत्कृष्ट जगह हासिल की है। इसी तरह अक्टूबर से चन्द्रावल नदी का सुन्दरीकरण का काम लोगों की मदद से आगे बढ़ाया जाएगा। जिले में अवैध खनन पर रोक लगायी गयी है, जिससे प्रदेश सरकार को सबसे ज्यादा राजस्व हासिल हुआ है। ग्राम पंचायतों को आईएसओ मानक प्रमाण पत्र दिलाने का भी कार्य किया जा रहा है। मैन्यूफैक्चरिंग में जिले को चौथा स्थान तथा ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में जिले को दूसरा स्थान मिला है।




इनवेस्ट यूपी के तहत गेल इंण्डिया लिमिटेड एवं नेवेली लिमिटेड द्वारा रू. 1500 करोड़ की लागत से सोलर पॉवर प्लॉट लगाये जा रहे है। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष जयन्ती राजपूत, विधायक राठ मनीषा अनुरागी पुलिस कप्तान डॉ दीक्षा शर्मा, मुख्य विकास अधिकारी अरूण कुमार सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ गीतम सिंह, अपर जिलाधिकारी विजय शंकर तिवारी, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे सुरेश कुमार, उपजिलाधिकारी सदर केडी शर्मा मौजूद रहे।

# जिला जज, जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने किया मंडल कारागार का निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस । बांदा**




जिला न्यायाधीश देवेन्द्र सिंह, जिलाधिकारी जे0रिभा एवं पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल द्वारा संयुक्त रूप से मंडल कारागार का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कारागार परिसर, बैरकों, रसोईघर, चिकित्सालय, महिला एवं पुरुष बंदियों के वार्ड, सुरक्षा व्यवस्था तथा साफ-सफाई की स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान बंदियों से बातचीत कर उनकी समस्याओं की जानकारी ली गई तथा कारागार प्रशासन को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। यह निर्देश दिया या गया कि बंदियों को नियमानुसार समुचित सुविधाएं प्रदान की जाएं, जैसे कि समय से भोजन, स्वास्थ्य सेवाएं, स्वच्छ पेयजल एवं विधिक सहायता। उ0प्र0 मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा महिला सुरक्षा एवं सशक्तीकरण हेतु चलाए जा रहे **मिशन शक्ति 5.0** अभियान के तहत मंडल कारागार में जिला जज, जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने महिला बैरक में निरुद्ध महिला बंदियों से **शक्ति संवाद** किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य महिला बंदियों को उनकी सुरक्षा,अधिकारों और सशक्तिकरण से जुड़ी योजनाओं की जानकारी देना था।कार्यक्रम के दौरान बंदियों को शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई,जिनमें प्रमुख रूप से महिला हेल्पलाइन 1090,निःशुल्क विधिक सहायता, आपात कालीन पुलिस एवं स्वास्थ्य सेवाएं, कौशल विकास प्रशिक्षण आदि शामिल हैं। साथ ही यह भी बताया गया कि रिहाई के पश्चात वे किन सरकारी योजनाओं का लाभ लेकर आत्मनिर्भर जीवन की दिशा में आगे बढ़ सकती हैं। इस दौरान महिला बंदियों को यह भी बताया गया कि महिला संबंधित किसी भी समस्या की स्थिति में वे किस तरह सहायता प्राप्त कर सकती हैं। इसके अलावा,आत्मरक्षा,मानसिक स्वास्थ्य एवं परिवारिक सहयोग जैसे विषयों पर भी जानकारी दी गई। कार्यक्रम में महिला बंदियों ने भी अपने विचार साझा किए।

अधिकारियों ने उनकी समस्याएं सुनीं और उन्हें शासन द्वारा महिला बंदियों के सशक्तीकरण हेतु संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं एवं कार्यक्रमों के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की।इनमें शिक्षा, स्वास्थ्य, आत्मनिर्भरता के लिए कौशल प्रशिक्षण, मनो-सामाजिक परामर्श, विधिक सहायता तथा पुनर्वास कार्यक्रम प्रमुख रूप से शामिल हैं।

# सीएम युवा योजना में अच्छा कार्य करने वाले प्रबंधकों को प्रदान किया प्रशस्ति पत्र

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी.एन. की अध्यक्षता में गुरुवार को जिला स्तरीय समीक्षा समिति एवं जिला सलाहकार समिति बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। जिसमें जिलाधिकारी ने राष्ट्रीयकृत बैंको के ऋण जमा अनुपात एवं वार्षिक ऋण योजना की प्रगति बैंकवार समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने ऐसे बैंको जिनका ऋण जमा अनुपात 40 प्रतिशत से कम है उसमें सुधार करने हेतु कार्य योजना बनाकर एलडीएम के माध्यम से तीन दिनों में प्रस्तुत किये जाने हेतु निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अन्य बैंक भी ऋण जमा अनुपात में प्रगति लाए। जनपद में कार्यरत प्राईवेट बैंकों द्वारा शासकीय ऋण योजनाओं में सहयोग ना किये जाने रोष व्यक्त करते हुए कहा कि जनपद के विकास में प्राइवेट बैंक भी अपना सहयोग करें। इन बैंकों में ऋण आवेदनों के लंबित रहने पर उच्चाधिकारियों व् शासन को सूचित करने हेतु निर्देश दिए। इसी प्रकार



वार्षिक ऋण योजना की समीक्षा के दौरान कृषि क्षेत्र, उद्योगध् कृषि उद्योग एवं सेवा क्षेत्रो में अधिक से अधिक ऋण स्वीकृत कर सुधार लाए। के0सी0सी0 पशुपालन, जिला उद्योग केन्द्र एवं खादी ग्रामोद्योग, राष्ट्रीय आजिविका मिशन, प्रधानमंत्री स्वानिधि योजना की समीक्षा करते हुए कहा कि सरकार द्वारा संचालित स्वरोजागर हेतु उपरोक्त योजनाओं में बैंक प्राथमिकता के आधार पर सहयोग करते हुए ऋण हेतु भेजे गए आवेदनो की स्वीकृति एवं वितरण करें। जनपद के कृषि क्षेत्र में चिंताजनक स्थिति को देखते हुए उन्होंने टाप 100 चिन्हित बकायेदारों के विरुद्ध अग्रिम वसूली कार्यवाही कराने हेतु निर्देशित किया। इस मौके पर इंडियन बैंक एवं उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक के शाखा प्रबंधकों को सीएम युवा योजना में शाखा के लक्ष पूरे करने में जिलाधिकारी द्वारा प्रशस्ति पत्र भी दिया गया। इस मौके कर मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, एलडीएम अनुराग शर्मा, उपायुक्त उद्योग संदीप केशरवानी, उपायुक्त रोजगार डी सी मिश्र सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी एवं समस्त बैंको के जिला समन्यवक उपस्थित रहें।

# स्वयंसेवी संस्था ने स्वच्छता के प्रति किया जागरूक, बालिकाओं को बांटे पैड

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

भानु प्रभात फाउंडेशन व विकास पथ सेवा संस्थान द्वारा गुरुवार को जिला मुख्यालय स्थित जेएम बालिका इण्टर कॉलिज में मुफ्त सेनेटरी पैड व फ्रूट जूस वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश महिला आयोग की सदस्य प्रतिभा कुशवाहा ने मिशन शक्ति अभियान के पांचवे चरण की थीम सोशल मीडिया कैंपेन के तहत महिलाओं व बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया।

कार्यक्रम का आयोजन कर ट्रस्ट ने प्रोजेक्ट शक्ति की शुरुवात की। इस दौरान उपस्थित बालिकाओं की तुलना महिला आयोग की सदस्य ने नवरात्रि में नौ देवी के स्वरूपों से की। उन्होंने कहा कि लड़की अगर देश को सुरक्षा की बात हो तो रानी लक्ष्मीबाई भी बन सकती है। कहा कि बेटियाँ केवल परिवार की ही नहीं, बल्कि पूरे समाज और राष्ट्र की शक्ति हैं। **नारी शक्ति** के बिना समाज की कल्पना अधूरी है। किशोरियों को चाहिए कि वे शिक्षा, स्वास्थ्य और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ें और अपने सपनों को पूरा करने के लिए साहसपूर्वक प्रयास करें। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि मासिक धर्म से जुड़ी झिझक और संकोच को तोड़ कर भानु प्रभात फाउंडेशन ने जो ऐसा कार्यक्रम आयोजित कर साहसिक काम किया है उसके लिए उनका सहयोग करें तथा स्वच्छता और स्वास्थ्य के विषय में खुलकर चर्चा करनी होगी। उन्होंने छात्राओं से आह्वान किया कि वे आत्मनिर्भर बनें, अपने अधिकारों को जानें और अपनी प्रतिभा से समाज को नई दिशा दें।

भानु प्रभात फाउंडेशन के मुख्य ट्रस्टी भानु प्रताप ने जानकारी दी कि फाउंडेशन **प्रोजेक्ट शक्ति** के अंतर्गत जिले में 5 गाँवों को गोद लेकर वहाँ महिलाओं और किशोरियों के बीच सेनेटरी पैड वितरण एवं जागरूकता कार्यक्रम चलाएगा। ये कार्यक्रम हर माह एक साल तक आयोजित होगा फिर अगले साल दूसरे गांव गोद लेकर वही कार्यक्रम चलाया जाएगा।

# जातिसूचक लफ़्ज़ों से बेइज्जत करने के तीन गुनाहगारों को तीन साल छः महीने की सजा के साथ ही इक्कीस हजार का हुआ जुर्माना

**जन एक्सप्रेस । हमीरपुर**

बिंवार में 14 अप्रैल 2010 को तीन लोगों ने पीड़ित पति पत्नी के साथ पहले तो गाली गलौज की। इसके भी जब उनका मन नहीं भरा, तो उन्हें लाठीडण्डों से बुरी तरह पीट कर जान से मारने की धमकी देने के साथ ही जातिसूचक? लफ़्ज़ों? का इस्तेमाल कर बेइज्जत किया गया था। इस मामले में बिंवार पुलिस ने लल्लू पुत्र टिर्रा, रामचरन पुत्र लल्लू प्रजापति सहित एक महिला के खिलाफ मु0अ0सं0-266/10 धारा-323,504,506 भा0द0सं0 व 3(1)10 एससी/एसटी एक्ट के तहत दर्ज किया गया था, जबकि आपरेशन कन्विक्शन के तहत एससी/एसटी अदालत के स्कालर




जज ने लल्लू पुत्र टिर्रा, रामचरन पुत्र लल्लू प्रजापति सहित महिला को गुनाहगार मानते हुये तीनों मुल्जिमों को तीन साल छै महीने की सजा के साथ ही सात- सात हजार रुपये का जुर्माना सुनाया है। मामले की जांच तत्कालीन सीओ मौदहा दिनेश कुमार त्रिपाठी ने पूरी करने के बाद अदालत में चार्जशीट दाखिल करदी थी। जबकि अभियोजन की तरफ से एडीजीसी विजय सिंह ने पैरवी करते हुये सख्त सजा की मांग की थी।

## तैनाती स्थलों में भेजे जाएं सफाई कर्मी, चालक ही चलाएंगे गाड़ी

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** चालक संघ ने जिले में भर्ती न होने और सफाई कर्मियों से वाहन चलवाने का मुद्दा उठाया है। इस मामले को लेकर संघ के पदाधिकारियों ने ज्ञापन सौंपकर भर्ती कराने की मांग की है। चालक संघ के अध्यक्ष कुलदीप पटेल, अनिल कुमार, महेश कुमार, राजेश यादव, रामकरण, विनोद यादव, उत्तम कुमार आदि ने बांदा चित्रकूट सांसद कृष्णा देवी से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। संघ ने बताया कि लंबे समय से जिले के विभिन्न विभागों में चालकों के पद रिक्त है, किंतु भर्ती नहीं की जा रही है। चालकों का काम सफाई कर्मियों से कराया जा रहा है। जिससे तैनाती स्थलों में सफाई व्यवस्था भी प्रभावित हो रही है और मूल रूप से चालकों के सामने परिवारों का भरण–पोषण की समस्या खड़ी हो गई है। ऐसे में सभी सफाई कर्मियों को उनके तैनाती स्थल में भेजा जाए। साथ ही मूल रूप से चालकों को ही काम का अवसर दिया जाए।

# पंजीकरण कराकर गृह स्वामी पर्यटन विकास के साथ हासिल करें आर्थिक समृद्धि : डीएम

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

बेड एंड ब्रेकफास्ट एवं होमस्टे नीति-2025 के संबंध में गुरुवार को जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता में सभा कक्ष में बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें उन्होंने जनपद के गृहस्वामियों से इस नीति के अंतर्गत पंजीकरण कर उत्तर प्रदेश पर्यटन को बढ़ावा देने की अपील की।

बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि प्रदेश में पर्यटन को नई दिशा देने और स्थानीय समुदाय को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा बेड एंड ब्रेकफास्ट एवं होमस्टे नीति-2025 लागू की गई है।

बताया कि सरकार की इस नीति के माध्यम से न केवल पर्यटकों को स्थानीय जीवन और संस्कृति का निकट से अनुभव मिलेगा, बल्कि ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में रोजगार और आय के नए अवसर भी सृजित होंगे। बताया कि सरकार की इस नीति के तहत कोई भी गृहस्वामी एक से 6 कमरों तक की सुविधा पर्यटकों को उपलब्ध करा सकता है। सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत सभी पंजीकृत होमस्टे एवं बेड एंड ब्रेकफास्ट इकाइयों में सीसीटीवी कैमरे एवं अग्नि सुरक्षा उपकरण अनिवार्य होंगे। बताया कि आवासों का पंजीकरण दो श्रेणियों गोल्ड कैटेगरी व सिल्वर कैटेगरी में होगा। बताया कि इच्छुह गृहस्वामी पूयी टूरिज्म पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्थापित होमस्टे को विशेष बढ़ावा और अतिरिक्त सुविधाएँ प्रदान की जाएंगी। इस नीति से लोककला, परंपराओं और जीवनशैली की स्थानीय संस्कृति के संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही स्थानीय युवाओं, महिलाओं और उद्यमियों के लिए स्वावलंबन के नए अवसर मिलेंगे तथा प्रदेश के पर्यटन स्थलों पर आवागमन बढ़ेगा व आर्थिक गतिविधियों में वृद्धि होगी। उन्होंने सभी इच्छुक गृहस्वामियों, उद्यमियों एवं नागरिकों से अपील की कि वे इस योजना में पंजीकरण कर उत्तर प्रदेश पर्यटन का हिस्सा बनें और प्रदेश की समृद्ध संस्कृति एवं आतिथ्य परंपरा को नई पहचान दिलाने में सहयोग करें।

# बांदा की अंजली ताज यंग कम्युनिटी चैंपियन एवं वर्ल्ड रिकॉर्ड ऑफ़ एक्सीलेंस इंग्लैंड अवार्ड से सम्मानित

**जन एक्सप्रेस । बांदा**

जिले की जानी-मानी समाजसेविका अंजली ताज को दिल्ली स्थित भारत मंडपम और हरियाणा के गोल्डन मोमेंट्स करनाल में आयोजित **निफा** की सिल्वर जुबली समारोह में **यंग कम्युनिटी चैंपियनशिप** एवं **वर्ल्ड रिकॉर्ड ऑफ़ एक्सीलेंस इंग्लैंड** अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह आयोजन चार दिनों तक चला, जिसमें देश-विदेश की अनेक प्रमुख हस्तियों ने हिस्सा लिया।

इस अवसर पर मॉरीशस के राष्ट्रपति धरम गोकुल, इंग्लैंड के गिनीज़ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स के संस्थापक, जापान से मसाया तमका (पैनल थिएटर तकनीक विशेषज्ञ), और हरियाणा विधानसभा के स्पीकर हरविंदर कल्याण जैसे विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे। अंजली ताज को यह




सम्मान समाजसेवा के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए दिया गया। वे नवरीता फाउंडेशन संस्था का संचालन करती हैं, जिसके माध्यम से वे बच्चों को निःशुल्क शिक्षा, स्कूल में दाखिला, महावारी जागरूकता अभियान, पशु संरक्षण, रक्तदान (अब तक छब्बीस बार) और प्लेटलेट दान (एक बार) जैसे कार्य कर चुकी हैं। कोविड-19 काल में उन्होंने समाजहित में घर से दूर रहकर सेवा कार्य किए। इसके अलावा वे पौधारोपण और बुजुर्गों की सेवा जैसे अभियानों में भी सक्रिय रहती हैं।वर्तमान में अंजली ताज विभिन्न विश्वविद्यालयों में बच्चों को इंटर्नशिप का अवसर भी उपलब्ध करा रही हैं। उनके इस समर्पण और सेवा भावना ने जनपद का नाम राष्ट्रीय एवं विश्व स्तर पर रोशन किया है।

## कुपोषण दूर करने के लिए समय से महिलाओं और बच्चों को दें पुष्टाहार : गुप्ता

**चित्रकूट।** आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम की समीक्षा बैठक खण्ड विकास अधिकारी हरिओम गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों की प्रगति का आकलन करते हुए जनहित से जुड़े बिंदुओं पर विशेष चर्चा की गई। बैठक में गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों को पुष्टाहार की समयबद्ध आपूर्ति व वितरण, आंगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण एवं उनमें पेयजल व शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता की समीक्षा की गई। साथ ही विद्यालय कायाकल्प योजना, हर घर नल जल मिशन तथा सामुदायिक भवनों में पेयजल सुविधा की स्थिति पर भी विभागीय अधिकारियों से जानकारी ली गई। इसके साथ ही अधिक से अधिक परिवारों को स्व–सहायता समूह से जोड़ने, किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड उपलब्ध कराने, पीएम किसान सम्मान निधि योजना के लाभार्थियों की स्थिति तथा किसानों को किसान उत्पादक संगठन से जोड़ने की प्रगति पर भी चर्चा हुई।

# मिशन शक्ति अभियान के प्रति डीआईजी और एसपी ने किया जागरूक

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



शारदीय नवरात्रि पर्व के दृष्टिगत जनपद में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के लिए गुरुवार को पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र बांदा राजेश एस ने पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के साथ मिशन शक्ति केन्द्र कोतवाली कर्वी का निरीक्षण किया। साथ ही शहर में पैदल गश्त कर दुर्गा पण्डालों की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

इस दौरान उन्होंने मिशन शक्ति के पांचवे चरण के तहत महिलाओं व बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक भी किया। पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र बांदा राजेश एस ने कोतवाली कर्वी के मिशन शक्ति केन्द्र का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा सम्बन्धितों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने पुलिस बल के साथ कर्वी शहर में पैदल गश्त कर दुर्गा पण्डालों की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। पैदल गस्त के डीआईजी ने दुर्गा पण्डाल आयोजकों से संवाद कर सुरक्षा उपायों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि त्योहारों के दौरान यदि कोई भी व्यक्ति शांति भंग करने का प्रयास करेगा, तो उसके विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी। इसके साथ ही डीआईजी ने महिलाओं व बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करते हुए बताया कि सभी थानों में एक महिला हेल्पडेस्क बनाया गया है, जहाँ पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा महिलाओं की शिकायत सुनी जाती है तथा समय से उनका निस्तारण किया जाता है। उन्होंने महिलाओं व बालिकाओं को सुरक्षा प्रदान करने के लिए चलाए जा रहे हेल्पलाइन नंबरों मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, वीमेन पावर लाइन 1090, वीमेन हेल्पलाइन 181, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशुओं के लिए एम्बुलेंस 102, सामान्य एम्बुलेंस सेवा 108, चाइल्ड लाइन 1098, अग्निशमन सेवा 101, साइबर हेल्पलाइन 1930 आदि की जानकारी देते हुए पंपलेट वितरित किया। साथ ही आवश्यकता पड़ने पर इन हेल्पलाइन नंबरों का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने महिलाओं व बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने क्षेत्र में कार्य करने व शिक्षा ग्रहण करने के लिये प्रेरित किया तथा सोशल मीडिया पर अपनी प्राइवेसी रखते हुये उसका प्रयोग करने की सलाह दी। उन्होंने आम नागरिकों से त्योहार को भाईचारे एवं सद्भाव के साथ मनाने तथा समस्या होने पर तत्काल पुलिस को सूचना देने के लिए कहा।

## स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत सुंदर घाट में हुई सफाई

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जन्म जयंती के अवसर पर गुरुवार को नगर पालिका परिषद चित्रकूटधाम कर्वी द्वारा जिला मुख्यालय के सुंदर घाट में सफाई अभियान चलाया गया। यह कार्यक्रम लोगों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। सफाई अभियान के तहत जिला मुख्यालय के सुंदर घाट में मंदाकिनी व घाट में फैली गंदगी व कचरे को हटाकर उचित निस्तारण किया गया। इस दौरान अधिशासी अधिकारी लालजी यादव ने सुंदर घाट में लोगों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। इसके अलावा मंदाकिनी नदी में हवन सामग्री, माला और अनुपयोगी वस्तुओं को नदी में विसर्जन न करने के लिए लोगों से आग्रह किया गया। साथ ही सफाई अभियान में भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित किया गया। इस मौके पर मंडल कार्यक्रम प्रबंधक धर्म प्रकाश शुक्ला, जिला कार्यक्रम प्रबंधक स्वच्छ भारत मिशन शिवा कुमार, एसएफई कमलाकांत शुक्ला, एलडीएम अनुराग शर्मा, डीपीओ गोपालकृष्ण गुप्ता, सभासद शंकर लाल यादव आदि मौजूद रहे।

# एसपी के निर्देश पर सभी थानों की मिशन शक्ति टीम ने चलाया 'मिशन शक्ति 5.0' जागरूकता अभियान

**जन एक्सप्रेस । बांदा**

मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत थाना तिन्दवारी की मिशन शक्ति टीम द्वारा स्कूलों/कॉलेजों में जाकर छात्राओं को शिक्षा, स्वच्छता, स्वास्थ्य आदि के महत्व एवं शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं एवं कानूनों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। वहीं थाना बिसंडा की मिशन शक्ति टीम द्वारा कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की छात्राओं को थाने का भ्रमण कराकर पुलिस की कार्यप्रणाली को बताया गया साथ ही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं एवं कानूनों के बारे में जानकारी दी गई। थाना नरैनी की मिशन शक्ति टीम द्वारा छात्राओं को शिक्षा, स्वच्छता, स्वास्थ्य आदि के महत्व एवं शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं एवं कानूनों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। थाना कोतवाली नगर की मिशन शक्ति टीम द्वारा स्कूलों/कॉलेजों में जाकर छात्राओं को शिक्षा, स्वच्छता, स्वास्थ्य आदि के महत्व एवं शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं एवं कानूनों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।वहीं थाना फतेहगंज की मिशन शक्ति टीम द्वारा क्षेत्र जाकर महिलाओं को शिक्षा, स्वच्छता, स्वास्थ्य आदि के महत्व एवं शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं एवं कानूनों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। थाना बबेरू की मिशन शक्ति टीम द्वारा छात्राओं को शिक्षा, स्वच्छता, स्वास्थ्य आदि के महत्व एवं शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं एवं कानूनों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।थाना अतर्रा की मिशन शक्ति टीम द्वारा महिलाओं को शिक्षा, स्वच्छता, स्वास्थ्य आदि के महत्व एवं शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं एवं कानूनों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

# मंडलायुक्त की अध्यक्षता में मंडलीय संभागीय परिवहन प्राधिकरण की बैठक सम्पन्न

**जन एक्सप्रेस । बांदा**

बैठक का आयोजन आयुक्त भवन में किया गया जिसमें निम्न बिदुओ पर चर्चा की गई-परमिट प्रतिहस्ताक्षर के प्रकरण पर अध्यक्ष द्वारा वाहन स्वामियों को 01 माह का अन्तिम अवसर प्रदान करते हुए निर्देशित किया गया कि परमिट प्रतिहस्ताक्षर न कराने वाले परमिटधारकों के परमिट निरस्त कर दिये जायेगें, सम्भाग के विभिन्न राष्ट्रीयकृत मार्गो पर स्वीकृत नये स्थायी सवारी गाडी अनुज्ञापत्र प्रार्थना पत्रों से परमिट प्राप्त न करने वाले प्रार्थना पत्रों को निरस्त करने का निर्णय लिया गया। बांदा-बबेरू-कमासिन-राजापुर मार्ग राजापुर से लालता रोड़ तक मार्ग वृद्धि करने का निर्णय लेते हुए बढे हुए मार्ग पर परमिट पर पृष्ठांकन करने का निर्णय लिया गया। ओवरलोड भार वाहनों के प्रति मोटरयान अधिनियम 1988 की धारा 86 की कार्यवाही के अन्तर्गत हल्के वाहनों पर 60 दिन के अन्दर हल्की वाहनों पर रू0 5000/- तथा भारी वाहनों पर रू0 10000/- सहमति धनराशि जमा कराने हेतु नोटिस प्रेषित करने हेतु निर्देश दिया गया।

सहमति राशि जमा न करने वाले प्रकरणों को प्राधिकरण की आगामी बैठक में रखने का निर्णय लिया गया। अराष्ट्रीयकृत मार्गो पर उत्तर प्रदेश राजकीय सेवा परिवाहन



निगम की बसों के संचालन के सम्बन्ध में सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक को निर्देशित किया गया है।बांदा-बबेरू मार्ग पर जिन 17 वाहनों के परमिट जारी किये गये हैं उन्ही वाहनों को संचालित किया जाये,यदि दूसरी बस चलाने की आवश्यकता है तो पृष्ठांकन करा लिया जाये एवं अन्य किसी वाहन को परमिट की आवश्यकता होने पर नवीन परमिट हेतु आवेदन किया जाये,चरखारी से उरई वाया राठ मार्ग पर जारी परमिट संख्या P2023-SC-0076A की जारी समय सारणी पर विवाद के सम्बन्ध में एआरटीओ हमीरपुर से सर्वे कराकर प्राधिकरण की आगामी बैठक में प्रस्तुत किये जाने हेतु निर्देश दिया गया।

स्थायी सवारी गाड़ी अनुज्ञापत्रों के नवीनीकरण हेतु प्राप्त 04 आवेदनों पर इस शर्त के साथ नवीनीकरण की अनुमति दी गयी कि 01 माह के अन्दर अनुज्ञापत्रों पर उच्च मॉडल की वाहन प्रतिस्थापित करा ली जाये, स्थायी अनुज्ञापत्रों के नवीनीकरण न कराये जाने के सम्बन्ध में 02 वर्ष का समय निर्धारित करते हुए नोटिस देकर 02 माह का अन्तिम समय देने के पश्चात वाहन स्वामी परमिट का नवीनीकरण नहीं कराता है।

# लखनऊ एक्सप्रेस

हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस | @janexpressnews | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper | janexpresslive | लखनऊ, शुक्रवार, 26 सितंबर, 2025






### कांग्रेस राज में लूट ही लूट थी...

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को बांसवाड़ा से राजस्थान को 90 हजार करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं की सौगात दी। बांसवाड़ा में एटॉमिक पावर प्लांट का शिलान्यास किया। जोधपुर, बीकानेर में नई वंदे भारत और उदयपुर में एक्सप्रेस ट्रेन को हरी... पढ़ें पेज 12 पर...

# गुरुद्वारा रोड पर बेखौफ अवैध निर्माण

- नोटिस के बाद भी जारी रहा काम, एलडीए ने पुलिस कमिश्नर से मांगी मदद

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

राजधानी में अवैध निर्माण माफिया पर लगाम कसने की कोशिशें लगातार नाकाम होती दिख रही हैं। थाना नाका क्षेत्र के गुरुद्वारा रोड पर चल रहा एक अवैध निर्माण अब प्रशासन और पुलिस की साख पर सवाल खड़े कर रहा है। लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) ने साफ चेतावनी के बाद भी काम न रुकने पर पुलिस आयुक्त को पत्र भेजकर तुरंत कार्रवाई की मांग की है। आम लोगों में यह चर्चा गर्म है कि जब एलडीए और पुलिस की मौजूदगी में भी नियम तोड़े जा रहे हैं, तो आम जनता कानून पर कैसे भरोसा करे?

## बिना अनुमति चल रहा निर्माण

एलडीए की रिपोर्ट में स्पष्ट किया गया है कि भूखण्ड संख्या 80/059, गुरुद्वारा रोड, थाना-नाका पर पवन तिवारी व अन्य द्वारा बिना किसी अनुमति के निर्माण कार्य कराया जा रहा है। इस जमीन पर नक्शा पास कराए बिना उठाए जा रहे ढांचे ने पूरे इलाके में हलचल मचा दी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि खुलेआम हो रही यह मनमानी प्रशासन की लापरवाही को उजागर करती है।



वकीलों का बोर्ड टांगकर चल रहा निर्माण

### एलडीए ने पहले ही थमा दिया था नोटिस

इस मामले में प्राधिकरण ने उत्तर प्रदेश नगर योजना एवं विकास अधिनियम, 1973 की धारा 27(1) और 28(1) के तहत कारण बताओ और काम रोकने का नोटिस पहले ही भेज दिया था। नोटिस में साफ लिखा गया था कि अगर निर्माण तुरंत न रोका गया तो कानूनी कार्रवाई की जाएगी। लेकिन नोटिस का असर सिर्फ कागजों तक ही सीमित रह गया और मौके पर काम बदस्तूर जारी रहा।

### चेतावनी के बाद भी नहीं रुका काम

चौंकाने वाली बात यह है कि एलडीए की चेतावनी और कानूनी कार्रवाई के खतरे के बावजूद निर्माण कार्य बेखौफ तरीके से जारी रहा। इससे साफ है कि निर्माण कराने वालों को प्रशासन का कोई भय नहीं है। स्थानीय निवासियों ने आरोप लगाया कि यह सब मिलीभगत के बिना संभव ही नहीं है, वरना नोटिस मिलने के बाद एक ईंट भी नहीं लगनी चाहिए थी।

### पुलिस आयुक्त को भेजा पत्र

बढ़ते विवाद और आदेशों की अनदेखी पर एलडीए के प्रवर्तन अधिकारी एसपी सिंह ने पुलिस आयुक्त को पत्र भेजकर तत्काल सहयोग की मांग की है। पत्र में कहा गया है कि मौके पर पुलिस बल भेजकर काम रुकवाया जाए और जिम्मेदारों पर सख्त कार्रवाई हो। सूत्रों की मानें तो यह पहला मौका नहीं है जब अवैध निर्माण पर पुलिस से मदद मांगी गई हो, लेकिन कार्रवाई अक्सर अधूरी ही रह जाती है।

### थाना नाका को भी दिए निर्देश

पत्र की एक प्रति थाना नाका प्रभारी को भी भेजी गई है। इसमें स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि पुलिस बल की मदद से निर्माण रुकवाया जाए और इसकी सूचना तुरंत एलडीए को दी जाए। इलाके के लोग अब थाना पुलिस की भूमिका पर नजर गड़ाए बैठे हैं, क्योंकि उनके लिए यह एक अग्नि-परीक्षा जैसा है। सवाल यह है कि पुलिस सख्ती दिखाएगी या फिर मामला रफा-दफा कर दिया जाएगा?

### कानून की खुली धज्जियां

एलडीए सूत्रों के मुताबिक, नोटिस के बाद भी निर्माण जारी रखना कानून की गंभीर अवहेलना है। यह सीधे-सीधे धारा 28(3) का उल्लंघन है। ऐसे मामलों में न केवल निर्माणकर्ता, बल्कि सहयोग देने वाले लोगों पर भी सख्त कार्रवाई की जा सकती है। यह मामला प्रशासनिक इच्छाशक्ति की सबसे बड़ी परीक्षा बन गया है।

### जिम्मेदारों पर गिरेगी गाज

अधिकारियों का कहना है कि ऐसे मामलों में जिम्मेदार व्यक्तियों पर न सिर्फ भारी जुर्माना लगाया जाएगा, बल्कि जेल तक भेजा जा सकता है। एलडीए की तैयारी है कि अगर जल्द ही काम न रुका तो बुलडोजर की कार्रवाई भी की जाएगी। हालांकि, जनता का कहना है कि जब तक कड़ी सजा नहीं होगी, तब तक ऐसे लोग कानून को ठेंगा दिखाते रहेंगे।

### सवालों के घेरे में प्रशासन

स्थानीय लोगों का कहना है कि नोटिस के बावजूद निर्माण जारी रहना इस बात का सबूत है कि अवैध निर्माण माफिया को प्रशासन का डर नहीं है। जनता पूछ रही है कि आखिर जब कानून तोड़ने वालों पर समय रहते कार्रवाई नहीं होती, तो नोटिस जारी करने का फायदा ही क्या? यह लापरवाही आम लोगों के विश्वास को तोड़ रही है।

### कब थमेगा अवैध निर्माण का खेल?

शहर में आए दिन सामने आ रहे अवैध निर्माण के मामलों ने यह बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है कि आखिर कब तक नियमों और आदेशों की धज्जियां यूं ही उड़ती रहेंगी। हर बार कार्रवाई की बातें होती हैं लेकिन हकीकत में निर्माण माफिया और मजबूत होते जा रहे हैं। गुरुद्वारा रोड का यह मामला राजधानी की कानून व्यवस्था और प्रशासनिक ईमानदारी पर बड़ा धब्बा बन चुका है।

# स्वदेशी संकल्प यात्रा में गूंजे नारे छात्राओं और व्यापारियों ने लिया संकल्प



जन एक्सप्रेस | लखनऊ

दूध दही थाली में, पेप्सी-कोला नाली में - जय स्वदेशी, जय-जय स्वदेशी जैसे नारों के साथ रविवार को राजधानी की सड़कों पर स्वदेशी संकल्प यात्रा निकाली गई। अलीगंज स्थित उत्तर प्रदेश कौशल विकास संस्थान में आयोजित संगोष्ठी और यात्रा का शुभारंभ स्वदेशी जागरण मंच के तत्वावधान में हुआ। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री संदीप बंसल ने कहा कि ÷स्वदेशी अब सिर्फ नारा नहीं, बल्कि संकल्प होना चाहिए। इसकी शुरुआत हमें अपने घर से करनी होगी। भारत दूध-दही का देश है, यहां विदेशी पेय पदार्थों की कोई आवश्यकता नहीं।÷ उन्होंने छात्रों और व्यापारियों से हाथ उठाकर स्वदेशी अपनाने का आह्वान किया। स्वदेशी जागरण मंच के क्षेत्र संयोजक अनुपम श्रीवास्तव ने लोगों से ऑनलाइन शॉपिंग छोड़कर स्थानीय बाजारों से खरीदारी करने का संकल्प करवाया। वहीं, लघु उद्योग भारती की प्रदेश उपाध्यक्ष रीता मित्तल और प्रांत संयोजक अमित सिंह ने मातृशक्ति को आगे आकर बच्चों को भी स्वदेशी अपनाने की प्रेरणा देने की बात कही। संगोष्ठी के बाद संकल्प यात्रा अलीगंज से शुरू होकर कपूरथला, डांडिया, महानगर, निशातगंज और आईटी चौराहा होते हुए रामकृष्ण मठ, निरालानगर पर संपन्न हुई। यात्रा में स्वदेशी रथ, दोपहिया और चारपहिया वाहन भी शामिल रहे। पूरे मार्ग में गगनभेदी नारों से वातावरण स्वदेशीमय बना रहा। इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष सुरेश छाबलानी, युवा प्रदेश महामंत्री आकाश गौतम, लखनऊ संयोजक कुलदीप खरे, अवध प्रांत के समन्वयक हर्षवर्धन सिंह, अनिल शुक्ला, ज्योति सिंह, राजीव कक्कड़, एकता अग्रवाल, कमल गुलाटी, अनूप गुप्ता, शरद तिवारी, आनंद अग्रवाल, सचिन कंछल सहित हरदोई, रायबरेली, बाराबंकी और अयोध्या से आए पदाधिकारी मौजूद रहे।

# बॉम्बे अस्पताल सील: प्रशासन का सख्त संदेश

- कानपुर रोड बाईपास का दुबग्गा अस्पताल बिना पंजीकरण चला रहा था इलाज, तुरंत बंद

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

राजधानी के कानपुर रोड बाईपास स्थित दुबग्गा का बॉम्बे हास्पिटल बुधवार को स्वास्थ्य विभाग के कड़े निरीक्षण में फंस गया। जांच में खुलासा हुआ कि अस्पताल का कोई वैध पंजीकरण नहीं था, बावजूद इसके मरीजों का इलाज नियमित रूप से चल रहा था।

## निरीक्षण में हुआ खुलासा

निरीक्षण के दौरान अस्पताल में कोई मरीज भर्ती नहीं था। फिर भी बाहर जाते मरीज और संचालन के संकेत स्पष्ट थे कि अस्पताल नियमित रूप से इलाज कर रहा था। अस्पताल प्रबंधक डॉ. जावेद से पूछताछ की




गई, लेकिन उन्होंने वैध दस्तावेज पेश नहीं कर पाए।

## अधिकारियों ने दी कड़ी चेतावनी

अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि जब तक वैध पंजीकरण नहीं होगा, अस्पताल का संचालन पूरी तरह से रोका रहेगा। अधीक्षक ने बताया कि बेसमेंट में निदान हास्पिटल और भूतल पर बॉम्बे हास्पिटल होने के कारण बाहर जाते मरीज किस अस्पताल से जा रहे थे, यह स्पष्ट नहीं



हो पाया।

## पंजीकरण अभी तक अधूरा

रिकॉर्ड के अनुसार, अस्पताल ने 10 बेड के लिए 5 अगस्त 2025 को आवेदन किया था (एप्लीकेशन नंबर रूक्ष्श्व0238730), लेकिन अभी तक पंजीकरण वैध नहीं हुआ। स्वास्थ्य विभाग ने तत्काल प्रभाव से अस्पताल को बंद कर दिया।

## अधीक्षक काकोरी का बयान

अधीक्षक काकोरी डॉ0 के डी मिश्रा ने कहा, ÷अगर हमारे उच्च अधिकारियों ने किसी भी शिकायत की जांच मुझे दी तो हम किसी भी मायने में गलत का साथ नहीं देंगे।÷ उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि प्रशासन हर हाल में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और सुरक्षा सुनिश्चित करेगा।

### स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता पर प्रशासन की निगरानी

राजधानी में यह कार्रवाई स्वास्थ्य सेवाओं की अनियमितताओं पर प्रशासन की सख्ती को दर्शाती है। अधिकारियों ने कहा कि भविष्य में बिना पंजीकरण चलने वाले किसी भी अस्पताल के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। लखनऊ वासियों के लिए संदेश- स्वास्थ्य सेवाओं की सुरक्षा और गुणवत्ता अब प्रशासन की कड़ी निगरानी में है।

# स्कूटी पर लात मारने वाले लुटेरे का हुआ एनकाउंटर, एक हुआ फरार, व्यवसायी की गई थी जान

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

लखनऊ कमिश्नरेट के जानकीपुरम में गुरुवार तड़के पुलिस ने दौड़ाकर लुटेरे को गोली मारी और बाएं पैर में गोली लगने से लुटेरा बुरी तरह घायल हो गया। पुलिस ने उसे टांगकर गाड़ी में बैठाया और अस्पताल ले गई। इस दौरान उसका हिस्ट्रीशीटर भाई अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। वहीं दोनों ने जानकीपुरम के व्यवसायी अतुल जैन (42) से चेन लूट ली थी और पीछा कर रहे अतुल की स्कूटी पर लात मार दी थी। जिससे वह अनियंत्रित होकर गिर गए थे और उनकी मौत हो गई थी। पुलिस तब से लुटेरों की तलाश कर रही थी। वहीं डीसीपी पूर्वी शशांक सिंह ने बताया कि जानकीपुरम इलाके में संदिग्ध सफेद अपाचे बाइक देखी गई।

# प्रतिवादी पक्ष की समीक्षा: विधि शिक्षा में मूट कोर्ट की अनिवार्यता पर विशेष कार्यशाला

- टी. एस. मिश्रा लॉ स्कूल में छात्रों को कानूनी अभ्यास की बारीकियाँ सिखाने हेतु आयोजन

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

टी. एस. मिश्रा लॉ स्कूल में एक दिवसीय विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य विधि छात्रों को मूट कोर्ट प्रतियोगिताओं के माध्यम से व्यावहारिक कानूनी शिक्षा प्रदान करना था। इस कार्यक्रम में प्रतिभागियों को मूट कोर्ट की प्रक्रिया, केस विश्लेषण, मेमोरियल निर्माण और मौखिक प्रस्तुतिकरण की गहराई से जानकारी दी गई।

## अनुभव और अभ्यास का संगम

कार्यशाला में मुख्य वक्ता छवि मिश्रा और डॉ. प्रतीक त्रिपाठी (असिस्टेंट प्रोफेसर) ने मूट कोर्ट की शैक्षणिक महत्ता को स्पष्ट करते हुए बताया कि यह न केवल कानून की समझ विकसित करता है, बल्कि छात्रों में तर्कशक्ति, कानूनी लेखन एवं प्रस्तुतीकरण कौशल को भी प्रखर करता है।डॉ. त्रिपाठी ने अपने व्यावसायिक अनुभवों को साझा करते हुए विद्यार्थियों को मूट कोर्ट प्रतियोगिताओं में रणनीति, केस लॉ का सही चयन और प्रभावी तर्क प्रस्तुत करने के गुर सिखाए।मूल मुद्दों की पहचान और कानूनी संदर्भों का अभ्यास कार्यशाला में छात्रों को यह सिखाया गया कि कैसे वे किसी भी कानूनी विवाद में मुख्य मुद्दों की पहचान करें, उचित तर्क विकसित करें, प्रामाणिक केस लॉ और साइटेशन का उपयोग करें और कोर्ट रूम के शिष्टाचार का पालन करते हुए अपनी बात को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करें।



### डीन डॉ. सी. पी. सिंह का संदेश प्रतिवादी पक्ष की समीक्षा अनिवार्य

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रोफेसर डॉ. सी. पी. सिंह (डीन, टी. एस. मिश्रा लॉ स्कूल) ने छात्रों को मूट कोर्ट की भूमिका की गंभीरता को समझाते हुए कहा कि,किसी भी मूट कोर्ट प्रतियोगिता में प्रतिवादी पक्ष की समीक्षा करना न केवल एक अभ्यास है, बल्कि न्यायिक प्रक्रिया को गहराई से समझने का साधन भी है।卐उन्होंने छात्रों को इस प्रकार की प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने और विधि शिक्षा के हर पहलू को गंभीरता से लेने के लिए प्रेरित किया।

### छात्रों में दिखा उत्साह, मिली नई दिशा

कार्यशाला के अंत में छात्रों ने मूट कोर्ट के विभिन्न पक्षों के प्रति उत्साह दिखाया और यह माना कि इस प्रकार के आयोजन उन्हें अपने करियर को मजबूत दिशा देने में सहायक सिद्ध होंगे।

# काकोरी मोड़ से सनसनीखेज खुलासा: राजनीतिज्ञों के साथ तस्वीरें लेकर दबंगई-सरकारी जमीन पर कब्जे और ब्लैकमेल की आशंका

- राजनीतिक हस्तियों के साथ फोटो बनाकर दहशत फैलाना

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

काकोरी मोड़ पर कारोबारी सुरेन्द्र पाल (या सुरेन्द्र कुमार सिंह के नाम से प्रचलित) के खिलाफ स्थानीय लोगों और छोटे व्यापारियों में भारी आक्रोश है। आरोप है कि वह बार-बार बड़े नेताओं, जाने-माने बीजेपी चेहरों और चर्चित नेताओं के साथ हाथ पकड़कर, गुलदस्ता थामते और गले लगकर तस्वीरें खिंचवाते हैं। इन तस्वीरों को वह सोशल मीडिया और अन्य प्लेटफॉर्म पर लगातार वायरल कर सार्वजनिक रूप से दिखाते हैं ताकि नागरिकों, प्रशासनिक अधिकारियों और प्रतिद्वंद्वियों पर दबाव बनाया जा सके। स्थानीय व्यापारी बताते हैं कि फोटो दिखाकर वह लोगों व अधिकारियों को डराते-धमकाते और कभी-कभी ब्लैकमेल करने तक की कोशिश करते हैं- जिससे इलाके में भय का माहौल बन गया है।

## धमकियों के सहारे मजबूत होता कब्जा

स्थानीय शिकायतकर्ताओं का कहना है कि सुरेन्द्र पाल ने सरकारी गाटा संख्याओं 1289, 696, 693, 692 और 1279 पर अवैध कब्जा कर रखा है। आरोप है कि कब्जे की कार्रवाई रोकने के लिए उन्होंने पत्रकारों, वकीलों और प्रभावित व्यापारियों का एक ऐसा नेटवर्क तैयार कर रखा है जो खुलेआम बाहुबलियों और सत्ता-संबंधियों के संरक्षण का दावा करता है। इससे सरकारी जमीन पर अतिक्रमण की शिकायतें दबी हुई हैं और कानून की प्रक्रिया पर खुलकर सवाल उठ रहे हैं। प्रभावित परिवारों ने जिले के उच्च अधिकारियों और कानून व्यवस्था की नाकामी की ओर भी लोगों का ध्यान खींचा है।



सरकारी जमीन पर आलीशान बंगले का चल रहा निर्माण





### स्थानीयों की मांग: त्वरित जांच और सख्त कार्रवाई

प्रभावित लोगों ने तत्काल तफ्तीश और अतिक्रमण के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि सिर्फ सोशल मीडिया पोस्ट से किसी की छवि बिगाड़ने की बात अलग है, पर जब वही पोस्ट सरकारी ज़मीन पर अवैध कब्जे और धमकियों के औजार बन जाएं तो प्रशासन को हस्तक्षेप करना चाहिए। स्थानीयों ने जिलाधिकारी और पुलिस प्रशासन से सवाल किया है कि कब तक फोटो-शो और दबाव के सहारे लोगों की जमीनें हथिया कर रखी जाएँगी। उन्होंने कहा कि आरोपी का नेटवर्क इतना मजबूत है कि सामान्य शिकायतकर्ता बिना सुरक्षा के आगे नहीं आ पाते।

### प्रशासन की चुप्पी पर प्रश्नचिन्ह, बयान देने से परहेज़

इस मुद्दे पर जिलाधिकारी और स्थानीय पुलिस से संपर्क करने की कई बार कोशिश की गई, पर अब तक कोई ठोस बयान या कार्रवाई सामने नहीं आई। स्थानीय असरदार स्रोतों ने दावा किया है कि शिकायतें दर्ज हों तो भी राजनीतिक दबाव और प्रभावित लोगों के संपर्कों के कारण कार्रवाई रुकी-रुकी रहती है। प्रशासन द्वारा स्पष्टीकरण न मिलने और शिकायतों पर धीमी प्रतिक्रिया से आम लोगों में विश्वास कम हुआ है और न्यायिक प्रक्रिया पर प्रश्न उठ रहे हैं।

### पत्रकारों, वकीलों और व्यापारियों के गठजोड़ पर शक

स्थानीय समुदाय में यह भी आरोप हैं कि कुछ पत्रकारों, वकीलों और व्यापारियों का गठजोड़ आरोपियों के पक्ष में सक्रिय रहा है ताकि वे अपने कब्जे और प्रभाव को वैधता का आभास दे सकें। इससे न सिर्फ न्याय की प्रक्रिया प्रभावित होती है बल्कि भ्रष्ट प्रवृत्तियों को भी बल मिलता है। समझना जरूरी है कि किसी भी क्षेत्र में कानून और व्यवस्था तभी सुरक्षित रहती है जब सामाजिक प्रतिष्ठा राजनीतिक संपर्कों से ऊपर रखी जाए।

## सोशल मीडिया पर रौब झाड़ना-दबदबा बनाए रखना

स्थानीयों ने बताया कि इन तस्वीरों को सोशल मीडिया पर बार-बार पोस्ट कर के, कथित तौर पर सुरेन्द्र पाल और उनके साथियों का उद्देश्य सिर्फ पहचान बनाना ही नहीं रहा – बल्कि प्रशासनिक अधिकारियों और प्रतिद्वंद्वियों को सार्वजनिक रूप से अपमानित कर उनकी कार्यप्रणाली पर दबाव बनाना भी रहा है। फोटो में दिखने वाले कुछ राजनीतिक चेहरे समय-समय पर उनसे दूरी भी दिखाते रहे हैं, परन्तु तस्वीरों का लगातार उपयोग एक तरह की सामूहिक सत्ताधारी छवि गढ़ने में सहायक रहा है। इससे छोटे व्यापारी व आम नागरिक डर के साये में रहने लगे हैं और कई ने अपनी शिकायतें दबानी शुरू कर दी हैं।

### जनता का आक्रोश और राज्य के प्रति भरोसा घटने का खतरा

इस तरह के घटनाक्रमों से जनता में प्रशासन और सरकार के प्रति भरोसा कम होता जा रहा है। अगर सत्ता-संबंधी तस्वीरों और सोशल मीडिया के सहारे दबदबा बनाकर जमीनें कब्जाई जा रही हैं तो इससे छोटे कारोबारियों, किसानों और आम नागरिकों के अधिकारों पर सीधा आघात होता है। स्थानीयों ने चेतावनी दी है कि किसी भी दिन शांतिपूर्ण विरोध आंदोलन तेज हो सकता है अगर शिकायतों पर शीघ्र और पारदर्शी कार्रवाई नहीं हुई।

### सुरेन्द्र पाल (या सुरेन्द्र कुमार सिंह) आखिर कब छोड़ेगे कब्जा?

इस पूरे घटनाक्रम की सबसे बड़ी पहेली यही है जब तक प्रशासन सख्ती नहीं दिखाता, तब तक वही 'बड़ा आदमी' होने का तमगा और फोटो-शो से बने दबदबे का फायदा उठाकर कब्जा बनाए रखेगा। स्थानीयों का स्पष्ट संदेश है- जवाबदेही की जानी चाहिए, अतिक्रमण हटाना चाहिए और ब्लैकमेलिंग के आरोपों की स्वतंत्र जांच होनी चाहिए। हमारी रिपोर्ट प्रशासन और संबंधित राजनीतिक हस्तियों से बयान लेने की कोशिश का उल्लेख करती है जवाब नहीं मिला। जन एक्सप्रेस पढ़ने वाले समाज से सवाल यही उठता है- क्या सत्ता के साथ खिंचवाई तस्वीरों से बड़ी बने 'बाहुबली' कानून से ऊपर रहेंगे, या इंसाफ की गूँज इन गलियारों तक पहुंचेगी?

# राज्यपाल की प्रेरणा से 5100 कन्याओं का पूजन



- बेटियों को दें अच्छी शिक्षा और संस्कार: आनंदी बेन

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने कहा कि देश में बेटियों के लिए अनेक कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं, जिनसे वे लगातार आगे बढ़ रही हैं। माता-पिता को जागरूक कर बेटियों को अच्छी शिक्षा और संस्कार देना आवश्यक है, क्योंकि यही बेटियां भविष्य में मातृत्व के रूप में समाज को सशक्त और संस्कारवान नागरिक प्रदान करती हैं। आनंदीबेन पटेल की प्रेरणा से राजभवन, लखनऊ में 5100 कन्याओं का पूजन कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। यह आयोजन प्रेरणा संस्था के सौजन्य से किया गया। इस अवसर पर 100 बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर से सुरक्षा प्रदान करने हेतु निःशुल्क एचपीवी टीकाकरण भी किया गया। इस पहल का उद्देश्य बालिकाओं के स्वास्थ्य की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। प्रेरणा संस्था द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में राज्यपाल ने कहा कि इतनी बड़ी संख्या में बालिकाओं के राजभवन में आगमन ने राजभवन के गौरव को और बढ़ाया है। जनता के सहयोग से राजभवन द्वारा अनेक कार्य किए गए हैं। 50 हजार से अधिक आंगनबाड़ी केंद्रों को सुविधा संपन्न बनाया गया है। महिलाओं में बढ़ते सर्वाइकल कैंसर पर चिंता व्यक्त करते हुए राज्यपाल जी ने कहा कि गरीब परिवार एचपीवी वैक्सीन का खर्च नहीं उठा पाते, इसलिए राजभवन ने समाज के सहयोग से विशेष अभियान चलाकर 50,000 से अधिक बच्चियों को निःशुल्क वैक्सीन उपलब्ध कराई है, जिसमें विश्वविद्यालयों ने भी सहयोग किया है। इस अभियान से बालिकाओं को दीर्घकालिक लाभ हो रहा है।

### नारी को शक्ति का स्वरूप माना गया

इस अवसर पर महासचिव, श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र अयोध्या श्री चंपत राय ने कहा कि राजभवन एक अनूठा स्थान बन चुका है, जहाँ भारतीय परंपराओं की रक्षा के कार्यक्रम देखने को मिलते हैं। उन्होंने कहा कि यहाँ सुरक्षा की अनेक चुनौतियाँ रहती हैं, परंतु उन सबके बीच इस प्रकार के आयोजन समाज को प्रेरणा देते हैं। उन्होंने कहा कि 'माँ' शब्द स्वयं में पूजनीय है और आज बालिकाओं का पूजन उसी स्वरूप की आराधना है। क्षेत्र प्रचारक, पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र श्री अनिल कुमार ने कहा कि संपूर्ण विश्व में भारत ही ऐसा देश है, जहाँ नारी को शक्ति का स्वरूप माना गया है और उनकी पूजा की जाती है। सनातन परंपरा में स्त्री को सर्वोच्च स्थान प्राप्त है। उन्होंने कहा कि नारी का संरक्षण, शिक्षा और सशक्तिकरण केवल परिवार की ही नहीं, बल्कि पूरे समाज की जिम्मेदारी है। इस अवसर पर प्रांत प्रचारक कौशल जी, संयोजक प्रशांत भाटिया,राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव, सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# मिशन शक्ति 5.0 के तहत आशा कार्यकत्रियों की जागरूकता रैली को डीएम ने दिखाई हरी झंडी

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**



जिले में महिलाओं के सशक्तिकरण और सुरक्षा को लेकर मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत गुरुवार को आशा कार्यकत्रियों की जागरूकता रैली निकाली गई। रैली का शुभारंभ जिलाधिकारी राकेश चौहान ने सीएमओ कार्यालय गौरीगंज से हरी झंडी दिखाकर किया। इस अवसर पर सीएमओ डॉ.अंशुमान सिंह, एसीएमओ पी के उपाध्याय सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। रैली का मार्ग सीएमओ कार्यालय से शुरू होकर हनुमान तिराहा और एसपी कार्यालय होते हुए वापस सीएमओ कार्यालय पर समाप्त हुआ। जिलाधिकारी ने बताया कि मिशन शक्ति का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर और सुरक्षित बनाना है। इस अभियान के जरिए महिलाओं को शासन की योजनाओं और सुरक्षा उपायों के बारे में जानकारी दी जा रही है,ताकि वे समाज के हर क्षेत्र में आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ सकें। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा सिंगल विंडो सिस्टम के माध्यम से महिलाओं को विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सरल और पारदर्शी ढंग से उपलब्ध कराया जा रहा है। सीएमओ ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग की ओर से आशा कार्यकर्ता घर-घर जाकर महिलाओं और किशोरियों को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी देने के साथ-साथ मिशन शक्ति अभियान के बारे में भी जागरूक करेंगी। उन्होंने बताया कि यह विशेष अभियान दो अक्टूबर तक जिले के शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में चलाया जा रहा है। अधिकारियों का कहना है कि इस रैली का उद्देश्य केवल महिलाओं को योजनाओं की जानकारी देना ही नहीं, बल्कि उनमें आत्म विश्वास जगाना भी है। पुलिस, स्वास्थ्य विभाग और गृह विभाग मिलकर जन जागरूकता की श्रृंखला चला रहे हैं। रैली में शामिल आशा कार्यकर्ताओं ने महिला सशक्तिकरण से जुड़े संदेशों के नारे लगाए और लोगों से जागरूक होने की अपील की। जिले भर में चल रहे इस अभियान से उम्मीद की जा रही है कि महिलाएं सुरक्षा, स्वास्थ्य, शिक्षा और स्वावलंबन की दिशा में और अधिक सशक्त होंगी।

## क्लास रूम में आराम फरमाती हैं मैडम, वीडियो वायरल

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** वर्तमान समय में प्रदेश सरकार के द्वारा **मिशन शक्ति अभियान** चलाकर महिलाओं, युवतियों व छात्राओं को जागरूक करने का काम किया जा रहा है। ताकि सरकार द्वारा पूर्व से चलाए जा रहे **महिला सशक्तिकरण अभियान** को और अधिक मजबूती दी जा सके। साथ ही साथ सरकार ने विभिन्न विभागों को आदेश दिया गया है कि वह बेसिक शिक्षा विभाग के परिषदीय विद्यालयों में पढ़ने वाली छात्राओं को एक दिन के लिए खंड विकास अधिकारी, खंड शिक्षा अधिकारी, थाना प्रभारी तथा अन्य संवैधानिक पदों की जिम्मेदारी प्रदान कर उन्हें सशक्त एवं स्वावलंबी बनाने का कार्य करें। जिससे छात्राओं को समाज के प्रति जागरूक एवं सशक्त बनाया जा सके। परंतु विकासखंड क्षेत्र के एक सरकारी विद्यालय का एक ऐसा वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें विद्यालय में तैनात अध्यापिका के द्वारा **मिशन शक्ति अभियान** की धज्जियां उड़ाते हुए देखा जा सकता है।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय जयंती पर 'एकात्म मानववाद' पर विमर्श

**जन एक्सप्रेस । गौरीगंज, अमेठी**



बृहस्पतिवार को भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय गौरीगंज में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती श्रद्धा और वैचारिक गहराई के साथ मनाई गई। इस अवसर पर आयोजित गोष्ठी **'एकात्म मानववाद'** की प्रेरणा से ओतप्रोत रही। मुख्य अतिथि वरिष्ठ विचारक एवं भाजपा नेता सीता शरण त्रिपाठी ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का चिंतन व्यक्ति को केवल शरीर, मन और बुद्धि तक सीमित नहीं रखता, बल्कि आत्मा तक उसका आलोक करता है। एकात्म मानववाद भारत की आत्मा की पुकार है। जिला अध्यक्ष सुधांशु शुक्ला ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि पंडित दीनदयाल ने राजनीति को सेवा का पर्याय बनाया। उनका जीवन राष्ट्र के लिए तपस्या था और उनके विचार हर कार्यकर्ता के लिए पथप्रदर्शक बने रहेंगे। गोष्ठी में कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने पंडित उपाध्याय के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। वक्ताओं ने उनके जीवन-दर्शन, भारतीय संस्कृति से जुड़ी विचारधारा और आत्मनिर्भर भारत की संकल्पना पर चर्चा की। कार्यक्रम का वातावरण राष्ट्रभक्ति और वैचारिक ऊर्जा से सराबोर रहा। गोष्ठी का संचालन भवानी दत्त दीक्षित ने किया। प्रवक्ता चन्द्रमौलि सिंह ने जानकारी दी कि कार्यक्रम में केशव सिंह, विषुव मिश्रा, अतुल शुक्ला, प्रभात शुक्ला, मनोज जायसवाल, मनोज पासी, निमिषा त्रिपाठी, अजय सिंह गौर, रामगोपाल कौशल, अभिषेक कौशिक, सूर्य नारायण तिवारी, जयशंकर त्रिवेदी मुन्ना सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# संजय गांधी अस्पताल पर हार्ट पेशेंट की मौत के बाद भी रूपये वसूले जाने का आरोप

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**




जनपद में मुंशीगंज स्थित संजय गांधी अस्पताल एक बार फिर विवादों के घेरे में आ गया है। बुधवार देर शाम हृदय रोग का इलाज कराने आए18 वर्षीय कपिल की इलाज के दौरान मौत हो गई। मौत के बाद परिजनों ने अस्पताल प्रशासन पर गंभीर लापरवाही और भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया। परिजनों का आरोप है कि कपिल की मौत होने के बावजूद अस्पताल प्रबंधन ने उनसे इलाज के नाम पर रुपये वसूले।

इस आरोप से गुस्साए परिजनों और स्थानीय लोगों ने अस्पताल परिसर में शोर-शराबा किया और अस्पताल प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। देखते ही देखते स्थिति बिगड़ गई तथा तनाव फैलने लगा। मामले की गंभीरता को देखते हुए कई थानों की पुलिस फोर्स को मौके पर बुलाया गया। पुलिस ने करीब चार घंटे की मशक्कत के बाद हालात पर काबू पाया और आक्रोशित लोगों को शांत कराया। घटना की जानकारी मिलते ही स्वास्थ्य विभाग भी हरकत में आया।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अंशुमान सिंह ने मामले की जांच के लिए चार सदस्यीय टीम गठित कर दी है।इस टीम में एसीएमओ पी.के. उपाध्याय, एसीएमओ राम प्रसाद, एनेस्थेसिस्ट डॉ.अभय गोयल और सर्जन डॉ.रमेश कुमार को शामिल किया गया है। टीम को तीन दिन के भीतर अपनी रिपोर्ट सौंपने के निर्देश दिए गए हैं। सीएमओ ने कहा कि जांच रिपोर्ट आने के बाद दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

गौरतलब है कि गांधी परिवार से जुड़ा यह अस्पताल पहले भी विवादों में रहा है। करीब दो साल पहले पथरी के इलाज के दौरान एक महिला की मौत हो गई थी, जिसके बाद प्रशासन ने अस्पताल को सील कर दिया था। हालांकि हाईकोर्ट के आदेश पर इसे दोबारा खोला गया।लगातार उठते सवालों और ताजा घटना ने एक बार फिर अस्पताल की कार्यप्रणाली पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़े कर दिए हैं।

## जिला शिक्षा अनुश्रवण समिति की बैठक आयोजित

**बलरामपुर।** बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में डीएम पवन अग्रवाल की अध्यक्षता में जिला शिक्षा अनुश्रवण समिति की बैठक आयोजित गयी। जिसमें डीएम ने बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की।

उन्होंने बेसिक शिक्षा विभाग में निर्माणाधीन कस्तूरबा गांधी एवं निर्माणाधीन कार्यों में तेजी लाए जाने, समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से कार्य पूर्ण किए जाने का निर्देश दिया। इसके साथ ही उन्होंने शत प्रतिशत छात्रों एवं अभिभावकों को आधार वेरिफिकेशन, समेकित शिक्षा के तहत विशेष आवश्यकता वाले सभी बच्चों को शिक्षा प्रदान किए जाने, प्राइवेट विद्यालयों में आरटीई के तहत एडमिशन सुनिश्चित किए जाने सहित अन्य आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि विद्यालयों में छात्रों को बेहतर शिक्षण प्रदान किया जाए, ऑपरेशन कायाकल्प के तहत संतृप्त विद्यालयों का मानक मेंटेन रखे जाने, एमडीएम की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखे जाने का निर्देश दिया।

# पीएनबी बैंक मैनेजर करोड़ों रुपए गबन के आरोप में सहयोगी के साथ गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**



जनपद बलरामपुर पुलिस ने गुरुवार को धोखाधड़ी का बड़ा खुलासा करते हुए बलरामपुर पुलिस ने थाना कोतवाली नगर क्षेत्रांतर्गत पंजाब नेशनल बैंक के तत्कालीन शाखा प्रबंधक द्वारा एक व्यक्ति के मिलीभगत से उसके खाते मे 12 करोड़ 03 लाख 37 हजार रुपए गलत तरीके से लोन करके सरकारी धन का गबन करने वाले वाले शाखा प्रबंधक व 01 अन्य अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने 25 सितंबर को बताया कि चीफ मैनेजर पंजाब नेशनल बैंक सर्किल आफिस जनपद अयोध्या द्वारा शिकायत की गई कि पंजाब नेशनल बैंक के नहर बालागंज ब्रांच मे पाए गए लोन अनियमितता की विभागीय जांच में दोषी पाए जाने पर थाना कोतवाली नगर बलरामपुर पर दिनांक 15 अगस्त 2025 को एक शिकायती प्रार्थना पत्र दिया कि महेश त्रिपाठी (शाखा प्रबंधक पी.एन.बी बैंक नहर बालागंज बलरामपुर) पुत्र राम आधार त्रिपाठी निवासी लखनऊ तथा 08 अन्य (सहायक बैंक कर्मी व अन्य सहयोगी) द्वारा बिना सक्षम अधिकारी के अनुमति के फर्जी व कूटरचित दस्तावेज तैयार कर विभिन्न लोन खाते खोल कर जालसाजी करके बैंक शाखा से 525.184 लाख रुपये गबन कर लेने के संबंध में दिया गया। लिखित तहरीर के आधार पर थाना कोतवाली नगर पर महेश त्रिपाठी (वरिष्ट शाखा प्रबंधक), विनय कुमार शर्मा (अधिकारी शाखा कार्यालय), सन्तोष गुप्ता (अधिकारी शाखा कार्यालय), यशवंत कुमार (कैश बीओ), पूनम सिंह (पीएसपी कन्ट्रक्शंस), वैभव सिंह (पीएसपी कन्ट्रक्शंस), समरजीत सिंह (पीएसपी कन्ट्रक्शंस) व अन्य के नाम सुसंगत गंभीर धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया। उन्होंने बताया कि मुकदमा से संबंधित अभियुक्त महेश त्रिपाठी वरिष्ट शाखा प्रबंधक व समरजीत सिंह पीएसपी कन्ट्रक्शंस को 25 सितंबर 2025 को प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली नगर सुधीर सिंह व उनकी पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों को न्यायालय रवाना किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों से पूंछताछ की गई तो प्रकाश में आया कि महेश त्रिपाठी तत्कालीन शाखा प्रबंधक नहर बालागंज द्वारा अपने सह अभियुक्त समरजीत सिंह से मिलीभगत करके गलत तरीके से अलग अलग समय पर फर्जी लोन खाता बनाकर लगभग 46 लोन धारकों के 08 करोड़ 09 लाख 87 हजार रुपए व 40 अदद मुद्रा लोन के खातों का 03 करोड़ 93 लाख 50 हजार रुपए का गबन किया गया। इस तरह कुल 12 करोड़ 03 लाख 37 हजार रुपए आनलाइन ट्रांजेक्शन व कैश के माध्यम से समरजीत की कंपनी पीएसपी कंश्ट्रक्शन कंपनी को पैसे दिए गए ।गिरफ्तारी करने वाले पुलिस टीम में प्रभारी निरी0 सुधीर सिंह, उ0नि0 सुनील कुमार, उ0नि0 लव कुमार, कां0 रवि कुमार, कां0 पूजा भारती तथा कां0 विनय कुमार शामिल थे।

## सशस्त्र सीमा बल 50वीं वाहिनी ने चलाया स्वच्छता अभियान

**बलरामपुर।** जनपद बलरामपुर के इंडो नेपाल सीमा पर तैनात 50 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल द्वारा गुरुवार को स्वच्छता ही सेवा-2025 के अंतर्गत स्वच्छता अभियान चलाकर लोगों को जागरूक किया गया । जानकारी के अनुसार 25 सितंबर को 50 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल बलरामपुर संजय कुमार कमांडेंट के निर्देशानुसार स्वच्छता ही सेवा-2025 के अंतर्गत स्वच्छता का कार्यक्रम बस स्टैंड बलरामपुर में आयोजित किया गया । वाहिनी के अधिकारियों एवं अधीनस्थ अधिकारियों व कार्मिको एवं बस स्टैंड बलरामपुर डिपो के सभी कर्मचारियों द्वारा साथ में मिलकर बस स्टैंड बलरामपुर की साफ सफाई किया गया । बस स्टैंड की सफाई करके स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक किया गया।

# आयुष्मान भारत में लगातार पांचवीं बार अव्वल रहा महामाया राजकीय मेडिकल कॉलेज

**जन एक्सप्रेस । अम्बेडकर नगर**



भारत सरकार के आयुष्मान भारत मिशन के तहत पात्र रोगियों को पांच लाख रूपए तक के मुफ्त इलाज उपलब्ध कराने के क्रम में भारत सरकार की महत्त्वाकांक्षी योजना को सफल बनाते हुए महामाया राजकीय मेडिकल कालेज ने बड़ी उपलब्धि दर्ज की। मंगलवार को चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में महामाया राजकीय मेडिकल कॉलेज को आयुष्मान भारत के द्वारा जिले में सर्वाधिक मरीजों को निशुल्क सुविधा उपलब्ध कराने हेतू प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि धर्म राज निषाद विधायक कटेहरी के द्वारा मुख्य चिकित्सा अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक एवम् अन्य गणमान्य लोगों की उपस्थित में यह प्रशस्ति पत्र मेडिकल कॉलेज से आयुष्मान भारत के नोडल डॉ संजय आर्या सह आचार्य दंत रोग ने प्राप्त किया।

इस उपलब्धि पर प्रधानाचार्य डॉ मुकेश यादव ने डॉ संजय आर्या को सम्मानित करते हुए समस्त क्लिनिकल विभाग के चिकित्सकों के सतत प्रयास की सराहना की। आपको बताते चले की मेडिकल कॉलेज से मेडिसिन विभाग, अस्थि रोग विभाग और नेत्र रोग रोग विभाग आयुष्मान भारत के द्वारा मरीजों के निशुल्क ईलाज करने में क्रमशः पहले दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे।

## मिशन शक्ति के तहत एक दिन की थाना प्रभारी बनी छात्रा

**जन एक्सप्रेस । अम्बेडकरनगर**

जनपद में मिशन शक्ति फेज-5.0 के तहत जिले में छात्राओं को आत्मनिर्भर और जागरूक बनाने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। डॉ. गणेश कृष्ण जेटली इंटर कॉलेज, शहजादपुर अकबरपुर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी हरेंद्र कुमार ने छात्राओं को महिला सुरक्षा से जुड़े हेल्पलाइन नंबर, आपातकालीन पुलिस सेवा और अन्य उपयोगी संपर्कों की जानकारी दी। उन्होंने आत्मरक्षा, साइबर सुरक्षा और कानूनी अधिकारों पर विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि ÷महिलाओं और छात्राओं की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

मिशन शक्ति का उद्देश्य है कि हर

# केन्द्रीय विद्यालय में अग्नि सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम संपन्न

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**



जिला मुख्यालय गौरीगंज-अमेठी रोड ताला भीटा पर स्थित केन्द्रीय विद्यालय में बृहस्पतिवार को अग्नि सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस अवसर पर फायर स्टेशन अधिकारी शिवदरस प्रसाद ने विद्यार्थियों को आग लगने की स्थिति में सतर्क रहने एवं बचाव के विभिन्न उपायों की विस्तृत जानकारी दी।उन्होंने विद्यार्थियों को आग बुझाने के उपकरणों के सही प्रयोग,प्राथमिक उपचार तथा आपातकालीन स्थिति में अपनाए जाने वाले व्यवहारिक उपायों से अवगत कराया।

कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य कपिल देव मिश्र ने अपने संबोधन में कहा कि अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूकता प्रत्येक नागरिक के लिए अनिवार्य है।और इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यार्थियों में सुरक्षा संबंधी सजगता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।इस अवसर पर एफ.एम. महेश मिश्र,अमित कुमार,उत्तम पाण्डेय रणजीत यादव सहित विद्यालय के सभी शिक्षक एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों ने प्रश्न पूछकर अपनी जिज्ञासाओं का समाधान भी किया।विद्यालय परिवार ने फायर विभाग के अधिकारियों का आभार व्यक्त किया और भविष्य में भी ऐसे उपयोगी कार्यक्रमों के आयोजन की अपेक्षा जताई।

# देहात मंडल के स्वच्छता अभियान में पूर्व सांसद हुए शामिल

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**



जनपद बलरामपुर के पूर्व सांसद दद्दन मिश्र ने गुरुवार को अन्त्योदय के प्रणेता पंडित दीन दयाल उपाध्याय की जयंती अवसर पर बलरामपुर देहात मंडल के बूथ संख्या 44 ग्राम पंचायत सिंगाही के काली माता मंदिर पर दर्शन कर स्वच्छता अभियान में भाग लिया। उन्होंने श्रमदान करके पौधरोपण किया तथा स्वच्छता व पर्यावरण संतुलन का संदेश दिया।

जानकारी के अनुसार 25 सितंबर को पूर्व सांसद दद्दन मिश्र ने कहा कि पंडित दीन दयाल उपाध्याय ने समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के उत्थान हेतु कार्य किया था। आज केन्द्र व प्रदेश सरकार उनके सपनों को साकार कर रही है। पूर्व सांसद दद्दन मिश्र ने पंडित दीन दयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि पं दीन दयाल उपाध्याय का जीवन एकात्म मानव वाद के लिए समर्पित है। उन्होंने हमेशा समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के उत्थान के बारे में सोचते थे और उसके बारे में प्रयास करते थे। आज उनके सपनों का भारत बनाने का काम भाजपा सरकार कर रही है। उन्होंने जीएसटी स्लैब में हुए बदलाव और उसके फायदे के बारे में भी लोगों को जानकारी दी। कहा कि जीएसटी दरों में बदलाव से व्यापारियों और उपभोक्ताओं दोनों को लाभ मिलेगा। यह मोदी सरकार का ऐतिहासिक फैसला है, जिससे हर वर्ग को फायदा मिलेगा। उन्होंने मंदिर परिसर में साफ-सफाई कर स्वच्छता व एक पेड़ मां के नाम लगाकर पर्यावरण संतुलन का भी संदेश दिया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष वीरेन्द्र पाठक, बूथ अध्यक्ष पाटेश्वरी प्रसाद मौर्या, प्रधान सत्य प्रकाश शुक्ल, भानू तिवारी, शक्ति केन्द्र संयोजक पप्पू शुक्ल सहित भारी संख्या पार्टी कार्यकर्ता मौजूद थे।

## सीएमएस स्कूल किया गया में सितार वादन कार्यक्रम का आयोजन

**बलरामपुर।** जनपद में उत्तर प्रदेश संस्कृति मंत्रालय, भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय एवं स्पिक मैके के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को सिटी मांटेसरी इंटर कॉलेज में सितार वादन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रख्यात सितार वादक पंडित शुभेन्दु राव के सितार की धुनों पर सभी झूम उठे। जानकारी के अनुसार 25 सितंबर को आयोजित सितार वादन कार्यक्रम का शुभारंभ सितार वादक पंडित शुभेंदु राव, तबला वादक जहीन खान, स्पिक मैके के देवीपाटन व बस्ती मंडल के ग्रुप कोऑर्डिनेटर लेफ्टिनेंट (डॉ) देवेन्द्र कुमार चौहान व सिटी मांटेसरी इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य केपी यादव ने दीप प्रज्वलित एवं मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण करके किया। सितार वादक पंडित शुभेन्दु राव ने राग बैरागी तोड़ी से कार्यक्रम की शुरुआत की। सर्वप्रथम उन्होंने प्रारंभ जोड़ व झाला के साथ विलंबित ताल व तीन ताल लयबद्ध प्रस्तुति दी। सितार की सुरीली धुन पर श्रोतागण झूम उठे।

# एनएसएस के स्थापना दिवस पर गोष्ठी एवं स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**



जनपद बलरामपुर के एमएलके पीजी कॉलेज में बुधवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के स्थापना दिवस अवसर पर स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जानकारी के अनुसार 24 सितंबर को प्राचार्य प्रो. जेपी पांडेय के निर्देशानुसार तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के सरोजनी नायडू इकाई, कल्पना चावला इकाई व डॉ.कलाम इकाई के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ रमेश कुमार शुक्ल, डॉ अनामिका सिंह तथा डॉ जितेन्द्र कुमार के संयोजकत्व में, महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्थापन दिवस अवर पर **स्वच्छता ही सेवा अभियान** (17/09/2025- 02/10/2025) आयोजित कार्यक्रम के अंतर्गत संगोष्ठी तथा महाविद्यालय कैंपस में साफ सफाई के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ वैदिक मंगलाचरण, सरस्वती वंदना तथा दीप प्रज्वलन से हुआ। दीप प्रज्वलन प्राचार्य प्रो. जे.पी. पांडेय ने किया। वैदिक मंगलाचरण तथा सरस्वती वंदना जया, मेनका, तथा अक्षरा ने प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम के प्रारंभ में सरोजनी नायडू इकाई के कार्यक्रमाधिकारी डॉ रमेश कुमार शुक्ल ने एनएसएस की स्थापना के उद्देश्य के बारे में स्वयं सेवक तथा स्वयं सेविकाओं को संक्षिप्त में जानकारी देते हुए कहा कि एनएसएस की स्थापना 24 सितंबर 1969 को भारत सरकार के युवा एवं खेल मंत्रालय द्वारा महात्मा गांधी के जयंती के उपलक्ष्य में किया गया था। जिसका उद्देश्य गांधी जी के आदर्शों पर चलने के लिए प्रेरित करना है। एनएसएस का प्रतीक कोणार्क का पहिया है जिसमें आठ तीलियां है, जो चौबीस घंटे सेवा के लिए तत्परता का प्रतिनिधित्व करती हैं।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य प्रो. जे पी पांडेय ने कहा कि छात्र-छात्राओं में समाज के प्रति सेवा भावना जगाना, उनके व्यक्तित्व व चरित्र का विकास करना और उन्हें सामुदायिक सेवा के माध्यम से समाज की आवश्यकताओं को समझने तथा समाधान में योगदान देने के लिए प्रोत्साहित करना है। कार्यक्रम को प्राधिकारी डॉ अनामिका सिंह तथा डॉ जितेन्द्र भट्ट ने संबोधित करते हुए कहा कि एनएसएस स्वैच्छिक सामुदायिक सेवा के माध्यम से छात्रों के व्यक्तित्व और चरित्र को संवारता है। कार्यक्रम में छात्र छात्रों में प्रमुख रूप से दीपिका, संध्या, अंशिका, अनिमेष व विजय ने अपने विचार व्यक्त किए। साथ ही **स्वच्छता ही सेवा है** विषय पर संगोष्ठी की गई तथा महाविद्यालय एवं आस पास के सार्वजनिक स्थानों पर साफ सफाई की गई। इस अवसर पर सैकड़ों छात्र छात्राओं के साथ प्राध्यापकों में डॉ बी एल गुप्ता, डॉ अभय नाथ ठाकुर, डॉ दिनेश तिवारी, डॉ ए. के.दीक्षित, शिवम सिंह व आर्य तिवारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया।

# ससुराल में पत्नी बेटे से मिलने गए युवक की संदीप परिस्थितियों में हुई मौत

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर





कल्याणपुर में 4 महीने से मायके में रह रही पत्नी और बच्चे से मिलने गई युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई पर जिन्होंने पत्नी पर अवैध संबंध के चलते हत्या करने का आरोप लगाया है बताया की शादी के बाद से ही पत्नी अक्सर किसी से फोन पर बातचीत करती थी जिसको लेकर उसका पति से विवाद होता था। युवक के गले और पीठ में चोट के निशान थे परिजनों ने हत्या का आरोप लगाकर हंगामा किया मौके पर पहुंचे पुलिस ससुराली जनों को हिरासत में लेकर शव को पोस्टमार्टम भेज दिया है। बिठूर क्षेत्र के मंधाना निवासी रामनारायण ने बताया उनके तीन बेटे राजेश कुमार सूरज और सरवन गौतम 23 व दो बेटियां हैं सरवन टाइल्स मिस्त्री था और 2022 में उसकी गोवा गार्डन देवी सहाय नगर निवासी काजल उर्फ अन्नू के साथ शादी हुई थी दोनों का एक ढाई साल का बेटा सूर्यांश है चचेरे भाई शैलेश ने बताया की शादी के कुछ दिन बाद से ही अनु में के जाने की जिद करती थी जिस कारण सरवन का उसे अक्सर विवाद होता था। बीते 4 महीने से अनु अपने मायके में रह रही थी सरवन उसे घर आने को कहता था तो वह मना कर देती थी बड़े भाई सूरज ने बताया कि कुछ समय पहले सरवन ने अनु को किसी अन्य युवक से फोन पर बात करते हुए सुन लिया था जिसके बाद दोनों के बीच काफी विवाद हुआ था शैलेश ने बताया कल शाम करीब 8:00 बजे सरवन पत्नी और बेटे से मिलने के लिए ?5000 लेकर ससुराल गया था जिसके बाद वापस नहीं आया। पत्नी ने फोन पर दी मौत की जानकारी।

सूरज ने बताया कि आज सुबह अनु ने फोन कर सरवन की मौत की जानकारी दी है

वहीं पार्जन के साथ मौके पर पहुंचे तो सरवन के गले और पीठ में चोट के निशान मिले हैं और सरवन का फोन भी गायब मिला है सूरज ने आरोप लगाया है कि भाई के पास अनु की कई रिकॉर्डिंग थी जिस कारण उसने फोन गायब कर दिया है। कल देर रात 11:00 बजे सरवन शराब पीकर आया था विवाद के कारण उन्होंने दरवाजा नहीं खोला है सुबह पड़ोसियों ने घर के सामने खड़े ई रिक्शा में सरवन का शव पड़े होने की जानकारी दी थी। मौके पर फील्ड यूनिट को भेज कर जांच कराया गया है।

## बिल्हौर में दीनदयाल जयंती पर श्रद्धांजलि और आयुष्मान कार्ड शिविर

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

बिल्हौर। पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर बिल्हौर नगर मंडल के सभी बूथों पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें याद किया गया।साथ ही मंडल कार्यालय में आयुष्मान कार्ड शिविर का आयोजन हुआ। उद्घाटन फीता भाजपा कानपुर ग्रामीण के महामंत्री डॉ. राजेंद्र कटियार ने काटा।कार्यक्रम में कुल 24 कार्ड बनाए गए, जिनका लाभ स्थानीय नागरिकों ने उठाया।इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं सौरभ शर्मा, ऋषि नारायण गुप्ता, रामकुमार राठौर, राम प्रकाश, संजीव गुप्ता, रामचंद्र कुशवाह, हरिओम राजपूत, अशोक चंद्र तिवारी, रोहित सैनी और अभिषेक गुप्ता सहित कई लोग मौजूद रहे।कार्यक्रम ने श्रद्धांजलि और सेवा का संदेश लोगों तक पहुंचाया, जिससे दीनदयाल उपाध्याय के विचारों की याद ताजा हुई।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर विचार गोष्ठी का हुआ आयोज

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर



बिठूर। बिठूर विधानसभा स्थित चकरपुर में बीते दिन भारतीय जनता पार्टी कानपुर ग्रामीण द्वारा विधायक अभिजीत सिंह सांगा के संयोजन में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के अवसर पर विचार गोष्ठी का आयोजन हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में मिश्रिख लोकसभा सांसद अशोक रावत और जिले के कई गणमान्य नेता उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के चित्र पर माल्यार्पण कर और दीप प्रज्वलित कर हुआ कार्यक्रम संयोजक विधायक अभिजीत सिंह सांगा ने अपने संबोधन में कहा कि पंडित दीन दयाल उपाध्याय के विचारों को साथ लेकर केंद्र और प्रदेश सरकार विकास के लिए प्रतिबद्ध है।

एक समय था जब प्रदेश में बिजली कुछ जिलों तक ही सीमित हुआ करती थी लेकिन आज जितनी बिजली योगी आदित्यनाथ के ग्रह क्षेत्र में आ रही है उतनी ही बिजली कानपुर के गावो में आ रही है सरकार के द्वारा बिना भेदभाव के आयुष्मान कार्ड धारकों का निशुल्क उपचार अच्छे अस्पतालों में हो रहा है।

आज उत्तर प्रदेश में सबसे ज्यादा एक्सप्रेस वे सबसे ज्यादा एयरपोर्ट सबसे ज्यादा मेट्रो वाला शहर उत्तर प्रदेश बन चुका है।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद अशोक रावत ने अपने संबोधन में कहा कि सरकार ने सबके हितों को ध्यान में रखते हुए आवश्यक वस्तुओं में जीएसटी कम कर के आम लोगों की बचत का मार्ग प्रशस्त किया है और माननीय प्रधान मंत्री जी के आव्हान के कारण आम जन मानस आज स्वदेशी अपनाकर देश को मजबूत कर रहा है आज भारत आत्मनिर्भर भारत बनने की ओर अग्रसर है यही कारण है कि दुनिया के तमाम शक्तिशाली देश भारत को विश्वगुरु मानकर देख रहे है।

कार्यक्रम का समापन जिलाध्यक्ष उपेंद्र पासवान के संबोधन के उपरांत हुआ। इस अवसर पर प्रमुख रूप से जिला पंचायत अध्यक्ष स्वप्निल वरुण,जिला प्रभारी राधे श्याम पांडेय पवन प्रताप सिंह, संदीप बाजपेई, गोविंद कुशवाहा, श्याम सिंह चौहान, भूपेंद्र सिंह, समरजीत सिंह, संजय पासवान, तिलक चौहान, समरजीत सिंह रहे और संचालन पुष्कर शुक्ला ने किया।

# सीएम के निर्देश पर बाढ़ पीडितो को बचाने का व्यापक स्तर पर चल रहा कार्य: मयंकेश्वर शरण सिंह

जन एक्सप्रेस। सीतापुर

राज्यमंत्री, संसदीय कार्य, चिकित्सा शिक्षा, चिकित्सा, स्वास्थ्य, परिवार कल्याण तथा मातृ एवं शिशु कल्याण विभाग, उत्तर प्रदेश प्रभारी मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह एवं . कारागार राज्यमंत्री सुरेश राही द्वारा तहसील लहरपुर क्षेत्रांतर्गत संविलयित विद्यालय बरेती में आयोजित कार्यक्रम के दौरान बाढ़ पीड़ितों को शासन द्वारा विभिन्न मदों में अनुमन्य राहत राशि एवं बाढ़ राहत सामग्री वितरित की गयी। उन्होंने सरोजिनी देवी, पम्मी देवी, रामा, ममता देवी, रामशारदा, अर्पित, सुशील, सचिन, शिवा, देवदत्त और लवकुश को राहत किट का वितरण किया। मोहिनी पत्नी रामचेत को दैवीय आपदा के अन्तर्गत अहेतुक सहायता (ग्रह अनुदान) रु0 एक लाख बीस हजार की सहायता राशि का वितरण किया गया। इसके साथ ही कृषि निवेश योजना 2025-26 के अंतर्गत फसल नुकसान की अनुग्रह राशि से सूर्यकली, कमला, जमुना देवी, राधिका, रामरानी, फूलमती, रामपती, श्यामदेवी आदि को लाभान्वित किया गया।? ?इस अवसर पर अपने संबोधन में माननीय प्रभारी मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री के कुशल नेतृत्व एवं निर्देशन में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत एवं बचाव कार्यों का व्यापक स्तर पर संचालन किया जा रहा है। सरकार हमेशा पीड़ितों के साथ है और उनकी समस्याओं का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करना हम सभी की प्राथमिकता है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन द्वारा संचालित सभी योजनाओं का लाभ पात्रों को पूर्ण पारदर्शिता के साथ समय से उपलब्ध कराया जाये। बाढ़ राहत योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और बाढ़ से बचाव हेतु नियमानुसार कार्ययोजनाएं प्रस्तुत करने के निर्देश भी संबंधित अधिकारियों को दिए।? ?इस अवसर पर माननीय कारागार राज्यमंत्री सुरेश राही ने क्षेत्र में बाढ़ से बचाव के सम्बन्ध में विस्तारपूर्वक चर्चा की। उन्होंने क्षेत्र की समस्याओं के विषय में भी प्रभारी मंत्री को अवगत कराया, जिस पर त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश माननीय प्रभारी मंत्री ने सभी सम्बंधित अधिकारियों को दिए।? इस दौरान जिलाधिकारी अभिषेक आनंद, पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल, अपर जिलाधिकारी नीतीश कुमार सिंह, उपजिलाधिकारी लहरपुर आकांक्षा गौतम, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 सुरेश कुमार सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### 10वीं की छात्रा बनी थाना प्रभारी

**जन एक्सप्रेस। सीतापुर। रामपुर मथुरा।** थाना रामपुर मथुरा परिसर में रानी सरस्वती विद्या मंदिर, रामपुर मथुरा की छात्राओं को आमंत्रित किया गया। बालिकाओं को निडर एवम् आत्मविश्वास से परिपूर्ण बनाने के उद्देश्य से 'कक्षा 10 की छात्राओं 1.सुश्री अंजनी यादव पुत्री संतोष यादव नि0 ग्राम तुतहीपुर थाना रामपुर मथुरा सीतापुर को थाना प्रभारी एवम् 2.सुश्री अनिका पुत्री बंदूराम नि.ग्राम रामपुर मथुरा सीतापुर को मिशन शक्ति केंद्र का प्रभारी बनाया गया। थाना प्रभारी महोदया सुश्री अंजनी यादव व प्रभारी मिशन शक्ति केंद्र सुश्री अनिका उपरोक्त को सर्वप्रथम थाना परिसर का भ्रमण कराते हुए थाना व मिशन शक्ति केंद्र के कार्यों एवम् केंद्र की स्थापना के उद्देश्य के विषय में जानकारी दी गयी। तत्पश्चात् थाना प्रभारी महोदया सुश्री अंजनी उपरोक्त द्वारा अपने कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान आये दो फरियादियों की समस्याओं को सुना एवम् संबंधित को शीघ्र यथोचित निस्तारण के निर्देश दिये।

# बैड़ी गांव में श्रीमद्भागवत कथा भक्तों ने भक्ति रस का अनुभव किया



जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

बैड़ीअलीपुर गांव के शिव मंदिर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा महोत्सव का आज तीसरा दिन रहा। आचार्य राहुल मिश्रा जी महाराज ने अपने रसपूर्ण वर्णन से हजारों श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। उनके साथ कथा में सहयोगी रूप में व्यास आर्यन द्विवेदी भी मौजूद रहे।

कथा की शुरुआत मंगलाचरण और वैदिक मंत्रोच्चार से हुई, जिसने पूरा वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। प्रमुख प्रसंग, महाराज ने महाभारत कालीन महारानी कुन्ती के वचन को साझा किया – विपत्तिः सन्तु नः शश्वत। विपत्ति में भी भक्ति का महत्व स्पष्ट हुआ। कथा में राजा परीक्षित के जन्म और गर्भस्थ शिशु को अश्वत्थामा के ब्रह्मास्त्र से बचाने हेतु भगवान श्रीकृष्ण द्वारा प्रदान किए गए दैवीय कवच का अद्भुत वर्णन किया गया। श्रोतागण इस प्रसंग को सुनकर स्तब्ध रह गए।

श्रद्धालुओं की उपस्थिति, हजारों भक्तों ने कथा श्रवण कर अपने हृदय को आनंदित किया। गदनपुर चोरसा प्रधान धीरेंद्र सिंह ने कथा व्यास को माल्यार्पण और अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। कथा के अंत में प्रसाद वितरण हुआ, जिसे सभी ने कृतार्थता के साथ ग्रहण किया।

पावन माहौल, बैड़ी गांव में हरिनाम संकीर्तन और श्रद्धालुओं की भावमग्न उपस्थिति ने माहौल को और भी पावन बना दिया। उपस्थित श्रद्धालुओं में भगवती सिंह चौहान, राजू यादव, रमेश बाबू शर्मा, अविरल शुक्ला, संदीप शर्मा, जय नारायण शर्मा, पुत्तन शर्मा आदि उपस्थित रहे।सच ही कहा गया है– कथा श्रवणं पुण्यं, भक्ति मार्गस्य साधनम्।

# दीनदयाल जयंती पर बिल्हौर में निकली प्रभात फेरी, अधिकारियों ने थामी झाड़ू और दिया स्वच्छता संदेश





जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

पंडित दीनदयाल उपाध्याय जयंती पर बिल्हौर में स्वच्छता पखवाड़े के तहत प्रभात फेरी और सफाई अभियान का आयोजन हुआ। उप जिलाधिकारी संजीव कुमार दीक्षित, अधिशासी अधिकारी अंजनी मिश्रा, नगर पालिका अध्यक्ष इकलाख खां और थाना प्रभारी अशोक कुमार सरोज ने संयुक्त रूप से झाड़ू लगाकर अभियान की शुरुआत की।प्रभात फेरी में नगर पालिका के सभासद, कर्मचारी और पुलिसकर्मी शामिल हुए। इस दौरान गूंजा संदेश–स्वच्छ भारत, स्वच्छ प्रदेश, स्वच्छ गांव। नागरिकों से अपील की गई कि गली-गली और घर-घर सफाई को रोजमर्रा की आदत बनाएं।अधिशासी अधिकारी अंजनी मिश्रा और पालिका अध्यक्ष इकलाख खां ने कहा कि स्वच्छता हर नागरिक की जिम्मेदारी है। वहीं मंडल प्रबंधक पलक शर्मा ने बताया कि स्वच्छता से ही स्वस्थ समाज और सशक्त राष्ट्र का निर्माण होगा। कार्यक्रम के अंत में अधिकारियों और कर्मचारियों ने संकल्प लिया कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के आदर्शों पर चलते हुए समाज में स्वच्छता की अलख जगाई जाएगी।

# सचिव मुंशी की जोड़ी ने ग्राम पंचायत को किया कंगाल

जन एक्सप्रेस। सीतापुर

बिसवां। विकास खण्ड बिसवां में तैनात सचिवों के अजब-गजब कारनामे लगातार सामने आ रहे हैं। जिम्मेदारों के संरक्षण में सचिव खुलेआम ग्राम निधि की धनराशि का बंदरबांट कर रहे हैं। सरकार की मंशा भ्रष्टाचार मुक्त व्यवस्था व पारदर्शी विकास कार्यों की है, लेकिन सचिवदृप्रधान की सांठगांठ और प्राइवेट मुंशियों की मिलीभगत ने योजनाओं को पलीता लगा दिया है।

### पुरैनी ग्राम पंचायत में परिजनों को भुगतान

ग्राम पंचायत पुरैनी में भी सचिव और प्रधान गयादीन ने शासनादेशों की धज्जियां उड़ाते हुए प्रधान के परिजनों के नाम लाखों रुपये का भुगतान किया।

- भतीजे रंजीत पुत्र बराती को 60,000
- भतीजे रामलखन पुत्र रामसरन को 1,04,571
- भाई की पत्नी मंजू पत्नी बराती को 32,170
- सगे भाई सोहन पुत्र अयोध्या को 1,46,725
- भाई रामसरन पुत्र अयोध्या को 7,130
- भाभी विद्यावती पत्नी रामसरन को 30,771

कुल मिलाकर लाखों रुपये ग्राम निधि से निकालकर अपने परिवार के खातों में डाले गए।

### अधिकारियों ने साधी चुप्पी

जब इस संबंध में एडीओ पंचायत राजेश श्रीवास्तव से जानकारी मांगी गई तो उन्होंने केवल इतना कहाकृष्दिखवाते हैं।

### ऑनलाइन पारदर्शिता पर भी फर्जीवाड़ा

शासन ने आदेश दिए थे कि ग्राम पंचायतों में कराए गए कार्यों को ऑनलाइन प्रदर्शित किया जाए ताकि लागत और पारदर्शिता दोनों स्पष्ट रहें। परंतु हकीकत यह है कि सचिव राजकुमार अपने उत्तरदायित्व भूलकर प्राइवेट लोगों से काम करवा रहे हैं। सूत्रों के अनुसार, राजकुमार ने पंकज नामक युवक को न केवल कार्य में लगाया है बल्कि वित्तीय जिम्मेदारियां भी सौंप दी हैं। यही पंकज मनमाने ढंग से भुगतान कर सरकारी धन का दुरुपयोग कर रहा है।राजकुमार के पास भदेसिया, गेरुवा माफी, कमुवा, कंदुनी, कोरासा, न्योराजपुर, बन्नीघुरैन, बन्नीराय व टिकरा समेत करीब डेढ़ दर्जन ग्राम पंचायतों का चार्ज है। इनमें ज्यादातर जगह पंकज के जरिए ही फर्जीवाड़ा कराया जा रहा है।

### मोबाइल फोन की खरीद में भी हेरफेर

ग्राम पंचायत बन्नी घुरैन में सचिव राजकुमार और मुंशी पंकज ने प्रधान से मिलीभगत कर मोबाइल फोन किवं खरीद की और ष्माँ वैष्णो मोबाइल बिसवांष् के नाम पर 22,999 रुपये का भुगतान कर दिया। जबकि ऑनलाइन अपलोड किए गए बिल में मोबाइल की कीमत मात्र 17,999 रुपये दर्ज है।

इस तरह 5,000 रुपये का अतिरिक्त भुगतान कर सरकारी धन की बंदरबांट की गई।

मुंशी पंकज ने बताया कि फोन खरीदा गया है लेकिन बिल कम का बना था फिर मैंने दूसरा फोन ले लिया जिस कारण थोड़ा सा महंगा पड़ गया तभी बिल से अधिक का भुगतान कर दिया था जिससे कि मुझे भी 2 हजार रुपये मिल गए थे।

### चौबेपुर में महिला का मकान ढहा, दो लोगों पर आरोप – पुलिस पर भी उठे सवाल

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर।** चौबेपुर थाना क्षेत्र के ग्राम जुरावरपुर में एक महिला का पक्का मकान गिरने से हड़कंप मच गया है। पीड़िता ने गांव के दो लोगों पर मकान गिराने का आरोप लगाया है। शिकायत में कहा गया है कि थाना पुलिस ने भी रिपोर्ट दर्ज करने से इनकार कर दिया।

पीड़िता मोनी पत्नी सोनू का कहना है कि 7 सितम्बर को राधेश्याम उर्फ दरोगा और अमित कुमार पुत्र प्रकाश उसके मकान की नींव के पास मिट्टी खोद रहे थे। रोकने पर दोनों ने गाली–गलौज और जान से मारने की धमकी दी। अगले ही दिन 8 सितम्बर को पूरा मकान जमींदोज हो गया और घर का सामान मलबे में दब गया।महिला का आरोप है कि वह परिवार सहित अब छप्पर डालकर रहने को मजबूर है। पीड़िता ने बताया कि चौबेपुर थाने में शिकायत करने पर आरोपियों को कुछ देर हिरासत में लिया गया, मगर बाद में छोड़ दिया गया। पुलिस ने यह कहकर मामला टाल दिया कि मकान बरसात में गिरा है।पीड़िता का आरोप है कि न तो एफआईआर दर्ज हुई और न ही कोई कार्रवाई। अब उसने पुलिस आयुक्त से न्याय की गुहार लगाई है।

## एक्सप्रेस खबरें...

### उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र हुए पुरस्कृत

**जन एक्सप्रेस। सीतापुर।** रामपुर मथुरा। कस्बा स्थित रानी सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में विद्या भारती द्वारा आयोजित जनपदीय क्रीड़ा प्रतियोगिता कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र विकास, रवि, अनुज वर्मा, आरुष अनय राजवंशी, शहरूम, सूरज बाजपेई, नितिन मौर्य, दिलीप को पुरस्कृत करते हुए इनके अभिभावकों को भी प्रधानाचार्य मनोज कुमार सिंह ने अंगवस्त्र भेंट कर शुभकामनाएं दी तथा क्रीड़ा प्रभारी सुनील कुमार गुप्ता को भी उनके कुशल नेतृत्व के लिए प्रधानाचार्य ने पुरस्कृत किया।अपने उद्बोधन मे प्रधानाचार्य मनोज कुमार सिंह ने कहा कि बच्चों को खेल खिलाने से शारीरिक बिकास के साथ साथ मानसिक बिकास भी होता होता है।

### नरना में हैण्डपम्प मरम्मत में खेला गया बड़ा खेल

**जन एक्सप्रेस। सीतापुर।** बेहट। विकास खण्ड बेहटा की ग्राम पंचायत नरना में सचिव और प्रधान ने फर्म संचालक हनीफ प्लम्बर से मिलीभगत कर सरकारी धन का गबन किया। हैण्डपम्प मरम्मत और रिबोर के नाम पर फर्जी बिल बनवाकर भुगतान किए गए। इस पूरे खेल में सचिव, प्रधान और फर्म संचालक की बराबर की हिस्सेदारी रही। इस संबंध में एडीओ पंचायत हंसराज ने बताया कि वित्तीय अनियमितताओं के चलते सचिव को आज ही निलंबित कर दिया गया है। अब सबकी निगाहें इस पर टिकी हैं कि भ्रष्टाचार में बराबर की हिस्सेदारी रखने वाले प्रधान और फर्म संचालक पर कब कार्रवाई होगी। '

### थानाध्यक्ष ने दी हेल्पलाइन नम्बरों के बारे में महिलाओं को जानकारी

**जन एक्सप्रेस। सीतापुर।** रेउसा। रेउसा चैराहे पर स्थित हनुमान मंदिर में मिशन शक्ति 5 के तहत महिलाओं और बालिकाओं को सरकार द्वारा चलाई जा रहे टोल फ्री नंबर जैसे 1090,102,112,181,1098,108, आदि नंबरों के बारे में थाना अध्यक्ष हनुमंत लाल तिवारी के द्वारा जानकारी दी गई उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाई गई विभिन्न योजनाओं के बारे में भी विस्तार पूर्वक बताया गया जैसे कन्या धन योजना उज्ज्वला योजना वृद्धा पेंशन योजना मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना रानी लक्ष्मीबाई योजना आदि योजनाओं के बारे में बताया गया और घरेलू हिंसा के बारे में भी महिलाओं व बालिकाओं को जागरूक किया गया उक्त गोष्ठी में थाना अध्यक्ष श्री हनुमंत लाल तिवारी उपनिरीक्षक राजेश निषाद महिला कांस्टेबल सुषमा शर्मा शिल्पा विश्वकर्मा कर्मचारी गण व करीब सैकड़ो महिलाएं व बालिकाएं आदि उपस्थित रही

### पुलिस उपाधीक्षक वेद प्रकाश श्रीवास्तव ने किया चैकी का उद्घाटन

**जन एक्सप्रेस। सीतापुर।** रामपुर मथुरा। थाना क्षेत्र के अंतर्गत चैकी चांदपुर की नवीन भवन का उद्घाटन क्षेत्राधिकारी महमूदाबाद वेदप्रकाश श्रीवास्तव ने फीता काटकर उद्घाटन किया इस मौके क्षेत्राधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि महिला सशक्तिकरण व क्षेत्र में अपराध कमर करने के लिए कानून व्यस्था को बेहतर और चुस्त दुरुस्त बनाने के लिए लगातार पुलिसिंग कार्य को सुधारा जा रहा है और नवीन चैकियों का उद्घाटन किया जा रहा है क्षेत्राधिकारी ने कहा कि आप लोग आज के जमाने में सोशल मीडिया से खास कर दूरी बना कर रखे वही गाड़ी चलाते समय हेलमेट,सीट बेल्ट का प्रयोग महिलाएं किसी भी समस्या पर 10 90 कॉल करके पुलिस की मदद ले सकती है मदद के लिए तत्पर है । इस अवसर पर कोतवाल महमूदाबाद अनिल सिंह,सदरपुर प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार,थानगांव प्रभारी निरीक्षक विमल गौतम,प्रभारी निरीक्षक रामपुर मथुरा संजय कुमार पांडे,चैकी इंचार्ज शुभम सिंह,चैकी इंचार्ज संजय सिंह, उपनिरीक्षक उमाकांत सविता, अशोक सोनकर महिला सिपाही पूनम सिंह आदि मौजूद रहे।

### डीएम ने किया वोटिंग मशीन भण्डारण कक्ष का निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस। सीतापुर।** जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने आज इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन भण्डारण कक्ष एवं वी0वी0 पैट भण्डारण कक्ष (वेयर हाउस का वाह्य निरीक्षण) का मासिक निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं एवं आवश्यक दिशा–निर्देश संबंधित को दिये। उन्होंने इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन भण्डारण कक्ष में लगे सी0सी0टी0वी0 कैमरे की जांच टी0वी0 स्क्रीन पर देखी एवं साफ–सफाई के निर्देश भी दिये इस दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व नीतीश कुमार सिंह, विभिन्न राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# चोरी की घटनाओं का खुलासा दो शातिर चोर गिरफ्तार, माल व अवैध शस्त्र बरामद

जन एक्सप्रेस। सीतापुर

**रामपुर मथुरा।** पुलिस टीम द्वारा चोरी की घटनाओं में संलिप्त 02 शातिर अपराधी रामकिशुन चैहान पुत्र रामजीवन निवासी ग्राम बछमरिया मजरा रानीगंज गुडवा थाना थानगांव सुनील कुमार पुत्र राजाराम निवासी ग्राम बछमरिया मजरा रानीगंज गुडवा थाना थानगांव को टेरवा मनिकापुर मोड़ के पास से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। अभियुक्तों के पास व निशानदेही से चोरी से संबंधित अदद कमरधनी सफेद धातू, 05 जोड़ी पायल सफेद धातू, 01 अदद मंगलसूत्र सफेद धातू, 01 अदद कुंजी पास सफेद धातू, 06 जोड़ी बिछिया सफेद धातू, तथा 01 अदद देशी तमंचा 12 बोर व 05 अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर बरामद हुए हैं। अभियुक्तों से बरामद वाहन मोटरसाइकिल को अंतर्गत धारा 207 में सीज किया गया। अभियुक्तों ने पूछताछ में बताया कि साहब हम लोग घूम फिर कर आस पास के गावों में चोरी की घटनाएं कारित करते हैं, जिससे सम्बन्धित माल हमारे पास से बरामद हुई है। घटनाओं के संबंध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 316-25 धारा 305(।), 331(4), मु0अ0सं0 319/ 25 धारा 305(।) 331(4) बीएनएस, मु0अ0सं0 260/ 25 धारा 305 (।)/ 331 (4)बीएनएस, मु0अ0सं0 209/ 25 धारा 305(।)/ 331(4) बीएनएस तथा थाना थानगांव पर मु0अ0सं0 217/ 25 धारा 305(।)/ 331(4) बीएनएस पंजीकृत हैं। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद अवैध शस्त्र के संबंध में आर्म्स एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत कर बरामदगी के आधार पर उपरोक्त अभियोगों में धारा 317(2) बीएनएस की बढोत्तरी करते हुए अभियुक्तों का चालान मा0 न्यायालय किया गया है। जनपद में अपराधियों के विरूद्ध निरन्तर कार्यवाही इसी प्रकार प्रचलित रहेगी।

### दो ऑटो लिफ्टर गिरफ्तार

थाना पिसावां पुलिस टीम द्वारा शातिर अभियुक्तगण रामहेत पुत्र नन्दकिशोर निवासी अमरैया थाना पिसावां . रवि उर्फ रवीन्द्र पुत्र रामसनेही निवासी कस्बा व थाना मितौली जनपद लखीमपुर खीरी को सीतारामपुरवा मोड़ के पास से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। गिरफ्तार अभियुक्तों की निशानदेही से 01 अदद चोरी की मोटरसाईकिल बरामद हुई हैं।

अभियुक्तों ने पूछताछ में बताया कि शत्रोहन से मेरा कुछ झगड़ा था उसी का बदला लेने के लिए हमने शत्रोहन को रास्ते में रोका था फिर मारपीट हुई थी।

# बीएसए पीटाई काण्ड में शिक्षिका की इण्ट्री से गर्माया मामला

जन एक्सप्रेस। सीतापुर

बीएसए पिटाई काण्ड में शिक्षिका की इण्ट्री होने से माला लगातार तूल पकड़ता जा रहा है। यह मामला सियासी गलियारों में इस कदर दौड़ा कि मामला पूरी तरह से सियासी हो गया। इस मामले पर विधायक से लेकर सांसद तक अपना अपना पक्ष रखने लगे है। गौर तलब हो कि प्रधानाध्यापक के बेसिक शिक्षा अधिकारी को बेल्ट से पीटने का मामला परत दर परत खुलता जा रहा है। अब बीएसए ने विवाद के केंद्र में आई शिक्षिक का वेतन रोक दिया है। बता दें कि मामला तूल पकड़ रहा है। इस मामले में अब तक चुप्पी साधे प्रधानाध्यापक का परिवार भी अब मुखर हुआ है। प्रधानाध्यापक बृजेन्द्र वर्मा की पत्नी सीमा वर्मा ने कैमरे पर अपने पति को प्रताड़ित किये जाने का आरोप लगाया है।सीमा वर्मा ने बताया कि उनके पति को शिक्षिका की अटेंडेंस लगाने के लिए बाध्य किया जाता था। वह लगातार इसके लिए मना कर रहे थे। इसलिए बीएसए उनके पति को परेशान कर रहे थे। पहले उनके पति से स्कूल में हुए कार्यों का तीन साल का ब्यौरा मांगा गया। जब उन्होंने ब्यौरा दे दिया तो दस साल का ब्यौरा मांगा गया। जब वह भी दे दिया तो दबाव बनाने के लिए बीएसए आफिस बुलाया गया। वहां कहासुनी हुई और उनके पति ने गुस्से में बीएसए की पिटाई कर दी। बता दें कि विवाद को लेकर बच्चों ने भी बुधवार को प्रदर्शन किया था। उन्होंने शिक्षिका पर आरोप लगाते हुए कहा था कि शिक्षिका पढ़ाती नहीं हैं केवल मेकअप किया करती है।महमूदाबाद के प्राथमिक विद्यालय नदवा में भाजपा की महमूदाबाद विधायक आशा मौर्य पहुंची। उन्होंने अपने सुरक्षाकर्मियों से ईंट से क्लास का ताला तुड़वाया। इसके बाद उन्होंने बच्चों से पढ़ने के लिए कहा। इसके बावजूद बच्चों ने पढ़ने से इनकार कर दिया।विधायक आशा मौर्य ने कहा कि प्रधानाध्यापक की कोई शिकायत थी तो वह सही ढंग से अपनी बात रखते। सीसीटीवी में साफ दिख रहा है कि प्रधानाध्यापक ने बेल्ट निकाल कर पीटा है, यह बेहद गलत है।सीतापुर के सांसद राकेश राठौर ने कहा कि शिक्षा का मंदिर जहां संचालित होता हो, बच्चों को शिक्षा मिलती है, वहां यह घटना होना बेहद निंदनीय है लेकिन इसके पीछे के आक्रोश को भी समझने की बेहद जरूरत है कि आखिर एक शिक्षक इतना आक्रोशित क्यों हो गया। मुझे सूचना मिली है कि शिक्षक को भी पीटा गया। उनकी भी एफआईआर दर्ज हो। इस मामले में बीएसए ही सबसे ज्यादा राजनीति करते हैं। बीएसए कायर्सलय में हुए बवाल को लेकर मंडलीय सहायक शिक्षा निदेशक (बेसिक) को विभागीय जांच के आदेश भी दिए गए हैं। बेसिक शिक्षा विभाग ने कहा है कि अनुशासनहीनता के प्रति वह जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम करता है। यह जानकारी विभाग की ओर से सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर ट्वीट कर दी गई है।

▸ पढ़ें पेज 12 पर...


## जन एक्सप्रेस



### सम्पादकीय

# अरुणाचल में 'ओजु' प्रोजेक्ट को मिली मंजूरी

**हम आपको बता दें कि विशेषज्ञ समिति ने इस प्रोजेक्ट को मंजूरी देते समय कई शर्तें भी जोड़ी हैं जैसे ग्लेशियर झील फटने के खतरे को ध्यान में रखना, रीयल-टाइम अर्ली वार्निंग सिस्टम लगाना और पाँच साल बाद पर्यावरणीय असर की समीक्षा करना। यह जरूरी है, क्योंकि हिमालयी क्षेत्र भूकंपीय और पारिस्थितिक दृष्टि से संवेदनशील है। यदि संतुलन नहीं रखा गया तो लाभ से ज़्यादा नुकसान भी हो सकता है। बहरहाल, ओजु जलविद्युत परियोजना केवल एक ऊर्जा प्रोजेक्ट नहीं, बल्कि भारत का भू-राजनीतिक बयान है।**

*भारत की ऊर्जा और सामरिक सुरक्षा से जुड़ा एक बड़ा कदम हाल ही में तब सामने आया जब पर्यावरण मंत्रालय की विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति ने अरुणाचल प्रदेश के अपर सुबनसिरी ज़िले में प्रस्तावित 2,220 मेगावॉट के ओजु जलविद्युत परियोजना को मंजूरी दे दी। लगभग 25,000 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली यह परियोजना भारत की तीसरी सबसे बड़ी हाइड्रो पावर परियोजना होगी, जिसे पूरा होने में कम से कम पाँच वर्ष लगेंगे। इससे पहले दिबांग (2,880 मेगावॉट) और एतालिन (3,087 मेगावॉट) परियोजनाओं को मंजूरी मिल चुकी है। देखा जाये तो यह महज़ ऊर्जा उत्पादन की परियोजना नहीं, बल्कि भारत की रणनीतिक योजना का हिस्सा है। क्योंकि यह इलाका सीधे चीन की सीमा से सटा हुआ है। ऐसे में, यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि क्या यह कदम चीन के ब्रह्मपुत्र नदी पर बनाए जा रहे बाँधों के जवाब में है? और क्या प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अरुणाचल यात्रा के महज़ दो दिन बाद इस प्रोजेक्ट को मंजूरी मिलना कोई साधारण संयोग है? हम आपको बता दें कि चीन लंबे समय से ब्रह्मपुत्र (यारलुंग त्सांगपो) पर बड़े-बड़े हाइड्रो प्रोजेक्ट बना रहा है। उसकी योजना वहाँ दुनिया का सबसे बड़ा हाइड्रो पावर प्रोजेक्ट खड़ा करने की है। भारत के लिए यह चिंता का विषय इसलिए है क्योंकि ब्रह्मपुत्र की धारा तिब्बत से निकलकर अरुणाचल और असम से होते हुए बांग्लादेश पहुँचती है। यदि चीन ऊपरी धारा पर पानी रोकता है या दिशा मोड़ता है, तो भारत के पूर्वोत्तर राज्यों और असम की कृषि, पारिस्थितिकी और लोगों के जीवन पर गहरा असर पड़ सकता है। भारत अब इस खतरे को मूक दर्शक बनकर नहीं देखना चाहता। ओजु जैसी परियोजनाएँ दरअसल यह संदेश देती हैं कि भारत भी अपनी नदी संसाधनों पर अधिकार जताने और उन्हें सामरिक हथियार की तरह उपयोग करने के लिए तैयार है। यह परियोजना न केवल ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करेगी, बल्कि चीन के जल-राजनीति को संतुलित करने का साधन भी बनेगी। हम आपको यह भी बता दें कि प्रधानमंत्री मोदी दो दिन पहले ही अरुणाचल प्रदेश के दौरे पर गए थे, जहाँ उन्होंने कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया और राज्य की सामरिक महत्ता पर ज़ोर दिया। उनकी यात्रा के मात्र दो दिन बाद ओजु प्रोजेक्ट की मंजूरी सामने आना केवल संयोग नहीं माना जा सकता। यह एक सोचा-समझा सामरिक संकेत है– भारत चीन को यह बताना चाहता है कि अरुणाचल पर उसके दावे किसी भी कीमत पर स्वीकार्य नहीं हैं। दरअसल, चीन लगातार अरुणाचल को 'दक्षिण तिब्बत' बताकर दावा करता रहा है। भारत का यहाँ बड़े पैमाने पर बुनियादी ढाँचा और ऊर्जा परियोजनाएँ खड़ी करना इस दावे को व्यावहारिक रूप से निष्प्रभावी बना देता है। यह कदम यह संदेश भी देता है कि भारत केवल सीमाओं की रक्षा तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि सीमा से लगे इलाकों में विकास की नई धारा बहाएगा। देखा जाये तो यह प्रोजेक्ट भारत की आत्मविश्वासी छवि का प्रतीक है। अब भारत केवल रक्षात्मक मुद्रा में नहीं है, बल्कि आक्रामक विकास और सामरिक कदमों के जरिए चीन की चालों को संतुलित करने में जुटा है। हम आपको यह भी बता दें कि ओजु प्रोजेक्ट से भारत को कई स्तरों पर लाभ होगा। जैसे- 2,220 मेगावॉट उत्पादन पूर्वोत्तर राज्यों को आत्मनिर्भर बनाएगा और राष्ट्रीय ग्रिड को भी मज़बूत करेगा।*

## एक्सप्रेस आलेख

**सामाजिक दृष्टि से भी यह दर्शन समयानुकूल है। दीनदयाल उपाध्याय जी का 'अंत्योदय' केवल अर्थनीति का सूत्र नहीं, बल्कि मानवीय संवेदना का प्रकाश स्तंभ है- यानी विकास की गंगा तब तक पूर्ण नहीं मानी जाएगी जब तक उसकी धारा समाज के अंतिम तट तक न पहुँचे। उनका मत था कि गरीबी केवल भौतिक अभाव का नाम नहीं बल्कि शरीर, मन, बुद्धि और आत्मा के संतुलित विकास का अवरोध है। इसी दृष्टि से भी गरीबी को आय की सीमित परिभाषा से आगे बढ़ाकर शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण और गरिमा जैसे संकेतकों के माध्यम से मापता है। जहाँ नीति-निर्माण के लिए वैज्ञानिक आँकड़े और तुलनात्मक आकलन प्रस्तुत करता है।**

# नवीन संदर्भों में 'एकात्म मानववाद' का स्वर



डॉ. शिवानी कटारा

**'अंत्योदय' की परिधि केवल अन्न और आश्रय तक सीमित नहीं रही बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, डिजिटल सुविधा और पर्यावरणीय सुरक्षा तक विस्तृत हो गई है। जब किसी अज्ञात स्वयंसेवी का हाथ किसी निर्धन बालक को अक्षरज्ञान देता है, या किसी गाँव की अंधेरी झोपड़ी में सौर-दीपक पहली बार जल उठता है, तब 'अंत्योदय' नीतिगत कार्यक्रम से आगे बढ़कर करुणा और कर्तव्य का जीवंत रूप बन जाता है।**

आज की दुनिया विज्ञान और वैश्वीकरण की उजली आभा में नहाई हुई है, पर भीतर कहीं असंतुलन और असंतोष की रेखाएँ भी गहरी हो चली हैं। ऐसे समय में पंडित दीनदयाल उपाध्याय का 'एकात्म मानववाद' आशा की किरण बनकर मार्ग दिखाता है। यह दर्शन अतीत की स्मृति नहीं, बल्कि भविष्य की दिशा है। दीनदयाल जी के शब्दों में- 'भारतीय संस्कृति का मूल स्वरूप यह है कि वह जीवन को एक समग्र और एकीकृत इकाई के रूप में देखती है।' इसी विचार की आधारभूमि पर उनका 'एकात्म मानववाद' खड़ा है, जिसका मर्म है कि मनुष्य केवल देह नहीं, बल्कि मन, बुद्धि और आत्मा की समग्र इकाई है। आधुनिक संदर्भ में यह दृष्टि और भी प्रासंगिक हो जाती है, क्योंकि आज का समाज व्यक्ति की पहचान को केवल उपभोक्ता तक सीमित कर रहा है। पूँजीवाद और साम्यवाद दोनों अपने चरम रूपों में असफल साबित हुए- पहले ने असमानता और शोषण को जन्म दिया, तो दूसरे ने व्यक्ति की स्वतंत्रता को कुचल दिया। परिणामस्वरूप उत्पादन और उपभोग की अंधी दौड़ ने मनुष्य की आत्मिक आवश्यकताओं को हाशिए पर धकेल दिया है। इसका सजीव उदाहरण भारत में तेजी से फैलती मॉल-संस्कृति और ई-कॉमर्स है, जिसने भौतिक उपभोग को तो बढ़ाया है, परंतु परिवारों में साथ बैठने का समय और आत्मिक संवाद घटा दिया है। उन्होंने इसी सच्चाई को रेखांकित करते हुए कहा था- 'मानव स्वभाव में दोनों प्रवृत्तियाँ निहित हैं-एक ओर क्रोध और लोभ, तो दूसरी ओर प्रेम और त्याग।' यही द्वंद्व हमें स्मरण कराता है कि विकास तभी सार्थक होगा जब भौतिक और आत्मिक आवश्यकताओं के बीच संतुलन कायम किया जाए। दीनदयाल उपाध्याय जी मानते थे कि भारत की अर्थव्यवस्था का स्वरूप न तो पश्चिमी पूँजीवाद की विषमता हो और न ही साम्यवाद की कठोरता, बल्कि अपनी संस्कृति और समाज की आवश्यकताओं से उपजा एक मौलिक मार्ग हो। उनका 'स्वदेशी-सामाजिक-आर्थिक मॉडल' इसी दृष्टि का प्रतिबिंब था–जहाँ स्वदेशी आत्मनिर्भरता की शक्ति गढ़ता है और सामाजिक संवेदना विकास की धारा को अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाती है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि 'हमारी अर्थव्यवस्था का उद्देश्य मनुष्य और समाज की आवश्यकताओं की पूर्ति होना चाहिए, न कि केवल मुनाफ़ा कमाना।' आज जब वैश्वीकरण ने उपभोक्तावाद और असमानता को गहरा किया है, तब यह मॉडल और भी आवश्यक प्रतीत होता है। यही कारण है कि आधुनिक राजनीति में समावेशी और संतुलित विकास की अवधारणा धीरे-धीरे नीति का केंद्रीय तत्व बनती जा रही है। किंतु केवल नीतिगत उपाय पर्याप्त नहीं हैं; इसके पीछे ऐसी वैचारिक राजनीतिक दृष्टि की भी आवश्यकता है जो व्यक्ति और समाज को



**आधुनिक युग के समावेशी और सतत विकास की आत्मा है। अतः पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी का 'एकात्म मानववाद' आज भी प्रगति का प्रदीप-सा प्रकाशमान और अपरिहार्य है; यह केवल भारत की सांस्कृतिक धरोहर नहीं, बल्कि संपूर्ण मानवता के उत्थान का सार्वभौमिक सूत्र है।**

विरोधी नहीं, बल्कि पूरक मानकर आगे बढ़ाए। दीनदयाल उपाध्याय जी का 'एकात्म मानववाद' इसी दृष्टि का प्रतिपादन करता है, जहाँ व्यक्ति की उन्नति समाज की प्रगति से अभिन्न रूप से जुड़ी है। इसी भाव को अटल बिहारी वाजपेयी ने भी प्रतिध्वनित किया था- 'व्यक्ति को सशक्त बनाना राष्ट्र को सशक्त बनाना है।' सशक्तिकरण तभी पूर्ण होता है जब राजनीति की निष्ठा, अर्थव्यवस्था के अवसर और समाज की समानता साथ चलें- यही 'एकात्म मानववाद' का मर्म है। इसका सुंदर उदाहरण उत्तर प्रदेश और बिहार की वे महिलाएँ हैं, जिन्होंने सूक्ष्म ऋण और कौशल प्रशिक्षण के सहारे आत्मनिर्भरता प्राप्त कर राजनीति, अर्थव्यवस्था और समाज के समन्वय को मूर्त रूप दिया। वैश्विक परिदृश्य में जब आतंकवाद, सांस्कृतिक विखंडन और मूल्यहीनता जैसी चुनौतियाँ बढ़ रही हैं, तब इस दर्शन की प्रासंगिकता और भी गहरी हो जाती है। दीनदयाल जी ने कहा था–÷स्वतंत्रता तभी सार्थक है जब वह हमारी संस्कृति की अभिव्यक्ति का माध्यम बने।÷ स्वतंत्रता केवल राजनीतिक या आर्थिक स्वतंत्रता नहीं, बल्कि सांस्कृतिक आत्मसम्मान की रक्षा भी है। किसी भी राष्ट्र की स्वतंत्रता तभी सार्थक होगी जब वह अपनी मौलिक पहचान और संस्कृति की रक्षा करते हुए विश्व समुदाय के साथ जुड़े। यह दृष्टि हमें सिखाती है कि पश्चिमी मॉडल का अंधानुकरण नहीं, बल्कि अपनी परंपराओं के अनुरूप आधुनिकता ही सच्चा मार्ग है। भारत योग, आयुर्वेद और समरसता जैसे मूल्यों को वैश्विक मंच पर प्रस्तुत कर रहा है- यही वह उदाहरण है जब स्वतंत्रता केवल राजनीतिक अस्तित्व से आगे बढ़कर संस्कृति की सार्वभौमिक अभिव्यक्ति बन जाती है। आज जब मानवता पर्यावरण संकट से जूझ रही है, तब दीनदयाल जी का चिंतन दीपशिखा बनकर दिशा दिखाता है। वे कहते हैं- 'बीज की इकाई ही जड़, तना, शाखाएँ, पत्ते, फूल और फल के रूप में अभिव्यक्त होती हैज फिर भी हम बीज के माध्यम से उनकी एकता को पहचानते हैं।' यह हमें स्मरण कराता है कि प्रकृति और मानव जीवन की जड़ एक ही है। दिल्ली की धुँधली हवा चेताती है कि विकास तभी सच्चा है जब अर्थव्यवस्था के साथ पर्यावरण और समाज का सामंजस्य बने। इसी भाव को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने व्यक्त किया- 'भारत की प्रगति मानवता के एक-छठे हिस्से की नियति है।' यही कारण है कि दीनदयाल जी ने संतुलन व संयम को विकास की कसौटी माना। गंगा की स्वच्छता से लेकर वृक्षारोपण तक की पहलें बताती हैं कि प्रकृति की रक्षा वास्तव में मानवता की आत्मा की रक्षा है। सामाजिक दृष्टि से भी यह दर्शन समयानुकूल है। दीनदयाल उपाध्याय जी का 'अंत्योदय' केवल अर्थनीति का सूत्र नहीं, बल्कि मानवीय संवेदना का प्रकाश स्तंभ है- यानी विकास की गंगा तब तक पूर्ण नहीं मानी जाएगी जब तक उसकी धारा समाज के अंतिम तट तक न पहुँचे। उनका मत था कि गरीबी केवल भौतिक अभाव का नाम नहीं बल्कि शरीर, मन, बुद्धि और आत्मा के संतुलित विकास का अवरोध है। इसी दृष्टि से भी गरीबी को आय की सीमित परिभाषा से आगे बढ़ाकर शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण और गरिमा जैसे संकेतकों के माध्यम से मापता है। जहाँ नीति-निर्माण के लिए वैज्ञानिक आँकड़े और तुलनात्मक आकलन प्रस्तुत करता है, वहीं 'एकात्म मानववाद' उसे नैतिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक आधार देकर और व्यापक बना देता है। इस संगम से आधुनिक समय में 'अंत्योदय' की परिधि केवल अन्न और आश्रय तक सीमित नहीं रही बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, डिजिटल सुविधा और पर्यावरणीय सुरक्षा तक विस्तृत हो गई है। जब किसी अज्ञात स्वयंसेवी का हाथ किसी निर्धन बालक को अक्षरज्ञान देता है, या किसी गाँव की अंधेरी झोपड़ी में सौर-दीपक पहली बार जल उठता है, तब 'अंत्योदय' नीतिगत कार्यक्रम से आगे बढ़कर करुणा और कर्तव्य का जीवंत रूप बन जाता है। यही दृष्टि आधुनिक युग के समावेशी और सतत विकास की आत्मा है। अतः पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी का 'एकात्म मानववाद' आज भी प्रगति का प्रदीप-सा प्रकाशमान और अपरिहार्य है; यह केवल भारत की सांस्कृतिक धरोहर नहीं, बल्कि संपूर्ण मानवता के उत्थान का सार्वभौमिक सूत्र है।

## आज का पंचांग

*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथि: | चतुर्थी 09:33 तक |
| नक्षत्र: | विशाखा 22:02 तक |
| पक्ष: | शुक्ल |
| वार: | शुक्रवार |
| योग: | विष्कंभ, 22:49 तक |
| सूर्योदय: | 06:11 |
| सूर्यास्त: | 18:05 |
| चंद्रमा: | तुला राशि में |
| राहुकाल: | 10:39-12:08 |
| विक्रमी संवत्: | 2082 |
| शक सम्वत: | 1947 |
| मास: | अश्विन |
| शुभ मुहूर्त: | 11:45-12:33 |

## जन एक्सप्रेस

### नहीं मानते ट्रंप !

*रह रह कर शिगूफा ।*
*नही मानते ट्रंप ।।*
*बोल बोल कर दुनिया में ।*
*ला रहे भूकंप ।।*
*हर पल नया तमाशा ।*
*अर्थ क्षेत्र पर मार ।।*
*इस टैरिफ ने उनके ।*
*कर दिया प्रहार ।।*
*उथल पुथल बाजार में ।*
*हाहाकार है छाया ।।*
*उनके जो प्रतिद्वंदी ।*
*कर रहे सफाया ।।*
*आगे बढ़ने की ललक ।*
*धुन है अलग सवार ।।*
*लेकिन दुनिया धीरे धीरे ।*
*बनी होशियार ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# बालों की ग्रोथ को बढ़ाता है कोरियन हेयर मास्क



**आज** के समय में खराब लाइफस्टाइल और अनहेल्दी खानपान के कारण ज्यादातर लोग बालों से जुड़ी समस्याओं से परेशान रहते हैं। ऐसे में अक्सर लोग बालों के झड़ने, टूटने और इनके पतले होने की समस्या से परेशान रहते हैं। ऐसे में बालों को हेल्दी, घना, शाइनी और स्मूथ बनाने के लिए कोरियन हेयर मास्क का इस्तेमाल किया जा सकता है। इस कोरियन हेयर मास्क को बनाने के लिए 2 छोटी चम्मच ग्रीन टी की पत्तियों में 1 छोटी चम्मच नारियल तेल, 1 छोटी चम्मच ऑलिव ऑयल, 1 छोटी चम्मच शहद यौर 1 छोटी चम्मच चावल के पानी को अच्छे से मिला लें। अब इस हेयर मास्क को बालों में अच्छे से लगाएं और फिर बालों को कवर करके आधे से 1 घंटे के लिए छोड़ दें। इसके बाद बालों को हल्के गुनगुने पानी से धो लें। इसके बाद माइल्ड शैंपू से बालों को धो लें।

**कोरियन हेयर मास्क के फायदे:** इस कोरियन हेयर मास्क में बहुत से पोषक तत्व होते हैं। इसका इस्तेमाल करने से बालों से जुड़ी कई समस्याओं से राहत देने में मदद मिलती है।

**बालों को हाइड्रेट करे:** इस हेयर मास्क को लगाने से बालों को नेचुरल रूप से हाइड्रेट करने में मदद मिलती है, जिससे बालों में नमी बनाए रखने, बालों को हेल्दी रखने और शाइनी बनाए रखने में मदद मिलती है।

**बालों को पोषण दे:** हेयर मास्क में बहुत से पोषक तत्व होते हैं। इसका इस्तेमाल करने से बालों को जड़ों से मजबूती देने, हेल्दी बनाने, बालों को नेचुरल रूप से शाइनी बनाने और बालों को झड़ने और टूटने से रोकने में मदद मिलती है।

**बालों की ग्रोथ को बढ़ावा दे:** इस हेयर मास्क में बहुत से पोषक तत्व होते हैं। इसका इस्तेमाल करने से बालों को जड़ों से मजबूती देने और बालों की ग्रोथ को बढ़ावा देने में मदद मिलती है, साथ ही, इससे बालों को घना बनाए रखने में मदद मिलती है।

**स्कैल्प का इंफेक्शन से बचाव करे:** इस कोरियन हेयर मास्क में एंटी-इंफ्लेमेटरी और एंटी-बैक्टीरियल के गुण पाए जाते हैं। इसका इस्तेमाल करने से स्कैल्प का इंफेक्शन से बचाव करने, सूजन को कम करने और इसके स्वास्थ्य को दुरुस्त बनाए रखने में मदद मिलती है।

**निष्कर्ष:** इस कोरियन हेयर मास्क में बहुत से पोषक तत्व और कई गुण होते हैं। इसका इस्तेमाल करने से बालों की ग्रोथ को बढ़ावा देने, बालों को जड़ों से मजबूती देने, बालों को हाइड्रेट करने, घना और स्कैल्प का इंफेक्शन से बचाव करने में मदद मिलती है। ध्यान रहे, इससे किसी भी तरह की परेशानी महसूस होने पर इसके इस्तेमाल से बचें।

## एक्सप्रेस विशेष

# शक्ति और साहस का पर्व है नवरात्रि



रमेश सर्राफ धमोरा

**भगवान शिव की शक्तियों में उग्र और सौम्य, दो रूपों में अनेक रूप धारण करने वाली दशमहाविद्या अनंत सिद्धियां प्रदान करने में समर्थ हैं। दसवें स्थान पर कमला वैष्णवी शक्ति हैं, जो प्राकृतिक संपत्तियों की अधिष्ठात्री देवी लक्ष्मी हैं। देवता, मानव, दानव सभी इनकी कृपा के बिना पंगु हैं।**

**नवरात्रि के दौरान उपवास करने से शरीर से विषाक्त पदार्थ निकल जाते हैं, जिससे शरीर स्वस्थ और निरोगी रहता है। नवरात्रि के दौरान ध्यान, योग और भक्ति करने से मन को शांति मिलती है, जिससे तनाव और चिंता कम होती है। नवरात्रि व्रत का मूल उद्देश्य है इंद्रियों का संयम और आध्यात्मिक शक्ति का संचय। वस्तुत नवरात्र अंत शुद्धि का महापर्व है। आज वातावरण में चारों तरफ विचारों का प्रदूषण है।**

**नवरात्रि** का मां दुर्गा के नौ रूपों की पूजा और आराधना के लिए समर्पित है जिन्हें शक्ति, साहस, और नारी सशक्तीकरण का प्रतीक माना जाता है। नवरात्रि का अर्थ है नौ रातें और इस दौरान भक्त देवी दुर्गा की विशेष पूजा करते हैं, उपवास रख कर भक्ति में लीन रहते हैं। नवरात्रि का त्योहार एक बार वसंत ऋतु के दौरान चैत्र नवरात्रि और शरद ऋतु के दौरान शरद नवरात्रि के रूप में मनाया जाता है। शरद नवरात्रि अश्विन के महीने के दौरान मनाई जाती है जो आमतौर पर सितंबर या अक्टूबर में आती है। वहीं, चैत्र नवरात्रि हिन्दू कैलेंडर के चैत्र महीने के दौरान मनाई जाती है। चैत्र नवरात्रि आमतौर पर मार्च या अप्रैल महीने में मनाई जाती है। इन नौ रातों और दस दिनों के दौरान शक्ति-देवी के नौ रूपों की पूजा की जाती है। दसवां दिन दशहरा के नाम से प्रसिद्ध है। वसन्त की शुरुआत और शरद ऋतु की शुरुआत, जलवायु और सूरज के प्रभावों का महत्वपूर्ण संगम माना जाता है। इन दो समय मां दुर्गा की पूजा के लिए पवित्र अवसर माने जाते हैं। त्योहार की तिथियां चन्द्र कैलेंडर के अनुसार निर्धारित होती हैं। यह पूजा वैदिक युग से पहले प्रागैतिहासिक काल से है। नवरात्रि के पहले तीन दिन देवी दुर्गा की पूजा करने के लिए समर्पित किए गए हैं। यह पूजा उनकी ऊर्जा और शक्ति की की जाती है। प्रत्येक दिन दुर्गा के एक अलग रूप को समर्पित है। नवरात्रि से हमें अधर्म पर धर्म और बुराई पर अच्छाई के जीत की सीख मिलती हैं। यह हमें बताती है की इंसान अपने अंदर की मूलभूत अच्छाइयों से नकारात्मकता पर विजय प्राप्ति और स्वयं के अलौकिक स्वरूप से साक्षात्कार कैसे कर सकता है। भारतीय जन-जीवन में धर्म की महत्ता अपरम्पार है। नवरात्रि पर्व के नौ दिनों के दौरान आदिशक्ति जगदम्बा के नौ विभिन्न रूपों की आराधना की जाती है। ये नौ दिन वर्ष के सर्वाधिक पवित्र दिवस माने गए हैं। इन नौ दिनों का भारतीय धर्म एवं दर्शन में ऐतिहासिक महत्व है और इन्हीं दिनों में बहुत सी दिव्य घटनाओं के घटने की जानकारी हिन्दू पौराणिक ग्रन्थों में मिलती है। माता के इन नौ रूपों को नवदुर्गा के नाम से भी जाना जाता है जो इस प्रकार हैं -शैलपुत्री, ब्रह्मचारिणी, चन्द्रघन्टा, कूष्माण्डा, स्कन्द माता, कात्यायिनी, कालरात्रि, महागौरी और सिध्दिदात्री। शक्ति की उपासना का पर्व शारदीय नवरात्र प्रतिपदा से नवमी तक निश्चित नौ तिथि, नौ नक्षत्र, नौ शक्तियों की नवधा भक्ति के साथ सनातन काल से मनाया जा रहा है। आदिशक्ति के हर रूप की नवरात्र के नौ दिनों में क्रमशरू अलग-अलग पूजा की जाती है। मां दुर्गा की नौवीं शक्ति का नाम सिद्धिदात्री है। ये सभी प्रकार की सिद्धियां देने वाली हैं। इनका वाहन सिंह है और कमल पुष्प पर ही आसीन होती हैं। नवरात्रि के नौवें दिन इनकी उपासना की जाती है। इस पर्व से जुड़ी एक कथा अनुसार देवी दुर्गा ने एक भैंस रूपी असुर अर्थात महिषासुर का वध किया था। पौराणिक कथाओं के अनुसार महिषासुर के एकाग्र ध्यान से बाध्य होकर देवताओं ने उसे अजय होने का वरदान दे दिया। उसको वरदान देने के बाद देवताओं को चिंता हुई कि वह अब अपनी शक्ति का गलत प्रयोग करेगा। महिषासुर ने अपने साम्राज्य का विस्तार स्वर्ग के द्वार तक कर दिया और उसके इस कृत्य को देख देवता विस्मय की स्थिति में आ गए। महिषासुर ने सूर्य, इन्द्र, अग्नि, वायु, चन्द्रमा, यम, वरुण और अन्य देवताओं के सभी अधिकार छीन लिए और स्वयं स्वर्गलोक का मालिक बन बैठा। देवताओं को महिषासुर के प्रकोप से पृथ्वी पर विचरण करना पड़ रहा था तब महिषासुर के इस दुस्साहस से क्रोधित होकर देवताओं ने देवी दुर्गा की रचना की। ऐसा माना जाता है कि देवी दुर्गा के निर्माण में सारे देवताओं का एक समान बल लगाया गया था। महिषासुर का नाश करने के लिए सभी देवताओं ने अपने अपने अस्त्र देवी दुर्गा को दिए थे और कहा जाता है कि इन देवताओं के सम्मिलित प्रयास से देवी दुर्गा और बलवान हो गईं थी। इन नौ दिन देवी-महिषासुर संग्राम हुआ और अन्ततरू महिषासुर-वध कर महिषासुर मर्दिनी कहलायीं। नवदुर्गा और दस महाविद्याओं में काली ही प्रथम प्रमुख हैं। भगवान शिव की शक्तियों में उग्र और सौम्य, दो रूपों में अनेक रूप धारण करने वाली दशमहाविद्या अनंत सिद्धियां प्रदान करने में समर्थ हैं। दसवें स्थान पर कमला वैष्णवी शक्ति हैं, जो प्राकृतिक संपत्तियों की अधिष्ठात्री देवी लक्ष्मी हैं। देवता, मानव, दानव सभी इनकी कृपा के बिना पंगु हैं, इसलिए आगम-निगम दोनों में इनकी उपासना समान रूप से वर्णित है। सभी देवता, राक्षस, मनुष्य, गंधर्व इनकी कृपा-प्रसाद के लिए लालायित रहते हैं।

# किसान को ट्रैक्टर से रौंदने वाले 12 आरोपितों पर हत्या का मुकदमा हुआ दर्ज





- एएसपी और एसडीएम ने देर पलिया पहुंचकर स्वजनों से की वार्ता
- गमगीन माहौल में हुआ किसान का अंतिम संस्कार, खीरी-पीलीभीत के सैकड़ों लोग हुए शामिल

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर**

हजारा। अवैध खनन का विरोध करने पर किसान की ट्रैक्टर से रौंदकर हत्या करने वाले 12 खनन माफियाओं के विरुद्ध हत्या का मुकदमा लिखा गया है। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव स्वजनों के सुपुर्द कर दिया। गमगीन माहौल में किसान का अंतिम संस्कार कर दिया गया है। एहतियात को लेकर पुलिस मौजूद रहीं।

थाना क्षेत्र के गांव अशोकनगर हाल निवासी मुरार खेड़ा थाना संपूर्णानगर जनपद लखीमपुर-खीरी निवासी प्रीतम सिंह ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि उसके पिता इंद्रजीत सिंह बुधवार शाम साढ़े छह बजे खेत से कृषि कार्य कर वापस लौट रहे थे। रास्ते में मुर्गी फार्म के आगे पुलिया के पास रास्ते पर नदी की बालू एकत्र हो गई है यह लोगों के निकलने का एक मात्र रास्ता है। रास्ते पर आलम अली अपने साथी हेमन्त महेश्वरी निवासी सम्पूर्णानगर, अरविन्द यादव निवासी सिद्ध नगर आधा दर्जन मजदूरों को लगाकर रास्ते में रेत भर रहा था। उसके पिता इंद्रजीत ने रास्ते से रेत का अवैध खनन करने का विरोध कर रोकने का प्रयास किया। इस पर मनबढ़ खनन माफिया गाली गलौज कर फावड़ा लेकर हमलावर हो गए। इंद्रजीत आरोपितों से अपनी जान बचाने के लिए भागने लगे। माफियाओं ने फावड़ा से हमला कर ट्रैक्टर से कुचलने लगे। कुछ दूर भागने के बाद इंद्रजीत गिर गए।खनन माफिया आलम ने इंद्रजीत को रेत भरे ट्रैक्टर ट्राली से रौंद दिया। आरोप है कि अरविंद यादव और हेमन्त ने कहा कि इंद्रजीत बचना नही चाहिए, खनन माफिया के तीनों भाईयों ने कहा कि किसान के टुकड़े कर दो।कमल सिंह, दुर्गेश, गणेश भी अपना कृषि कार्य कर वापस लौट रहे थे। उन्होंने इंद्रजीत को गंभीर हालत में देख बचाने का प्रायस किया।उन्हें भी चोटे आई है।लोगों की मदद से गंभीर घायल इंद्रजीत को बाइक से सम्पूर्णानगर के निजी अस्पताल के बाद पलिया सीएचसी ले जाया गया। सीएचसी में चिकित्सकों ने किसान को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने देर रात शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया। गुरुवार पोस्टमार्टम के बाद? शव घर पंहुचते ही स्वजनों में चीत्कार मच गया। गमगीन माहौल में किसान के शव का अंतिम संस्कार किया गया संस्कार में पीलीभीत व खीरी के सैकड़ों लोग मौजूद रहे।एहतियात के तौर पर हजारा थानाध्यक्ष शरद यादव पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

### वैन फोरेंसिक टीम पहुंची, लिया नमूना

पीलीभीत से वैन फोरेंसिक टीम घटनास्थल पर पहुंच कर घटनास्थल की जांच-पड़ताल करते हुए मौके से मृतक किसान के कपड़े सहित अन्य सामग्री अपने कब्जे में लेकर जांच-पड़ताल में जुट गई है।
उधर हजारा थानाध्यक्ष शरद यादव ने बताया है कि घटना में शामिल आरोपितों को गिरफ्तार करने के लिए अलग-अलग टीमें बनाकर संभावित स्थानों पर दबिस दी जा रही है शीघ्र ही गिरफ़्तार कर जेल भेजा जाएगा।

## पुष्प इंस्टिट्यूट में छात्र-छात्राओं को महिला सुरक्षा व साइबर अपराधों के प्रति किया जागरूक

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**

मिशन शक्ति फेज 5.0 अभियान के तहत पुष्प इंस्टिट्यूट में छात्र-छात्राओं को महिला सुरक्षा और साइबर अपराधों के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर सहायक पुलिस अधीक्षक नताशा गोयल एवं प्रशिक्षु पुलिस उपाधीक्षक गायत्री यादव ने छात्रों को महिला शक्ति केंद्र एवं साइबर हेल्पलाइन सेवाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम में छात्रों को महिला हेल्पलाइन नम्बर 1090, 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नम्बर 1076 और साइबर हेल्पलाइन नम्बर 1930 से अवगत कराया गया। सहायक पुलिस अधीक्षक नताशा गोयल ने महिला शक्ति केंद्र की भूमिका, महिला सुरक्षा एवं अधिकारों के संबंध में विस्तृत जानकारी साझा की। छात्रों को डिजिटल फॉड और साइबर अपराधों से बचाव के तरीकों के बारे में महत्वपूर्ण सुझाव दिए गए और युवाओं को तकनीकी माध्यमों से होने वाले अपराधों से सतर्क रहने के लिए उपलब्ध संसाधनों, हेल्पलाइन नंबर और महत्वपूर्ण वेबसाइटों की जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्र-छात्राओं में सुरक्षा और सतर्कता के प्रति जागरूकता बढ़ाना एवं उन्हें सुरक्षित डिजिटल व सामाजिक वातावरण सुनिश्चित करने के लिए तैयार करना है।



# गन्ना किसानों के हित हमारे लिए सर्वोपरि हैं: खुशीराम भार्गव (जिला गन्ना अधिकारी)

- जिला गन्ना अधिकारी ने कार्य की प्रगति पर लिया जायजा, किसानों के हितों के लिए दिए निर्देश, बीसलपुर चीनी मिल में मरम्मत एवं अनुरक्षण कार्यों का निरीक्षण

> गन्ना किसानों के हित हमारे लिए सर्वोपरि हैं। अतः यह सुनिश्चित किया जाए कि गन्ना क्रय केंद्रों एवं मिल गेट पर किसानों को सभी आवश्यक सुविधाएँ उपलब्ध हों।
> **खुशीराम भार्गव, जिला गन्ना अधिकारी।**



### निरीक्षण टीम और उपस्थित अधिकारी

निरीक्षण के दौरान टीम में मनोज साहू, ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक बीसलपुर, मुख्य गन्ना अधिकारी, मिल के प्रधान प्रबंधक, मुख्य अभियंता और अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे। टीम ने मिल में चल रहे मरम्मत एवं अनुरक्षण कार्यों की विस्तार से समीक्षा की और आगामी पेराई सत्र के लिए आवश्यक तैयारियों का जायजा लिया। इस निरीक्षण का उद्देश्य चीनी मिल के संचालन में सुधार करना, किसानों को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराना और आगामी पेराई सत्र के लिए पूरी तैयारी सुनिश्चित करना बताया गया।

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**

बीसलपुर चीनी मिल में चल रहे मरम्मत एवं अनुरक्षण कार्यों का आज जिला गन्ना अधिकारी पीलीभीत, खुशी राम भार्गव ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्य की वर्तमान प्रगति की विस्तृत जानकारी प्राप्त की और संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी कार्य समय से पूर्ण किए जाएँ।

अधिकारियों ने बताया कि चीनी मिल के मरम्मत एवं अनुरक्षण कार्य का 60 प्रतिशत से अधिक कार्य अब तक पूरा हो चुका है। जिन आवश्यक उपकरणों और सामग्री की आपूर्ति बाहर से करनी है, उनके लिए आदेश जारी कर दिए गए हैं। निरीक्षण टीम ने कार्य की प्रगति पर संतोष व्यक्त किया और कहा कि यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि चीनी मिल आगामी पेराई सत्र के लिए समय पर पूरी तरह तैयार हो।

जिला गन्ना अधिकारी ने इस अवसर पर याद दिलाया कि बीसलपुर चीनी मिल ने पिछले वर्ष 3 दिसंबर 2024 से गन्ना पेराई शुरू की थी।

पेराई सत्र के दौरान मिल ने कुल 21.96 लाख कुंतल गन्ने की पेराई की थी। मिल ने आवंटित क्षेत्र के सभी गन्ने की पेराई समाप्त करने के बाद 17 मार्च 2025 को पेराई कार्य पूरा किया था।

निरीक्षण के दौरान जिला गन्ना अधिकारी ने मिल के प्रधान प्रबंधक हरिकृष्ण गुप्ता, मुख्य अभियंता और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में उन्होंने चीनी मिल के संचालन को और बेहतर बनाने पर जोर दिया और कहा कि गन्ना किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

# पीलीभीत में विराध वध और पंचवटी विश्राम लीला का भव्य मंचन



### रामलीला मैदान में भक्तजन हुए आत्मविभोर, वृंदावन के कलाकारों ने रासलीला का प्रस्तुतिकरण किया

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**

आज स्थानीय रामलीला मैदान में विराध वध तथा पंचवटी विश्राम लीला का भव्य और सजीव मंचन किया गया। लीला के दौरान भगवान राम, माता सीता और लक्ष्मण की अद्भुत कथाएँ प्रस्तुत की गईं, जिसने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम की शुरुआत अत्रि-अनुसुइया मिलन से हुई। इसके पश्चात प्रभु राम माता सीता एवं लक्ष्मण के साथ दक्षिण दिशा की ओर प्रस्थान करते हैं। मार्ग में विराध नामक राक्षस ने उन पर प्रहार किया, जिसे प्रभु राम ने अपने एक बाण से समाप्त कर दिया। इस दृश्य में राक्षस अपने दिव्य रूप में प्रकट हुआ और प्रभु राम से आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके बाद प्रभु राम, लक्ष्मण और सीता सुतीक्ष्ण मुनि से मिले और अगस्त्य मुनि के आश्रम पहुंचे। अगस्त्य ऋषि ने उनका आदर सत्कार किया तथा उन्हें दक्षिण की ओर वनों में राक्षसों के आतंक का वर्णन करते हुए दंडकारण्य की यात्रा की सलाह दी। मार्गदर्शन अनुसार प्रभु राम पंचवटी पहुंचे, जहाँ लक्ष्मण ने पर्णकुटी तैयार की और प्रभु राम माता सीता एवं लक्ष्मण को प्राचीन कथाएँ सुनाते हैं। दर्शकों ने प्रभु राम, लक्ष्मण और माता सीता की जय-जयकार कर कार्यक्रम का आनंद लिया।कार्यक्रम में वृंदावन के कलाकारों द्वारा रात्रि में रामलीला के समापन के पश्चात भव्य रासलीला का मंचन भी किया गया। इस अवसर पर महंत ओमकार नाथ, सुनील मिश्रा, अमरीश शर्मा, राकेश लोधी, संजीव मिश्रा, भीम सिंह चौहान, सुधीर पाल सिंह, विकास पाल सिंह, संजीव शर्मा, आयुष सक्सेना, आकाश कश्यप, विनीत शर्मा सहित कई पदाधिकारी एवं भक्तजन उपस्थित रहे। लीला का संचालन संजय पांडेय, सोमनाथ सप्रे और अंकुर मिश्रा ने किया, जबकि रामायणी निशांत तिवारी एवं ओमकार सिंह यादव ने रामचरितमानस की चौपाइयों का गायन कर लीला को और भी प्रभावशाली बना दिया।

### सशस्त्र सीमा बल ने नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र में सिलाई एवं कम्प्यूटर प्रशिक्षण कार्यक्रम किया शुरु

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर।** हजारा। 49 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल पीलीभीत की बी समवाय बसही कार्य क्षेत्र में आने वाले गांव कृष्णा नगर में महिलाओं के लिए सिलाई प्रशिक्षण कार्यक्रम और जी समवाय कमलापुरी में बेसिक कंप्यूटर के तहत नागरिक कल्याण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसका शुभारंभ अमनदीप मन्हास उप कमांडेंट (प्रचालन)49 वीं वाहिनी एसएसबी पीलीभीत के द्वारा किया गया है।

# प्रभारी मंत्री बलदेव सिंह औलख ने पीलीभीत दौरे में व्यापारियों और आमजन को जीएसटी सुधार का महत्व बताया

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**




### स्वदेशी कृषि मेला का उद्घाटन, किसानों और वाहन चालकों को मिली राहत, व्यापार जगत में बढ़ी उम्मीदें

कृषि राज्य मंत्री और प्रभारी मंत्री बलदेव सिंह औलख ने पीलीभीत का दौरा कर जनता, किसानों और उद्यमियों से संवाद किया। अपने दौरे के दौरान उन्होंने सबसे पहले गांधी स्टेडियम में आयोजित स्वदेशी कृषि मेला का उद्घाटन किया और देशी उत्पादों को अपनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि स्वदेशी अपनाने से छोटे-बड़े व्यापारी लाभान्वित होंगे और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण को मजबूती मिलेगी।मंत्री बलदेव सिंह औलख ने भाजपा जिला कार्यालय में पत्रकारों से वार्ता के दौरान जीएसटी सुधार की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 22 सितंबर 2025 से लागू हुए नए प्रावधानों के अनुसार अब देश में केवल दो दरें - 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत होंगी, जबकि विलासिता और लग्जरी वस्तुओं पर 40 प्रतिशत की विशेष दर तय की गई है।उन्होंने कहा कि दूध, पनीर, शैम्पू, साबुन, टूथपेस्ट जैसी दैनिक उपयोग की वस्तुएँ अब पहले से सस्ती होंगी। बच्चों की सामग्री और जीवन बीमा पूरी तरह जीएसटी मुक्त कर दिए गए हैं। इसके अलावा कई दवाओं पर कर घटाकर आमजन को राहत दी गई है।किसानों के लिए विशेष रूप से कहा गया कि ट्रैक्टर, टायर, कीटनाशक और सिंचाई उपकरणों पर कर दर घटाकर 5 प्रतिशत की गई है। वहीं, कार और बाइक पर जीएसटी 28 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत कर दी गई है। उन्होंने बताया कि यह फैसले करोड़ों परिवारों की जेब में सीधी बचत पहुंचाएंगे। बलदेव सिंह औलख ने बताया कि लग्जरी कार, यॉट और कसीनो जैसी वस्तुएँ अब 40 प्रतिशत के विशेष स्लैब में आएंगी, जबकि तंबाकू और पान मसाला पर उच्च दरें मुआवजा सेस ऋण समाप्त होने तक जारी रहेंगी। व्यापार जगत को नई ऊर्जा देने के लिए मंत्री ने कहा कि छोटे व्यवसायों और स्टार्टअप्स को तेज रिफंड व्यवस्था और रिस्क बेस्ड कम्पलायंस से लाभ मिलेगा। उन्होंने जीएसटी संग्रह का आंकड़ा साझा करते हुए बताया कि वित्तीय वर्ष 2024 में 22 लाख करोड़ रुपये राजस्व संग्रह हुआ, जबकि 2025-26 के केवल पाँच माह में ही 10 लाख करोड़ से अधिक का संग्रह दर्ज किया गया। मंत्री बलदेव सिंह औलख ने कहा कि जीएसटी से प्राप्त आय का निवेश सड़क, रेलवे, मेट्रो, स्कूलों और अस्पतालों के विकास में किया जा रहा है। यह सुधार पारदर्शिता लाने के साथ-साथ राष्ट्र की अर्थव्यवस्था को गति देने में भी सहायक होंगे।कार्यक्रम में मंत्री ने शहर के व्यापारियों को जीएसटी सुधार संबंधी पत्रक वितरित किए और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इस ऐतिहासिक निर्णय के लिए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर घटी त्रस्ज्ञ, मिला उपहार धन्यवाद मोदी सरकार का नारा भी गूंजा। कार्यक्रम में पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष देवेंद्र सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह, पुरनपुर विधायक बाबूराम पासवान, बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्तानंद, बीसलपुर विधायक, नगर पालिका अध्यक्ष आस्था अग्रवाल, नौगवां पकड़िया नगर पंचायत अध्यक्ष संदीप कौर, जीएसटी जिला अभियान संयोजक मनोज गुप्ता, जिला मीडिया प्रभारी स्वतंत्र देवल सहित जिले के व्यापारीगण उपस्थित रहे।

# ग्राम मटेही में शरदकालीन गन्ना बुवाई के संबंध बजाज चीनी मिल खम्भारखेड़ा द्वारा भव्य कृषक संगोष्ठी का आयोजन




**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी**

बजाज हिन्दुस्थान शुगर लिमिटेड चीनी मिल खम्भारखेड़ा द्वारा ग्राम मटेही में शरदकालीन गन्ना बुवाई को लेकर एक वृहद कृषक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश गन्ना शोध परिषद, शाहजहांपुर के वैज्ञानिक सहायक निदेशक डॉ. परवीन कुमार कपिल एवं वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. आर.डी.तिवारी, गन्ना विकास परिषद् खम्भारखेड़ा से जयेष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक सुरेश कुमार चौधरी, बजाज चीनी मिल खम्भारखेड़ा के महाप्रबंधक (गन्ना) पुष्पेंद्र ढाका, सहायक महाप्रबंधक (गन्ना) संजीव कुमार एवं राजेंद्र सिंह, क्षेत्रीय प्रभारी प्रशांत सिंह सहित सैकड़ों की संख्या में किसान उपस्थित रहे।

### वैज्ञानिकों द्वारा किसानों को उन्नत खेती के महत्वपूर्ण सुझाव

गन्ना शोध परिषद, शाहजहांपुर से आए डॉ. परवीन कुमार कपिल ने शरदकालीन गन्ना बुवाई, भूमि शोधन, बीज शोधन, एवं अधिकतम उत्पादन तकनीकों के साथ साथ सहफसली खेती के लाभों पर किसानों को जागरूक किया। उन्होंने किसानों को गन्ने की पंक्ति से पंक्ति की न्यूनतम दूरी 4 फिट रखने, मृदा परीक्षण के आधार पर संतुलित उर्वरकों का उपयोग करने और नवीनतम वैज्ञानिक तकनीकों को अपनाने की सलाह दी। किसानों को गन्ने की फसल पर लगने वाले प्रमुख कीटों एवं बीमारियों के प्रभावी नियंत्रण के उपाय बताए।वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. आर.डी.तिवारी ने मृदा परीक्षण के आधार पर उर्वरकों के संतुलित उपयोग की सलाह दी साथ ही बताया की कैसे भूमि को और अधिक उपजाऊ बनाया जा सकता है। उन्होंने स्वीकृत गन्ना किस्मों, बीज उपचार (थायोफिनेट मिथाइल द्वारा), भूमि उपचार (ट्राइकोडर्मा द्वारा), सिंगल बड तकनीक, ट्रेंच विधि, जैविक खाद, संतुलित उर्वरक प्रयोग एवं पेड़ी प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की।

### महाप्रबंधक (गन्ना) ने दिया उन्नत खेती का संदेश

इस अवसर पर बजाज चीनी मिल खम्भारखेड़ा के महाप्रबंधक (गन्ना) पुष्पेंद्र ढाका ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रतिबंधित एवं अस्वीकृत गन्ना प्रजातियों की बुवाई न करें। उन्होंने शरदकालीन बुवाई हेतु को.0118, को.लख.14201, को.शा.13235, को.लख.16202, को.शा.18231 एवं को.शा.13231 जैसी उन्नतिशील गन्ना प्रजातियों को अपनाने की सलाह दी। साथ ही, उन्होंने ट्रेंच विधि से बुवाई करने एवं बीज व भूमि को ट्राइकोडर्मा तथा फफूंदनाशक घोल से उपचारित करने पर विशेष जोर दिया।

### वरिष्ठ उपाध्यक्ष का संदेश – गन्ना उत्पादन पर जोर

इस मौके पर चीनी मिल के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अवधेश कुमार गुप्ता का संदेश भी साझा किया गया, जिसमें उन्होंने किसानों को शरदकालीन बुवाई हेतु ट्रेंच विधि (4 फिट) अथवा दूरी विधि (3 से 3.5 फिट) अपनाने की सलाह दी। उन्होंने किसानों से कोल्हूओं एवं खांडसारियों को गन्ना न बेचकर अपने बेसिक कोटे को मजबूत करने का आग्रह किया, ताकि आगामी पेराई सत्र में उन्हें अधिक लाभ प्राप्त हो सके।

# मिशन शक्ति 5.0- जहां हक की बात बनी प्रेरणा- डीएम ने महिलाओं को दिया आत्मविश्वास और सशक्त होने का संदेश

- डीएम ने आयोग सदस्य संग बांटी 101 मिशन शक्ति स्पेशल सीएसआर किट, खिले चेहरे

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी**

हक की बात, जिलाधिकारी के साथ। मिशन शक्ति 5.0 के तहत गुरुवार को वन स्टाफ सेंटर में महिलाओं के सशक्तिकरण और उनके हक अधिकारों की चर्चा का भव्य मंच सजा। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, राज्य महिला आयोग सदस्य सुजाता कुमारी, सीडीओ अभिषेक कुमार, एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने महिलाओं को उनके हक़ और आत्मनिर्भर बनने की राह दिखाई। टूटते रिश्तों को जोड़ने की प्रेरक दास्तानें सुनाई और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए जागरूक किया। कार्यक्रम का सफल संयोजन डीपीओ लवकुश भार्गव ने किया।

कार्यक्रम में घरेलू हिंसा से प्रभावित महिलाओं, निराश्रित महिलाओं, सुलह समझौते के बाद सुखचैन से रहने वाले परिवार की महिलाओं और वन स्टाफ सेंटर की संवासिनियों को मिशन शक्ति स्पेशल सीएसआर किट वितरित की गई। इस दौरान डीएम ने स्वयं महिलाओं से संवाद भी किया।

### महिलाओं को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए शासन प्रतिबद्ध- डीएम





कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने मिशन शक्ति 5.0 की अहमियत पर जोर दिया। कहा कि महिलाओं को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है। स्पॉन्सरशिप योजना और मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के जरिये निराश्रित बच्चों को शिक्षा व सहारा उपलब्ध कराया जा रहा है। पीएम मातृत्व वंदना योजना के तहत बालिकाओं के जन्म पर पोषण के लिए आर्थिक सहयोग दिया जाता है, जबकि मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के तहत कन्याओं को 6 चरणों में ?25 हजार की मदद प्रदान की जा रही है। उन्होंने महिलाओं से आह्वान किया कि स्वयं, परिवार और बच्चों के भविष्य के लिए इन योजनाओं का लाभ जरूर उठाएं और अपने हक-अधिकारों के लिए हमेशा सजग रहें।डीएम ने भरोसा दिलाया कि शासन प्रशासन और सरकार कानूनी मदद के साथ-साथ परिवारों को जोड़ने और न्याय की लड़ाई में हर महिला के साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि अन्याय के विरुद्ध आवश्यक आवाज उठाएं, बालिकाएं पढ़-लिखकर आगे बढ़ें और देश की सेवा करें यही असली सशक्तिकरण है।

### केंद्र-प्रदेश की योजनाएं दे रहीं नारी को नई ताक़त- सुजाता कुमारी

राज्य महिला आयोग सदस्य सुजाता कुमारी ने कहा कि मिशन शक्ति 5.0 महिला सशक्तिकरण का बड़ा अभियान है। केंद्र व प्रदेश की मातृत्व वंदना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, उज्ज्वला, वन स्टॉप सेंटर, कन्या सुमंगला, स्पॉन्सरशिप व बाल सेवा योजनाएं महिलाओं को सुरक्षा, शिक्षा, पोषण और आत्मनिर्भरता दे रही हैं। महिलाओं से आह्वान किया कि अपने हक और कानूनी अधिकार जानें, योजनाओं का लाभ उठाएं और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ें।

सीडीओ अभिषेक कुमार ने कहा, नारी सशक्त होगी तो परिवार, समाज और देश मजबूत होगा। सरकार हर बेटी और महिला को उसके हक और अधिकार दिलाने के लिए कटिबद्ध है। योजनाओं का लाभ उठाइए और अन्याय के खिलाफ आवाज उठाइए। यही असली मिशन शक्ति है। एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने महिलाओं को अपने हक और कानूनी अधिकारों की पूरी जानकारी रखने की आवश्यकता बताई और कहा कि जिला प्रशासन लगातार जागरूकता फैला रहा है। कार्यक्रम में थानाध्यक्ष महिला थाना शिल्पी शुक्ला, काउंसलर कुसुम गुप्ता, नीति गुप्ता और अधिवक्ता अंजना पांडे ने भी उपस्थित महिलाओं को कानूनी जानकारी दी।

### प्रशासन की सुलह ने जोड़ दी रोशनी लालू की टूटी डोर, रोशनी ने खुद सुनाई पूरी दास्तान

कुछ दिन पूर्व कपड़े प्रेस करने को लेकर हुए मामूली झगड़े ने रोशनी और लालू के रिश्ते को संकट में डाल दिया था।

दोनों अलग हो गए थे, लेकिन प्रशासन की सुलह पहल ने उनके रिश्ते को फिर से जोड़ दिया। हक की बात जिलाधिकारी के साथ कार्यक्रम के दौरान डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल और राज्य महिला आयोग की सदस्य के समक्ष रोशनी ने पूरी दास्तान सुनाई।

रोशनी ने कहा कि आज हम हंसी-खुशी साथ हैं।सभी से यही कहना चाहती हूं कि पत्नी के साथ कभी दुर्व्यवहार या झगड़ा न करें। हमेशा प्यार और समझदारी से रहिए।

### कांग्रेसियों का एफ आई आर न दर्ज किए जाने के विरोध में सातवें दिन क्रमिक अनशन जारी

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी।** सातवें दिन भी कांग्रेसियों का क्रमिक अनशन जारी है जब तक सत्ता पक्ष का समर्थन प्राप्त उपद्रवियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज नहीं होता है अनशन जारी रहेगा। अनशन को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष प्रहलाद पटेल ने कहा कि उत्तर प्रदेश की भ्रष्ट निकम्मी सरकार का निकम्मा प्रशासन दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई करने से बच रहा है। आज हम सभी लोग विगत 19 तारीख से हम सभी लोग क्रमिक अनशन पर बैठे हैं। पुलिस प्रशासन के कानून में जू तक नहीं रेंग रहा है। जनपद की कानून व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है। कानून नाम की कोई चीज नहीं रही आए दिन हत्या चोरी डकैती बलात्कार जैसे जघन्य अपराध हो रहे। आज क्रमिक अनशन की अगुवाई कर रहे जिला उपाध्यक्ष मोहन चंद्र उप्रेती ने अपने संबोधन में कहा कि जब तक दोषियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज नहीं किया जाएगा तब तक हम लोग आंदोलन रत रहेंगे प्रशासन की नींद हराम कर देंगे। उन्होंने पुलिस पर आरोप लगाते हुए कहा कि पुलिस का दोहरा चरित्र है पुलिस सत्ता के दबाव में विपक्ष को नीचा दिखाना चाहती है परन्तु ऐसा नहीं होगा। आज हम लोग शांति से क्रमिक अनशन पर हैं आवश्यकता पड़ी तो जल्द ही प्रशासन का घेराव कर अपनी मांगे मनवाने के लिए बाध्य करेंगे। आज अनशन पर बैठे प्रमुख 11 सदस्यीय गणों में मोहन चंद्र उप्रेती, अब्दुल मजीद, मंजू मिश्रा, नागेंद्र चौहान इनायत अली, उद्देश्य गिरी, धर्मेंद्र सिंह, फ़िरासत अली, प्रदीप कुमार वर्मा, गौरव दीक्षित, संतोष कुमार, रजनी, पूजा पांडे, खूबचंद भास्कर आदि। उक्त अनशन के समर्थन में सैकड़ो लोग मौजूद रवि तिवारी, डॉक्टर रईस अहमद उस्मानी, तरुण शालू, रामकुमार मिश्र, रामजीवन राज, श्रीमती शाहजहां, अब्दुल रहीम, लतीफ आजम, गजेन्द्र, चरन सिंह संजय गोस्वामी, नरेंद्र कुमार पांडे, पंकज शुक्ला, कोमल सिंह आदि।

# डीएम की जनसुनवाई में साकार हुआ मिशन शक्ति 5.0 का संकल्प

## दिव्यांग मां-बेटी का शिक्षा और आवास का सपना हुआ पूरा

**जन एक्सप्रेस । उरई**



जिले में मिशन शक्ति 5.0 अभियान निरंतर नारी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन की अलख जगा रहा है। इसीक्रम में जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय की जनसुनवाई के दौरान संवेदनशीलता और मानवता का प्रेरक उदाहरण सामने आया। उमरारखेड़ा निवासी दिव्यांग देवेंद्र प्रताप सिंह, पत्नी क्रांति देवी व उनकी पुत्री निहारिका गौतम अपनी समस्या लेकर पहुंचे।

बाहर खड़ी क्षेत्राधिकारी उरई अर्चना सिंह ने दिव्यांग दंपत्ति को देखकर तुरंत सहारा दिया और उन्हें जिलाधिकारी तक पहुंचाया। जैसे ही वे अंदर पहुंचे, जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डॉ0 दुर्गेश कुमार ने अपनी कुर्सी छोड़कर दिव्यांग मां-बेटी को बिठाया। जिलाधिकारी ने मानवीय संवेदनशीलता का परिचय देते हुए उनकी बात ध्यान से सुनी। प्रार्थना पत्र में दंपत्ति ने बताया कि उनकी पुत्री निहारिका, जो कक्षा 10 की छात्रा है, की फीस भरने में वे असमर्थ हैं और परिवार के पास रहने के लिए आवास भी नहीं है। इस पर जिलाधिकारी ने तत्काल जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को छात्रा की पढ़ाई सुनिश्चित करने और आवास उपलब्ध कराने के लिए संबंधित अधिकारी को निर्देशित कर शाम तक संपूर्ण कार्यवाही पूर्ण कर आवास और अन्य प्रबंधन सुनिश्चित कराने का निदेश दिया। यह पहल मिशन शक्ति 5.0 की भावना को जीवंत करती है, जहाँ शासन-प्रशासन सिर्फ योजनाओं तक सीमित न रहकर संवेदनशीलता के साथ जरूरतमंद महिलाओं और बालिकाओं के सपनों को पूरा करने में अग्रणी भूमिका निभा रहा है।

### राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ उत्तर प्रदेश के प्रयास से नगर क्षेत्र जालौन का पूर्व में देय नगरीय एचआरए पुनः बहाल

उरई/जालौन। एचआरए की दरों में संशोधन के सम्बन्ध में जारी शासनादेश के अनुसार सी श्रेणी के शहरों को और जिला मुख्यालय उरई, कोंच, कालपी को ब श्रेणी के नगरीय क्षेत्रों में चयनित किया गया। उक्त आदेश में जालौन को जिला मुख्यालय माना गया है जबकि जिला मुख्यालय उरई है और जिला जालौन है। इस तकनीकी विभागीय त्रुटि के कारण नगर क्षेत्र जालौन व नियमानुसार उसकी 8 किमी. की परिधि में आने वाले ग्रामों में कार्यरत शिक्षक व कर्मचारी नगर क्षेत्र के एचआरए के लाभ से वंचित हो गये थे। नगर क्षेत्र में होते हुये भी उनको ग्रामीण क्षेत्र का एचआरए दिया जा रहा था। प्रदेशीय मीडिया प्रमुख बृजेश श्रीवास्तव ने बताया कि राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ उत्तर प्रदेश द्वारा इस तकनीकी समस्या के निराकरण के लिए वर्ष 2018 से लगातार प्रयासरत था, जिसके फलस्वरूप दीपक कुमार अपर मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश शासन द्वारा बुधवार को संशोधित शासनादेश जारी कर इस समस्या का निस्तारण कर दिया है। इस शासनादेश से नगर जालौन व उसकी 8 किमी की परिधि में कार्यरत शिक्षकों व कर्मचारियों में खुशी की लहर है।

# रामलीला में सातवें दिन राम वनवास लीला का हुआ मंचन

**जन एक्सप्रेस । जालौन**



रामलीला भवन में चल रहे 176 वे श्रीराम लीला महोत्सव के 7वें दिन सीता विदाई से राम वनवास तक की लीला का मंचन किया गया। राम वनवास की लीला देख राम भक्त भाव-विभोर हो गए।

रामलीला महोत्सव में सातवें दिन माता सीता का अपने माता-पिता, सगे-संबंधी, भाई-बंधु से बिछड़ने की लीला का मनोहारी प्रस्तुति देख सभी आकुल हो गए। राम परिवार का फूलों की वर्षा कर स्वागत किया गया। माता सीता के अयोध्या पहुंचने पर बधाई गीत गाए गए। मंच पर राजा दशरथ भगवान श्रीराम को युवराज घोषित करते हैं तो मंथरा के भड़काने पर कैकई कोप भवन में चली जाती हैं। राजा दशरथ के मनाने पर वह भरत को राजगद्दी व श्रीराम को 14 वर्ष का वनवास का वरदान मांगती है। इसका पता चलने पर भगवान श्रीराम सीता जी व लक्ष्मण के साथ वनवास चले जाते हैं। भगवान श्रीराम व अयोध्या के महाराज दशरथ के संवाद को सुनकर दर्शकों की आंखें नम हो गई तथा पंडाल में कुछ देर के लिए खामोशी छा गई। लीला मंचन में भगवान श्रीराम के रूप में मनोज तिवारी , माता जानकी के रूप में बृजेश तिवारी , लक्ष्मण के रूप में शीपू पारासर, राजा दशरथ के रूप रमेश चंद्र दुवे, वशिष्ठ के रूप में उमेश दुबे, कैकेयी के रुप में तितली रानी, कौशल्या के रूप काजल, मंथरा के रूप में टिल्लू, सरस्वती के रुप में श्याम का अभिनव दर्शकों को खूब भाया, इस मौके पर समिति के अध्यक्ष शशिकांत द्विवेदी, मंत्री पवन चतुर्वेदी, निदेशक प्रयाग गुरु, मंगल चतुर्वेदी, राजकुमार, गुड्डन सक्सेना ने लीला का सफल आयोजन करने में सहयोग किया।

# उरई विकास प्राधिकरण में आयोजित हुआ मानचित्र निस्तारण एवं समाधान दिवस




**जन एक्सप्रेस । उरई**

डीएम/उपाध्यक्ष उरई विकास प्राधिकरण राजेश कुमार पाण्डेय के निर्देश पर आज उरई विकास प्राधिकरण कार्यालय में मानचित्र निस्तारण एवं समाधान दिवस आयोजित किया गया। समाधान दिवस में कुल 48 लोगों ने प्रतिभाग किया। इस दौरान 04 शमन मानचित्र दाखिल किए गए तथा पहले से दाखिल 12 शमन मानचित्रों में ड्राइंग सुधार एवं भू-स्वामित्व संबंधी अभिलेख प्राप्त हुए। आपत्तियों के निस्तारण के लिए स्थलीय जांच एवं गणना कराने हेतु अवर अभियंता को निर्देशित किया गया। सत्र के दौरान कुल 15 वाद प्रकरणों की सुनवाई सचिव, उरई विकास प्राधिकरण परमानन्द यादव द्वारा की गई। इस अवसर पर प्राधिकरण अभियंता एवं पटल सहायक भी उपस्थित रहे। सचिव ने सभी निर्माणकर्ताओं और विकासकर्ताओं से अपील की कि वे उरई विकास प्राधिकरण क्षेत्राधिकार में किसी भी निर्माण कार्य से पूर्व मानचित्र स्वीकृत कराकर ही निर्माण करें, अन्यथा उत्तर प्रदेश नगर नियोजन एवं विकास अधिनियम 1973 की सुसंगत धाराओं के अंतर्गत प्रभावी कार्यवाही की जाएगी।

# नवरात्रि के चौथे दिन मां कूष्मांडा की हुई पूजा-अर्चना

**जन एक्सप्रेस । जालौन**

नवरात्रि महोत्सव के चौथे दिन नगर के माता के मंदिरों व दुर्गा पंडालों में मां के चौथे स्वरूप कूष्मांडा की पूजा अर्चना की गयी। भक्तों ने माता के मंदिरों व पंडालों में पहुंचकर श्रृद्धा पूर्वक विधि विधान से पूजा अर्चना की तथा मां से यश, सुख, समृद्धि, अच्छी सेहत और दीर्घायु की कामना की। शारदीय नवरात्रि के चौथे दिन मां कूष्मांडा की नगर में बनाये गये 63 पंडालों व नगर के प्राचीन व प्रमुख छोटी माता, बड़ी माता, छटी माता, संतोषी माता, अलखिया माता, कामाक्षा देवी पहाड़पुरा में पूजा अर्चना की गयी। सूर्य उदय से पूर्व मां की मंगला आरती से मंदिरों के पट खुल गये तथा भक्तों का पहुंचना शुरू हो गया। पंडालों में मंदिरों से आती शंख, झालर, घंटा व देवी गीतों की ध्वनि से नगर का वातावरण मां की भक्ति मय हो गया। मां कूष्मांडा की आठ भुजाएं हैं, इसलिए



इनको अष्टभुजा देवी भी कहते हैं। ये अपनी आठ भुजाओं में चक्र, गदा, धनुष, बाण, अमृत कलश, कमल और कमंडल धारण करती हैं. मां कूष्मांडा का वाहन सिंह है, जो साहस और निर्भय का प्रतीक है। येदेवी अपने एक हाथ में जप की माला भी धारण करती हैं। मां कूष्मांडा के नाम का अर्थ कुम्हड़ा है। इसे संस्कृत में कूष्मांडा कहते हैं।पं. देवेन्द्र दीक्षित बताते हैं कि मां कूष्मांडा के नाम का अर्थ त्रिविध तापयुक्त संसार जिनके उदर में स्थित है, वे भगवती कूष्मांडा कहलाती हैं। कूष्मांडा का अर्थ कुम्हड़े से भी है। मां कूष्मांडा को कुम्हड़ा अति प्रिय है, इसलिए भी इनको कूष्मांडा कहते हैं. हालांकि बृहद रूप में देखा जाए तो एक कुम्हड़े में अनेक बीज होते हैं, हर बीज में एक पौधे को जन्म देने की क्षमता होती है। उसके अंदर सृजन की शक्ति होती है. मां ने इस पूरे ब्रह्मांड की रचना की है। उनके अंदर भी सृजन की शक्ति है।

# सिम कार्ड फ्रेंचाइजी के नाम पर फर्जीवाड़े में लिप्त धर्मेंद्र सक्सेना गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । उरई**

दूरसंचार सिम कार्ड फ्रेंचाइजी के नाम पर बड़े फर्जीवाड़े में लिप्त जालौन निवासी धर्मेंद्र सक्सेना को अंडमान-निकोबार एसटीएफ ने गिरफ्तार कर लिया है। मामला 25 फरवरी का है, जब बीएसएनएल अंडमान-निकोबार दूरसंचार मंडल के सहायक महाप्रबंधक ने दक्षिण अंडमान साइबर अपराध थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। आरोप है कि धर्मेंद्र सक्सेना ने अपने मुख्तारों के जरिए करीब 38 हजार फर्जी आधार कार्ड जारी कराए। जांच में सामने आया कि काम उसकी सहमति से हुआ और आधार नामांकन से जुड़े व्हाट्सएप ग्रुप का संचालन भी उसी के नियंत्रण में था। पहले भी धर्मेंद्र को लखनऊ में यूपी एसटीएफ ने दबोचा था, लेकिन कथित लेन-देन के बाद वह छूट गया। बाद में उसने अग्रिम जमानत के लिए कलकत्ता हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी, जिसे अदालत ने अभियोजन पक्ष की दलीलों पर खारिज कर दिया। इसी दौरान कोर्ट परिसर के बाहर अंडमान-निकोबार की विशेष जांच टीम ने उसे गिरफ्तार कर लिया।धर्मेंद्र सक्सेना का नाम पहले भी कई विवादों में आ चुका है। हाल ही में कालपी कोतवाली क्षेत्र के छौंक गांव में 6 करोड़ की जमीन धोखाधड़ी में इसका नाम सामने आया था। उसके सहयोगी सचिन सिंह समेत 26 लोग जेल भेजे गए थे, लेकिन लंबी सौदेबाजी के बाद यह छूट गया। इस प्रकरण की दोबारा जांच के निर्देश अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन ने दिए हैं और विवेचना अधिकारी पर कार्रवाई की संभावना जताई जा रही है।फिलहाल धर्मेंद्र को पोर्ट ब्लेयर की प्रोथरपुर जिला जेल भेजा गया है।सूत्रों के अनुसार उसे सामान्य बैरक में रखा जा सकता है, लेकिन सुरक्षा कारणों से हाई सिक्योरिटी बैरक में भी भेजा जा सकता है। इस मामले में दोषी साबित होने पर उसे 10 साल तक की सजा और भारी जुर्माना भुगतना पड़ सकता है।

# मिशन शक्ति 5.0 में मंच से लेकर नेतृत्व तक नारी शक्ति ने संभाली कमान

**जन एक्सप्रेस । उरई**

शहर के राजकीय मेडिकल कॉलेज के ऑडिटोरियम में मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत आज भव्य कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस अवसर की सबसे खास झलक यह रही कि मंच संचालन से लेकर मंच पर विराजमान अतिथियों तक हर जगह नारी शक्ति की ही गूंज रही।कार्यक्रम में महिलाओं को सम्मानित करने के उद्देश्य से आज की प्रतीकात्मक जिलाधिकारी की भूमिका हेतु श्रीमती बबली देवी को तथा प्रतीकात्मक पुलिस अधीक्षक की भूमिका सीमा को सौंपी गई।




दोनों ने आत्मविश्वास से भरे संबोधन के माध्यम से उपस्थित छात्राओं और महिलाओं का उत्साहवर्धन किया। एक दिन की जिलाधिकारी बबली देवी ने कहा- ÷आज का दिन मेरे लिए गौरव का है। मिशन शक्ति ने हमें यह विश्वास दिया है कि महिलाएँ केवल घर तक सीमित नहीं, बल्कि वे प्रशासन व नेतृत्व की जिम्मेदारी भी निभा सकती हैं। बेटियाँ अब किसी से कम नहीं, वे चाहें तो हर मुकाम हासिल कर सकती हैं।÷ आज की पुलिस अधीक्षक सीमा ने कहा महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान सर्वोच्च है। पुलिस सदैव बेटियों की सुरक्षा के लिए तत्पर है। हेल्पलाइन नंबर 1090, 112 और 181 हर महिला का सुरक्षा कवच हैं।÷ इस मौके पर सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा, माधौगढ़ विधायक मूलचंद निरंजन, एमएलसी रमा निरंजन ने भी संबोधित किया। मिशन शक्ति के उद्देश्य को सही अर्थों में परिभाषित किया गया ।सहित बड़ी संख्या में नारी शक्ति और छात्राएँ मौजूद रहीं। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं व छात्राओं ने भी बढ़-चढ़कर सहभागिता की।

यह अनोखी पहल न सिर्फ महिलाओं और बालिकाओं के आत्मविश्वास को बढ़ाने वाली रही बल्कि समाज को यह सशक्त संदेश भी दिया कि नारी शक्ति ही सशक्त भारत की पहचान है।

### फिसलकर गिरा युवक, चिकित्सकों ने किया मृत घोषित

**जन एक्सप्रेस । उरई**

कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला राजेंद्र नगर में युवक फिसलकर कमरे में गिर गया। परिजन उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल ले गए। जहां उसे मृत घोषित कर दिया।

शहर के मुहल्ला राजेंद्र नगर निवासी 33 वर्षीय युवक प्रतीक उर्फ लकी घर के कमरे में फिसलकर गिर गया था। जिससे उसके सिर में गंभीर चोटे आने से वह अचेत हो गया।इसके बाद स्वजन उसे रात में ही इलाज के लिए मेडिकल कालेज ले गए।

जहां पर डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर सुनते ही परिजनों में कोहराम मच गया। बताया गया कि उसकी पत्नी ने भी एक साल पहले फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली थी। पिता सर्वेश व छोटा भाई उसकी मौत से बेहाल हैं। कोतवाली के एसएसआई शिवकुमार ने शव का पंचनामा भर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जन्म जयंती समारोह के अवसर पर आयोजित हुई संगोष्ठी

**जन एक्सप्रेस । महोबा**

भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय महोबा में सेवा पखवाड़ा के तहत पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के उपलक्ष्य में एक भव्य जिला संगोष्ठी आयोजित की गई।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व जिलाध्यक्ष एवं विधान परिषद सदस्य अविनाश सिंह चौहान, संगोष्ठी की अध्यक्षता कर रहे भाजपा जिलाध्यक्ष मोहनलाल कुशवाहा विशिष्ट अतिथि के रूप में निवर्तमान सांसद पुष्पेंद्र सिंह चंदेल, जिला पंचायत अध्यक्ष जेपी अनुरागी, हमीरपुर कोऑपरेटिव बैंक अध्यक्ष चक्रपाणि त्रिपाठी, निवर्तमान जिलाध्यक्ष अवधेश गुप्ता, डॉ. कमलेश सक्सेना पूर्व जिलाध्यक्ष, चरखारी ब्लॉक प्रमुख सीमा जयराम कुशवाहा, जैतपुर ब्लॉक प्रमुख संदीप राजपूत, सेवा पखवाड़ा अभियान के जिला संयोजक मंगल महान मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन भाजपा जिला उपाध्यक्ष एवं संयोजक योगेश मिश्रा के द्वारा किया गया।



कार्यक्रम के दौरान अपने संबोधन में जिलाध्यक्ष मोहनलाल कुशवाहा ने कहा कि पं. दीनदयाल उपाध्याय का महान दर्शन एकात्मक मानववाद आज भी प्रासंगिक है, उनके विचारों से प्रेरणा लेनी चाहिए।निवर्तमान सांसद पुष्पेंद्र सिंह चंदेल ने कहा कि अपनी संस्कृति को न जानना हमारी समस्याओं की जड़ है, यही शिक्षा हमें पंडित दीनदयाल उपाध्याय के द्वारा दी गई है। पूर्व जिलाध्यक्ष अवधेश गुप्ता ने बताया कि राष्ट्रवाद की विचारधारा को जन-जन तक पहुँचाने हेतु उन्होंने 1951 में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के साथ मिलकर भारतीय जनसंघ की स्थापना की। वहीं संगोष्ठी कार्यक्रम के मुख्य वक्ता अविनाश सिंह चौहान (एमएलसी) ने कहा कि आज हम एक महान तपस्वी, दूरदर्शी विचारक और राष्ट्रनायक का स्मरण कर रहे हैं। पपीएम मोदी के नेतृत्व में आज अंत्योदय केवल दर्शन नहीं रहा, बल्कि धरातल पर साकार यथार्थ बन चुका है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय का विश्वास था कि जब गांव सशक्त होगा तभी राष्ट्र शक्तिशाली बनेगा। उनका यह दर्शन हम सबका मार्गदर्शन कर रहा है। संगोष्ठी में कार्यकर्ताओं को पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचारों से प्रेरणा लेने एवं राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानकर सेवा करने का संकल्प दिलाते हुए भाजपा की जिला स्तरीय संगोष्ठी के दौरान पूर्व जिलाध्यक्ष एवं सदस्य विधान परिषद अविनाश सिंह चौहान ने अपने संबोधन में कहा कि मुखर्जी के बलिदान के नारे को सच्चा करके दिखाने वाली भाजपा ने साबित कर दिया कि जहां हुए बलिदान मुखर्जी वो कश्मीर हमारा है। उन्होंने कहा कि भाजपा का नारा दिया कि मंदिर वहीं बनाएंगे तो अयोध्या में आराध्य भगवान श्रीराम का भव्य मंदिर बनाया। विश्व गुरु बनाने की दिशा में भाजपा ने बिना रुके बिना थके बिना राजनैतिक ईर्ष्या के आगे बढ़ते जाने का लक्ष्य का संकल्प लिया है। जीएसटी रिफॉर्म को लेकर उन्होंने स्पष्ट किया कि बहुत से वस्तुओं और सेवाओं को जीएसटी से मुक्त करने और दरों में कमी किए जाने के बाद निश्चित रूप से सभी वर्गों को टैक्स भुगतान की दिशा में राहत दी गई है। हां विलासिता की वस्तुएं अभी टैक्स से छूट के दायरे से बाहर हैं। मोदी सरकार के इस ऐतिहासिक फैसले को लेकर विपक्षी दलों में खलबली मची हुई है। इसीलिए विरोधी दल किसी भी कीमत पर सत्ता पाने का सपना पूरा करने के लिए ऐसे मुद्दों को हवा देने में लगे हुए हैं जिनका वास्तविकता से कोई लेना देना नहीं है। भाजपा देश के यशस्वी प्रधानमंत्री के नेतृत्व में सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास के नारे को लेकर जमीनी स्तर पर कार्य कर रही है।

# इंडिगो ब्लूचिप्स पर ग्राहक हर साल 29,000 तक बोनस प्राप्त कर सकते हैं

**जन एक्सप्रेस । आगरा**

भारत में क्रेडिट कार्ड जारी करने वाली सबसे बड़ी कंपनी, एसबीआई कार्ड और भारत की सबसे पसंदीदा एयरलाइन, इंडिगो ने आज इंडिगो ब्लूचिप लॉयल्टी प्रोग्राम के तहत इंडिगो एसबीआई कार्ड के लॉन्च की घोषणा की।

इस प्रीमियम को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड को दो अलग-अलग वेरिएंट, यानी इंडिगो एसबीआई कार्ड और इंडिगो एसबीआई कार्ड एलीट में लॉन्च किया गया है, ताकि अक्सर यात्रा करने वालों को शानदार रिवाड्र्स के साथ फ़ायदेमंद अनुभव मिल सके। इस कार्ड के ग्राहकों को इंडिगो के इकोसिस्टम में उपलब्ध सभी सेवाओं के साथ-साथ होटल और ट्रैवल बुकिंग सहित दूसरी श्रेणियों में किए गए सभी खर्चों पर रिवॉड्र्स मिलेंगे। ग्राहक इस कार्ड के लिए एसबीआई कार्ड स्प्रिंट के ज़रिए, या फिर एसबीआई कार्ड की वेबसाइट एसबीआई कार्ड डॉट कॉम पर जाकर डिजिटल तरीके से आवेदन कर सकते हैं, साथ ही वे एसबीआई कार्ड के रिटेल कियोस्क पर जाकर ऑफ़लाइन आवेदन का विकल्प भी चुन सकते हैं।

इंडिगो एसबीआई कार्ड को ग्राहकों के लिए हर यात्रा को रिवॉड्र्स से भरपूर और ज़्यादा सहज बनाने के लिए काफी सोच-समझकर डिज़ाइन किया गया है, जिससे आपकी हर यात्रा बेहद फायदेमंद और शानदार बन जाती है। कार्डधारकों को इंडिगो के इकोसिस्टम में उपलब्ध सेवाओं पर खर्च के लिए इंडिगो एसबीआई कार्ड एलीट का उपयोग करने पर 7प्रतिशत और इंडिगो एसबीआई कार्ड का उपयोग करने पर 3प्रतिशत रिवॉड्र्स मिलेंगे।

# गांव में बच्चियों को एक दिन का प्रधान और उनके कार्य दायित्वों के सम्बन्ध में हुई चर्चा

**जन एक्सप्रेस । महोबा**

महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन हेतु मिशन शक्ति विशेष अभियान हेतु एक व्यापक कार्ययोजना तैयार कर अन्तर्विभागीय समन्वय स्थापित करते हुए आगामी शारदीय नवरात्र पर्व के अवसर पर 22 सितंबर से मिशन शक्ति का 30 दिवसीय विशेष अभियान फेज 05 का शुभारम्भ किया गया है। उक्त कार्यक्रमों में जिलाधिकारी गजल भारद्वाज द्वारा सोशल मीडिया से छात्राओं के जीवन में सकारात्मक उपयोग पर गूगल मीट के माध्यम से स्कूल एवं कालेज की छात्र एवं छात्राओं से जुडकर मिशन शक्ति 5.0 के अन्तर्गत किये जा रहे कार्यक्रमों हेतु सुझाव मांगे व शिक्षा, स्वास्थ्य इत्यादि में आ रही समस्याओं




के संबंध में छात्राओं से बात तथा समस्याओं के निस्तारण हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये गये। छात्रा मोनिका द्वारा वीरभूमि स्नात्तकोत्तर महाविद्यालय में कैरियर काउन्सिलिंग से सम्बन्धित कार्यक्रम कराये जाने तथा प्रधानाध्यापक पटेल इण्टर कालेज ननौरा द्वारा घुमन्तु एवं आदिवासी लोगों के बच्चों को शिक्षा से जोडे जाने हेतु सुझाव दिये। उक्त के अतिरिक्त जिलाधिकारी द्वारा आगामी दिवस शुक्रवार को जनपद को एनिमिया मुक्त बनाये जाने हेतु आयरन व फॉलिक एसिड, सेनेटरी पैड का वितरण जनपद व समस्त ग्राम स्तर पर किया जायेगा। 27 सितंबर को गांव में बच्चियों को एक दिन का प्रधान व प्रधान के कार्य दायित्वों एवं पंचायत की कार्यवाही के सम्बन्ध में चर्चा के साथ-साथ 29 सितंबर को शक्ति संवाद कार्यक्रम का आयोजन राजकीय वीर भूमि डिग्री कालेज में वृहद स्तर पर किया जाना प्रस्तावित है। बैठक में जिलाधिकारी गजल भारद्वाज, मुख्य विकास अधिकारी बलराम कुमार, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ आशाराम, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी के अतिरिक्त प्रधार्य वीर भमि राजकीय महाविद्यालय, मां चन्द्रिका महाविद्यालय, राजकीय बालिका इण्टर कालेज बजरिया, राजकीय बालिका इण्टर कालेज चरखारी, राजकीय बालिका इण्टर कालेज रामनगर, बालिका विद्या मन्दिर, बुन्देलखण्ड नवोदय महाविद्यालय श्रीनगर, स्व0 हीरा देवी आशारानी पी0जी0 कालेज कबरई, रोशन सिंह महाविद्यालय कबरई से समस्त छात्राऐं व अध्यापक के साथ-साथ अन्य विभागीय अधिकारी व कार्मिक उपस्थित रहे।

# स्वस्थ दिखने वाले लोगों में भी बढ़ रहा सडन कार्डियक डेथ का खतरा

**जन एक्सप्रेस । अलीगढ़**

अचानक होने वाली हृदय मृत्यु - सडन कार्डियक डेथ एक साइलेंट किलर है, जो बिना चेतावनी के किसी को भी प्रभावित कर सकता है। इसमें हृदय अचानक धड़कना बंद कर देता है, जिससे खून का प्रवाह रुक जाता है और शरीर के अहम अंगों को नुकसान पहुँचता है। यह हार्ट अटैक से अलग है, जो आमतौर पर ब्लॉक्ड आर्टरीज़ के कारण होता है। एस.सी.डी. प्रायः एरिथमिया, विशेष रूप से वेंट्रिकुलर फिब्रिलेशन, की वजह से होता है। दुखद रूप से यह स्वस्थ दिखने वाले लोगों से लेकर नोन हार्ट पेशेंट्स तक किसी को भी प्रभावित कर सकता है।कोरोनरी आर्टरी डिजीज एस.सी.डी. का सबसे बड़ा कारण है, लेकिन हाइपरट्रॉफिक कार्डियोमायोपैथी, जन्मजात हृदय दोष, मायोकार्डाइटिस और हृदय की स्ट्रक्चरल अथवा इलेक्ट्रिकल डिस्टर्बेंस भी इसे जन्म दे सकती हैं। जिन लोगों को पहले हार्ट अटैक या हार्ट फेलियर हुआ है या जिनके परिवार में इस तरह की घटनाओं का इतिहास है, उनमें जोखिम ज्यादा होता है। चिंताजनक बात यह है कि कई मामलों में मरीजों को यह तक पता नहीं होता कि उन्हें हृदय रोग है। बीएलके-मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, नई दिल्ली के इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजी विभाग के चेयरमैन डॉ. सुभाष चन्द्रा ने बताया कि कुछ चेतावनी संकेत ऐसे होते हैं जिन्हें अनदेखा नहीं करना चाहिए। इनमें बिना कारण बेहोशी या चक्कर आना, तेज या अनियमित धड़कन, सीने में दर्द या भारीपन (विशेषकर परिश्रम के दौरान), सांस लेने में तकलीफ या असामान्य थकान शामिल हैं।

# मिशन शक्ति के तहत छात्रा रिम्स सिंह बनीं एक दिन की एसपी

- 12वीं की छात्रा रिम्स सिंह को मिला एक दिन के लिए एसपी की कुर्सी, हाथ में वायरलेस चेहरे पर दिखा आत्मविश्वास

**जन एक्सप्रेस । महराजगंज**



महिला की सुरक्षा, सम्मान और सशक्तिकरण के पंच प्रवाह को केंद्र में रखकर चलाए जा रहे मिशन शक्ति फेज पांच अभियान के तहत जिले में एक अनोखा नज़ारा देखने को मिला। गुरुवार को एसपी सोमेंद्र मीना ने 12वीं की छात्रा रिम्स सिंह को एक दिन के लिए पुलिस कप्तान बनाया। एसपी की कुर्सी पर बैठते ही रिम्स ने महिला सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर फोकस करते हुए अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए और हेल्प डेस्क पर आने वाली शिकायतों का बारीकी से निरीक्षण किया।

महराजगंज पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीणा के साथ कुर्सी साझा करते हुए रिम्स ने सबसे पहले वायरलेस सेट के जरिए जनपद के सभी थानों को जोड़ा और मिशन शक्ति केंद्रों के कामकाज की जानकारी ली। निचलौल थाने के महिला हेल्प डेस्क पर आई एक शिकायत का फीडबैक खुद पीड़िता से लेकर रिम्स ने जाना कि कार्रवाई से वह संतुष्ट है या नहीं। छात्रा एसपी ने स्पष्ट संदेश दिया कि जो भी व्यक्ति थाने में शिकायत लेकर आता है, उससे शालीनता और संवेदनशीलता से पेश आएं, ताकि उनमें सुरक्षा और विश्वास की भावना और मजबूत हो।

निरीक्षण के दौरान छात्रा एसपी कोतवाली थाने भी पहुंचीं। यहां उन्होंने मिशन शक्ति हेल्प डेस्क पर रखे पंपलेट और हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी ली। इसी बीच उन्होंने अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ से सवाल किया कि 112 पर कॉल करने वालों तक पुलिस कितने समय में पहुंचती है। जवाब मिला कि जनपद का रिस्पांस टाइम बेहतर है और पीआरवी तुरंत मौके पर पहुंचती है।

कार्यक्रम के दौरान वास्तविक पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीणा उनके साथ मौजूद रहे और छात्रा एसपी को हर कदम पर प्रोत्साहित किया। रिम्स ने कहा कि महिलाओं और बेटियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना सभी का कर्तव्य है और समाज को यह विश्वास दिलाना जरूरी है कि उनकी शिकायतें सुनी जाएंगी और समाधान किया जाएगा।

बिशप एकेडमी की छात्रा रिम्स सिंह, जिनके पिता प्रद्युम्न सिंह और माता रूबी सिंह हैं, संगीत की शौकीन हैं और भविष्य में आईपीएस बनकर देश की सेवा करना चाहती हैं। गुरुवार को एक दिन की एसपी बनी इस छात्रा का आत्मविश्वास और संवेदनशीलता सभी के लिए प्रेरणा का संदेश छोड़ गई।

हालांकि मिशन शक्ति 5.0 के तहत यह पहल न केवल छात्राओं में आत्मविश्वास जगाने का प्रयास है बल्कि समाज को यह संदेश भी देती है कि बेटियां हर क्षेत्र में सक्षम हैं और जिम्मेदारी निभाने में पूरी तरह सक्षम हैं।

## एटीएम कार्ड बदल उचक्कों ने उड़ाए 17 हजार

**जन एक्सप्रेस । देवरिया**

पथरदेवा के एक एटीएम पर रुपये निकालने गई महिला का एटीएम कार्ड बदलकर उचक्कों ने उसके खाते से 17 हजार रुपये उड़ा लिए। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। ग्राम सकतुआ निवासी रीना देवी ने थाने में तहरीर देकर बताया है कि वह मंगलवार की शाम को एचडीएफसी के एटीएम से रुपये निकालने गई थी। एटीएम में पहले से दो युवक मौजूद थे। युवकों ने झांसा देकर उनका एटीएम कार्ड बदल लिया और उसे एक्सिस बैंक का एटीएम दे दिया। कुछ देर बाद उन्होंने देखा तो उनके हाथ में एक्सिस बैंक का एटीएम कार्ड था। थोड़ी देर बाद उनके बैंक से एसएमएस के जरिये 17 हजार रुपये निकलने की सूचना मिली। थाना प्रभारी मृत्युंजय राय ने बताया कि तहरीर मिली है। उचक्कों की तलाश की जा रही है। थोड़ी देर बाद उनके बैंक से एसएमएस के जरिये 17 हजार रुपये निकलने की सूचना मिली। थाना प्रभारी मृत्युंजय राय ने बताया कि तहरीर मिली है। उचक्कों की तलाश की जा रही है।

# एडीजी ने बॉर्डर सुरक्षा का लिया जायजा

**जन एक्सप्रेस । सोनौली/महराजगंज**



नवरात्रि पर्व पर शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए भारत-नेपाल सीमा पर चौकसी को और मजबूत किया जा रहा है। इसी क्रम में अपर महानिदेशक (एडीजी) मूथा अशोक जैन ने बुधवार को सोनौली बॉर्डर का निरीक्षण किया और सुरक्षा एजेंसियों को सतर्कता बढ़ाने के निर्देश दिए।

एडीजी श्री जैन ने एसएसबी बीओपी कैंप कार्यालय में नेपाल राष्ट्र के सुरक्षा अधिकारियों और प्रशासनिक प्रतिनिधियों के साथ संयुक्त बैठक की।

बैठक में सीमा पार की गतिविधियों पर विशेष नजर रखने और संवेदनशील स्थलों पर अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात करने का निर्णय लिया गया। दोनों देशों के अधिकारियों ने आपसी समन्वय से किसी भी अप्रिय घटना की रोकथाम का भरोसा जताया। इंटीग्रेटेड चेक पोस्ट का निरीक्षण करते हुए एडीजी ने यात्रियों की आवाजाही और चेकिंग व्यवस्था को और सख्त बनाने पर बल दिया। वहीं, सोनौली कोतवाली में सुरक्षा एजेंसियों के साथ बैठक कर तस्करी, अवैध शराब और मादक पदार्थों पर प्रभावी रोकथाम की रणनीति तैयार की गई। उन्होंने सीमा क्षेत्र में पेट्रोलिंग बढ़ाने, सीसीटीवी कैमरों की निगरानी तेज करने और संदिग्ध गतिविधियों की तत्काल सूचना साझा करने पर जोर दिया। एडीजी जैन ने कहा कि नवरात्रि के दौरान देवी स्थलों पर भारी भीड़ जुटती है, ऐसे में सीमा की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने आश्वस्त किया कि स्थानीय प्रशासन और सुरक्षा एजेंसियों के सहयोग से त्योहार शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराया जाएगा।

# महिलाओं व छात्राओं को सुरक्षा और अधिकारों की दी जानकारी

**जन एक्सप्रेस । पनियरा/महराजगंज**



महिला सशक्तिकरण अभियान फेज-5.0 के तहत गुरुवार को पनियरा ब्लॉक सभागार में एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लॉक प्रमुख वेद प्रकाश शुक्ल ने की। मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख वेद प्रकाश शुक्ल ने कहा कि पूर्व की सरकारों में महिलाओं के खिलाफ घटनाओं की संख्या अधिक थी, लेकिन योगी-मोदी सरकार में महिलाओं को सशक्त व सुरक्षित बनाने के लिए ठोस कदम उठाए गए हैं। अब अपराधी महिलाओं पर अपराध कर आसानी से बच नहीं सकते।

उपनिरीक्षक जयप्रकाश यादव ने छात्राओं व महिलाओं को साइबर फ्रॉड से बचाव के उपाय बताते हुए कहा कि किसी भी अनजान कॉल करने वाले व्यक्ति पर भरोसा न करें और अपनी व्यक्तिगत जानकारी या ओटीपी किसी के साथ साझा न करें। इस दौरान महिलाओं व छात्राओं को आपातकालीन हेल्पलाइन नंबर जैसे 1098 (बाल सहायता), 1090 (महिला पावर लाइन), 181 (राष्ट्रीय महिला हेल्पलाइन), 112 (पुलिस आपातकालीन सेवा), 1076 (मुख्यमंत्री हेल्पलाइन), 100 (यूपी पुलिस), 101 (अग्निशमन) और 108/102 (एम्बुलेंस सेवा) जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने आत्मरक्षा के तरीके, कानूनी अधिकारों और सुरक्षा उपायों की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में नगर पंचायत की महिला सफाईकर्मी, छात्राएं और बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल रहीं।

इस दौरान कस्बा चौकी इंचार्ज मृत्युंजय उपाध्याय, उपनिरीक्षक रमेश चौधरी व महिला कांस्टेबल अंबालिका पांडेय सहित पुलिस विभाग के कई अधिकारी मौजूद रहे।

## एडीजे ने किया वन स्टॉप सेंटर का निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस । देवरिया**

वन स्टाप सेण्टर में पीड़िताओं के सुरक्षा व उनके अधिकारों हेतु सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मनोज कुमार तिवारी ने औचक निरीक्षण किया। सचिव ने बताया कि पीड़िताओं के सुरक्षा एवं उनके अधिकारों का संरक्षण किया जाना अत्यंत जरूरी है। समाज को उनके सुरक्षा एवं अधिकारों के प्रति सजग रहना चाहिए। सचिव द्वारा केंद्र पर उपस्थित पीड़िताओं से व्यक्तिगत रूप से मिलकर उनके अधिकारों के बारें में विस्तार से जानकारी दी। निरीक्षण के दौरान अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने वन स्टाप सेण्टर पर साफ-सफाई, सुरक्षा व विधिक साक्षरता के लिए वन स्टाप सेण्टर की केन्द्र प्रबन्धक नीतु भारती को निर्देशित करते हुए कहा कि जिन महिलाओं को विधिक सहायता की आवश्यकता हो, उनके मामले को चिन्हित कर अधिक से अधिक संख्या में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय को तत्काल भेजें।

# डीएम ने किया खाद्य विपणन कार्यालय के नवीनीकरण कार्यों का उद्घाटन

- पारदर्शिता और किसानों की सुविधा सुनिश्चित करने के दिए निर्देश
- ज़िले में 126 क्रय केंद्रों को मिली स्वीकृति, धान का एमएसपी ₹2,369 व ₹2,389 निर्धारित

**जन एक्सप्रेस । महराजगंज**



जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने जिला खाद्य विपणन कार्यालय में कराए गए नवीनीकरण कार्यों का उद्घाटन किया। इसके बाद उन्होंने खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में धान क्रय की तैयारियों की समीक्षा बैठक की। इस दौरान जिलाधिकारी ने सबसे पहले धान क्रय केंद्रों की संख्या और न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की जानकारी ली।

डिप्टी आरएमओ ने अवगत कराया कि इस वर्ष 126 क्रय केंद्र अनुमोदित किए गए हैं। कॉमन धान का समर्थन मूल्य ?2,369 तथा ग्रेड-ए धान का मूल्य ?2,389 निर्धारित किया गया है। यह गत वर्ष की तुलना में ?69 अधिक है। धान क्रय अवधि 1 नवम्बर 2025 से 28 फरवरी 2026 तक निर्धारित की गई है। किसानों के पंजीकरण की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि किसानों को टेलीकॉलिंग के माध्यम से सूचित करें कि पंजीकरण केवल www.fcs.up.gov.in पर किया जाएगा, जिसके बाद ही उनकी उपज खरीदी जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी क्रय केंद्रों पर चेकलिस्ट के अनुसार उपकरण एवं आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हों ताकि किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो।

डिप्टी आरएमओ ने बताया कि कृषि विभाग के अनुसार जिले में इस वर्ष धान उत्पादन का अनुमान 457.239 मीट्रिक टन, उत्पादकता 32.33 कु./हे. तथा आच्छादन 1.77 लाख हे. है। जबकि गत वर्ष उत्पादन 517.630 मीट्रिक टन, उत्पादकता 29.08 कु./हे. और आच्छादन 1.77 लाख हे. था।

गत वर्ष खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में जिले के लिए 2 लाख मीट्रिक टन का लक्ष्य निर्धारित था, जिसके सापेक्ष 2,29,535.912 मीट्रिक टन (114.768 प्रतिशत) धान की खरीद की गई।

इस दौरान 42,308 किसानों से उपज खरीदी गई थी। जिलाधिकारी ने इस बार भी पारदर्शी और व्यवस्थित तरीके से खरीद सुनिश्चित करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि किसी भी किसान को केंद्रों पर असुविधा न होने पाए और सभी व्यवस्थाएं समय से दुरुस्त की जाएं। इस दौरान बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अनुराज जैन, एआर कोऑपरेटिव सुनील गुप्ता, डीएसओ ए.पी. सिंह, जिला सूचना अधिकारी प्रभाकर मणि त्रिपाठी सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# 'शाम है धुआं-धुआं...', लड़कियों को देख बाल अपचारी गाते हैं गाना, करते हैं इशारे, पड़ोसियों को देते हैं गालियां

**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**

गोरखपुर के शिवपुर सहबाजगंज स्थित बाल सुधार गृह के अपचारियों से आसपास के लोग परेशान हैं। बाल अपचारी लड़कियों और महिलाओं को अश्लील इशारे करते हैं। साथ ही गालियां भी देते हैं।

पड़ोसी परेशान हैं।

गोरखपुर के गुलरिहा इलाके के शिवपुर सहबाजगंज स्थित बाल सुधार गृह के आसपास रहने वाले लोग इन दिनों बेहद परेशान हैं। यहां बाल अपचारी अक्सर खिड़कियों से झांककर लोगों से गालीगलौज करते हैं और महिलाओं-लड़कियों को देखकर अश्लील इशारे कर रहे हैं। आसपास रहने वाले लोग छत पर जाने से भी कतराने लगे हैं। मोहल्लेवालों का कहना है कि बाल अपचारी लड़कियों को देखकर गाते हैं- शाम है धुआं-धुआं...।

बुधवार शाम इसी कॉलोनी के निवासी मोहित सिंह जब छत पर गए तो बाल अपचारियों ने उन्हें गालियां देनी शुरू कर दीं।

उन्होंने तुरंत इसकी सूचना गुलरिहा पुलिस को दी। पुलिस के पहुंचने के पहले ही स्थानीय लोग पहुंच गए और बाल सुधार गृह प्रशासन से लिखित शिकायत की। इस दौरान गालीगलौज करते हुए बाल अपचारियों का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, जिससे लोगों में आक्रोश और बढ़ गया।

स्थानीय लोगों ने बताया कि करीब एक साल पहले सूरजकुंड से यहां दो मंजिला बिल्डिंग में बाल सुधार गृह को शिफ्ट किया गया था। शुरुआत से ही लोगों ने इसका विरोध किया और उच्च अधिकारियों से भी शिकायत की लेकिन यहां से हटाया नहीं गया। पड़ोसियों का कहना है कि बाल अपचारी कई बार आपस में मारपीट कर चुके हैं। तेज आवाज में भोजपुरी अश्लील गाने बजाने, तेज आजाज में टीवी चलाने और सुधार गृह से भागने की कोशिश जैसी घटनाएं भी हो चुकी हैं।

ताजा घटनाक्रम के बाद उत्तरी गेट के पास रहने वाले 8-10 परिवार परेशान हैं और उन्होंने पुलिस व बाल सुधार गृह प्रशासन से लिखित शिकायत की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

इस संबंध में बाल सुधार गृह के प्रभारी अधीक्षक संतोष कुमार का कहना है कि घटना की जानकारी मिलते ही बाल अपचारियों को समझाया गया है।

डांट-फटकार का कोई असर नहीं ... पड़ोसियों का जीना मुहाल

राजकीय बाल संप्रेषण गृह (बाल सुधार) में महिलाओं को देखकर फूहड़ गाना गाने का मामला पहला नहीं है। आसपास रहने वालों के मुताबक, बीते 27 मई को भी बाल अपचारियों ने ऐसा ही किया। उनकी हरकतों से परेशान होकर लड़कियों और महिलाओं ने छत पर जाना छोड़ दिया था।

इससे पहले वर्ष 2024 में भी बाल अपचारियों की हरकतों से तंग आकर मोहल्लेवालों ने विरोध प्रदर्शन किया था। तब मोहल्ले वालों ने बाल सुधार गृह को कहीं और शिफ्ट करने की मांग की थी।

आसपास के रहने वाले लोगों को कहना था कि शिकायत के बाद कुछ दिन तक बाल अपचारियों को डांट-फटकार लगाई गई तो शांत रहे, लेकिन अब उन्होंने दोबारा वहीं हरकत शुरू कर दी है। शाम होते ही बाल अपचारी छत पर टहल रहीं महिलाओं और लड़कियों को देखकर गाली देते हैं। युवतियों को देखकर अश्लील इशारे करते हैं। इनकी हरकतों से हर कोई परेशान है।

## भीषण कटौती और ट्रिपिंग ने उमस भरी गर्मी में किया परेशान

**जन एक्सप्रेस । देवरिया**

भीषण बिजली कटौती और ट्रिपिंग ने उमस भरी गर्मी में लोगों का जीना मुहाल कर दिया है। रात को फॉल्ट और कटौती के चलते लोगों को घर छोड़कर सड़क पर टहलना पड़ रहा है। लोग सोशल मीडिया के माध्यम से बिजली निगम के खिलाफ जमकर अपनी भड़ास निकाल रहे हैं। रामपुर कारखाना क्षेत्र के पांडेय चक और देसही देवरिया के इमलिया उपकेंद्र को कसया ट्रांसमिशन से बिजली आपूर्ति की जा रही है। एक ही लाइन से दो उपकेंद्र को आपूर्ति का खामियाजा करीब 25 हजार उपभोक्ताओं को भुगतना पड़ रहा है। उमस भरी गर्मी में उपभोक्ता दिन तो किसी तरह काट ले रहे हैं, मगर रात को भीषण कटौती और ट्रिपिंग से हाहाकार मचा जा रहा है।

# दीनदयाल जयंती पर इंटर कॉलेज में विविध कार्यक्रम आयोजित




**जन एक्सप्रेस । महराजगंज**

पंडित दीनदयाल उपाध्याय जयंती पर नगर स्थित पंडित दीनदयाल इंटर कॉलेज में श्रद्धांजलि सभा व विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। संस्थापक विजय बहादुर सिंह ने उन्हें बहुआयामी व्यक्तित्व का धनी बताते हुए कहा कि उन्होंने सर्वसम्पन्न राष्ट्र की परिकल्पना की थी। प्रधानाचार्य डॉ. शैलेन्द्र प्रताप सिंह ने उपाध्याय जी के विचारों को आज भी प्रासंगिक बताया और कहा कि शिक्षा ही राष्ट्र की उन्नति का आधार है। इस अवसर पर शिक्षकों व छात्रों ने पुष्पांजलि अर्पित कर उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। विद्यार्थियों ने स्वच्छता अभियान चलाकर स्वच्छता ही सेवा का संदेश भी दिया।

## धर्म की स्थापना के लिए भगवान लेते हैं अवतार

**जन एक्सप्रेस । कुशीनगर**

महुअवाखुर्द गांव के राजपुर बगहा में चल रही भागवत कथा में मंगलवार की रात श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की कथा सुन श्रोता गदगद हो गए। कृष्ण जन्म होते ही पांडाल श्रीकृष्ण के जयकारों से गूंज उठा। एक स्वर में आवाज आई नंद के घर आनंद भयो जय कन्हैया लाल की।

कथावाचक अंजलि द्विवेदी ने भगवान श्रीकृष्ण के लीलाओं का वर्णन करते हुए कहा कि जब-जब धरती पर पाप बढ़ता है। तब तब प्रभु धरती पर अवतरित होकर पाप का नाश कर धर्म की स्थापना करते हैं। बाल रूप में श्रीकृष्ण की झांकी देख श्रद्धालु गदगद हो गए। कथा वाचक ने कहा कि जैसे जैसे प्रभु बाल लीला के माध्यम से गोपियों व मां जशोदा को परेशान करते है। इसकी संपूर्ण कथा सुनाई, साथ माखन चोरी, गाय का चराने के दौरान क्रिडा के बारे में कथा में विस्तार से बताया गया।

# कॅरिअर गाइडेंस मेले में बच्चों को दिया सफलता का मंत्र

**जन एक्सप्रेस । कुशीनगर**



कसया ब्लॉक के कुड़वा दिलीप नगर स्थित राजकीय इंटर कॉलेज परिसर में बुधवार को कॅरिअर मार्गदर्शन मेला का आयोजन हुआ। इसमें विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों से विद्यार्थियों को भविष्य की राह सुलझाने व जिज्ञासाओं का समाधान करने का मंत्र मिला। मुख्य अतिथि कसया एसडीएम डॉ. संतराज सिंह बघेल ने कहा की संसाधनों की कमी और जीवन की कठिनाइयां सफल होने से नहीं रोक सकती हैं। शीर्ष पर पहुंचने के लिए पूरे मन से निरंतर प्रयास करना पड़ता है। डॉ. भूपेंद्र कुमार मिश्रा ने कॉलेज की पढ़ाई समाप्त होने के बाद महाविद्यालय व विश्वविद्यालय की पढ़ाई के बारे में विधिवत प्रकाश डाला।

कॉउंसलिंग कार्यक्रम को विकास मणि त्रिपाठी, बीईओ अशोक यादव, हाटा जीआईसी की प्रधानाचार्य सरोज दूबे, हाटा ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि सुधीर राव आदि आदि ने संबोधित किया। इस दौरान प्रधानाचार्य पुष्पेंद्र कुमार राव, बृजेश चौरसिया आदि शिक्षक मौजूद रहे।

## जीएसटी सुधार के लाभ बताने के लिए विधायक ने की पदयात्रा

**जन एक्सप्रेस । देवरिया**

जीएसटी सुधार का लाभ जानने के लिए सदर विधायक डॉ. शलभ मणि त्रिपाठी ने बुधवार को शहर के बाजारों में पदयात्रा कर व्यापारियों और ग्राहकों से बात की। उत्पादों की नई जीएसटी दरों के बारे में जानकारी ली। ग्राहकों से वार्ता में कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने दशहरा से पहले ही लोगों को दीपावली का उपहार दे दिया है।

पदयात्रा के दौरान सदर विधायक डॉ. शलभ मणि त्रिपाठी ने शहर के सुभाष चौक पर पहुंचे, जहां दुकानदारों व आमजन ने विधायक का स्वागत किया। घटी जीएसटी बढ़ा व्यापार, धन्यवाद मोदी सरकार जैसे नारे लगाए गए।

# सिटीकॉन-2025 : गोरखपुर में जुटेंगे देश-विदेश के 600 चिकित्सा विशेषज्ञ, दो दिन होगा क्रिटिकल केयर पर सेमिनार

**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**



आयोजन समिति के अध्यक्ष डॉ. महिम मित्तल और सचिव डॉ. एके मल्ल ने बताया कि इसमें देश के देश के 10 राज्यों के साथ ही 20 देशों के करीब 600 विशेषज्ञ शामिल होंगे। पूर्वी यूपी में पहली बार यह आयोजन हो रहा है। इसे इंडियन सोसाइटी ऑफ क्रिटिकल केयर मेडिसिन की जिला इकाई, बीआरडी मेडिकल कॉलेज और एम्स की टीम मिलकर आयोजित कर रही है।

सड़क हादसा, ब्रेन हेमरेज या अन्य गंभीर स्थिति में आए मरीजों के इलाज में प्राथमिक उपचार का बड़ा महत्व है। बड़े अस्पताल पहुंचने से पहले तमाम मरीजों की स्थिति खराब प्राथमिक चिकित्सा के चलते बिगड़ जाती है। इन गंभीर मामलों के इलाज के लिए आई नई तकनीकियों और प्राथमिक चिकित्सा में रखी जाने वाली जरूरी सावधानी पर शहर में तीन से छह अक्तूबर तक गहन मंथन होगा। आयोजन समिति के अध्यक्ष डॉ. महिम मित्तल और सचिव डॉ. एके मल्ल ने बताया कि इसमें देश के देश के 10 राज्यों के साथ ही 20 देशों के करीब 600 विशेषज्ञ शामिल होंगे। पूर्वी यूपी में पहली बार यह आयोजन हो रहा है। इसे इंडियन सोसाइटी ऑफ क्रिटिकल केयर मेडिसिन की जिला इकाई, बीआरडी मेडिकल कॉलेज और एम्स की टीम मिलकर आयोजित कर रही है।

उन्होंने बताया कि अब वेंटिलेटर से भी एडवांस तकनीक सामने आ रही है, जिसे पहली बार इस सेमिनार में दिखाया जाएगा। इसमें गहन चिकित्सा की आधुनिक तकनीक, आईसीयू की चुनौतियां और आपातकालीन इलाज की नई विधियों पर चर्चा होगी।

**चिकित्सकों से फॉर्म भरवाकर पूछी गईं समस्याएं**

इस सम्मेलन के विषय तय करने के लिए प्रदेश के 150 से अधिक क्रिटिकल केयर विशेषज्ञों से विचार लिए गए। उन पर संगोष्ठी में चर्चा होगी। इसमें अमेरिका, ब्रिटेन, पुर्तगाल, बांग्लादेश, श्रीलंका और सऊदी अरब सहित 20 देशों से 200 से अधिक डेलिगेट्स हिस्सा लेंगे। इसमें हेमोडायनामिक्स, मॉनिटरिंग, मैकेनिकल वेंटिलेशन और अल्ट्रासोनोग्राफी की ट्रेनिंग भी दी जाएगी। जो डॉक्टर सम्मेलन में नहीं आ पाएंगे वे ऑनलाइन माध्यम से जुड़ सकेंगे।

# शारदीय नवरात्र में मां दक्षिणा काली धाम में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

## आस्था का केंद्र बना जौनपुर का 'कलकत्ता वाली काली मंदिर'



**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

शारदीय नवरात्र के पावन अवसर पर मां आद्याशक्ति दक्षिणा काली मंदिर में भक्तों का जनसैलाब उमड़ रहा है। शहर के दक्षिणी छोर पर सिटी स्टेशन के समीप ओवरब्रिज के नीचे स्थित इस मंदिर में हर दिन सुबह से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लग रही हैं। नवरात्र का पहला दिन शुरू होते ही यहां दर्शन-पूजन का अनवरत क्रम जारी है। मां दक्षिणा काली की विशाल एवं भव्य प्रतिमा अपनी अद्वितीय छटा बिखेर रही है। श्रद्धालु नारियल, चुनरी और अड़हुल की माला अर्पित कर अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति की प्रार्थना कर रहे हैं। मंदिर की महिमा ऐसी है कि यहां आने वाले भक्तों को तुरंत ही आंतरिक शांति और आस्था का अद्भुत अनुभव होता है।

### 1984 में हुई थी स्थापना, 'कलकत्ता वाली काली' के नाम से प्रसिद्ध

मां काली धाम की स्थापना वर्ष 1984 में हुई थी।
इस मंदिर को लोग प्रेमपूर्वक 'कलकत्ता वाली काली' के नाम से भी जानते हैं। मंदिर के संस्थापक एवं पुजारी भागवती सिंह 'वागीश' ने बताया कि यह स्थलीय काली जी की सनातनी सिद्धपीठ है, जहां मां अपने भक्तों के भाग्य का नवसृजन कर देती हैं। उनका कहना है कि जो व्यक्ति सच्चे दिल से मां का स्मरण करता है, उसके भाग्य का कपाट स्वयं खुल जाता है।

### 29 सितंबर को विशेष महत्व

इस बार शारदीय नवरात्र के अंतर्गत 29 सितंबर, सोमवार को कालरात्रि का दिन विशेष महत्व रखता है। यह सप्तमी तिथि मां काली की आराधना के लिए सर्वशक्ति और सौभाग्य प्रदायक मानी जाती है। मान्यता है कि इस दिन मां काली के दर्शन, पूजन और स्मरण से जीवन ज्योर्तिमय और मंगलमय बन जाता है।

### व्यवस्था में जुटे लोग

मां के इस महापर्व पर श्रद्धालुओं की सुविधा और मंदिर व्यवस्था में सर्वेश सिंह सोनू, दलसिंगार विश्वकर्मा, रामपाल विश्वकर्मा, वेद प्रकाश सिंह एडवोकेट, विक्रम गुप्ता, अमित निगम, संतोष चतुर्वेदी, विपिन सिंह, भानु मौर्या, पीयूष श्रीवास्तव और वंदेश सिंह सहित अनेक लोग तन-मन से जुटे हुए हैं

# मिशन शक्ति अभियान : परसरामपुर-मुंडेरवा पुलिस ने छात्राओं को किया जागरूक





**जन एक्सप्रेस। बस्ती**

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा एवं सशक्तिकरण को नई दिशा देने के उद्देश्य से चलाया जा रहा मिशन शक्ति अभियान फेज-5 जनपद बस्ती में लगातार गति पकड़ रहा है। इस अभियान के तहत बेटियों और महिलाओं को न केवल आत्मरक्षा के गुर सिखाए जा रहे हैं, बल्कि उन्हें उनके अधिकारों और कानूनों की जानकारी देकर मानसिक रूप से भी सशक्त बनाया जा रहा है। पुलिस प्रशासन का मानना है कि नारी सशक्तिकरण केवल एक नारा नहीं, बल्कि यह समाज की प्रगति का आधार है। यही वजह है कि जिलेभर में निरंतर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। पुलिस अधीक्षक श्री अभिनंदन के निर्देशन में परसरामपुर और मुंडेरवा थाना पुलिस की टीमों ने विद्यालयों में पहुँचकर छात्राओं से सीधा संवाद किया और उन्हें आत्मरक्षा, सुरक्षा उपायों और कानूनी प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी।

### परसरामपुर पुलिस का जागरूकता अभियान

थाना परसरामपुर भानु प्रताप सिंह की टीम ने इंडियन आर्मी पब्लिक इंटर कॉलेज रजवापुर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। क्षेत्राधिकारी हरैया श्री संजय सिंह और थानाध्यक्ष भानू प्रताप सिंह के नेतृत्व में उप निरीक्षक, हेड कांस्टेबलों और महिला कांस्टेबलों ने छात्राओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। इनमें 1090 वीमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्पलाइन, 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1930 साइबर हेल्पलाइन समेत अन्य महत्वपूर्ण नंबर शामिल रहे। छात्राओं को गुड टच-बैड टच की समझ, साइबर सुरक्षा के उपाय, घरेलू हिंसा निवारण अधिनियम और पॉक्सो एक्ट जैसे अहम कानूनों से भी परिचित कराया गया। पुलिस अधिकारियों ने बालिकाओं से कहा कि किसी भी विपरीत परिस्थिति में वे बिना डर के तुरंत आवाज़ उठाएँ और उपलब्ध हेल्पलाइन का उपयोग करें। लगातार चल रहे इस अभियान ने परसरामपुर क्षेत्र में छात्राओं का आत्मविश्वास बढ़ाया है और वे स्वयं को अधिक सुरक्षित महसूस कर रही हैं।

### मुंडेरवा पुलिस की आत्मरक्षा कार्यशाला

वहीं थाना मुंडेरवा पुलिस ने गन्ना विकास इंटर कॉलेज मुंडेरवा की छात्राओं को आत्मरक्षा के व्यावहारिक गुर सिखाए। थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह और उनकी टीम ने छात्राओं को आपात स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया देने, शारीरिक तकनीकों का उपयोग करने और मानसिक सजगता बनाए रखने के उपाय बताए। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि आत्मरक्षा केवल शारीरिक बल नहीं, बल्कि आत्मविश्वास और मानसिक दृढ़ता का प्रतीक है। इस अवसर पर छात्राओं ने मानव श्रृंखला बनाकर नारी सम्मान और सुरक्षा का संदेश समाज तक पहुँचाया। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने आत्मरक्षा अभ्यास में उत्साहपूर्वक भाग लिया और पुलिस द्वारा दी गई सीख को जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। निरंतर चल रहे इस अभियान से मुंडेरवा क्षेत्र की छात्राओं के भीतर नई ऊर्जा और आत्मनिर्भरता की भावना जागृत हुई है।

### पुलिस का संकल्प और छात्राओं का संदेश

दोनों थानों में आयोजित कार्यक्रमों में पुलिस अधिकारियों ने कहा कि मिशन शक्ति अभियान का लक्ष्य हर बेटी को सुरक्षित, सक्षम और आत्मनिर्भर बनाना है। बेटियों को यह भरोसा दिलाया गया कि किसी भी आपात स्थिति में पुलिस हमेशा उनके साथ खड़ी है। कार्यक्रम में छात्राओं ने सामूहिक संकल्प लिया कि वे न केवल स्वयं जागरूक रहेंगी, बल्कि समाज में भी नारी सशक्तिकरण और सुरक्षा का संदेश फैलाएँगी। जिम्मेदारियों का बोझ सर पर पड़ा तो ऑटो रिक्शा ट्रेन भी चलने लगी बेटियां, अंतरिक्ष तक को भेद डाला साहस से - सुना है वह वायुयान भी उड़ने लगी बेटियां।

# आखिरकार छटा अंधेरा, जगदीश नारायण राय के प्रयासों से डारीडीह किशुनपुर में पहुंची रोशनी



**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

आजादी के बाद से अंधेरे में डूबा विधानसभा जफराबाद डारीडीह किशुनपुर गांव की राजभर बस्ती आखिरकार रोशनी से जगमगाने जा रहा है। इस ऐतिहासिक क्षण का श्रेय जफराबाद के विधायक एवं उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री जगदीश नारायण राय को जाता है, जिन्होंने अथक प्रयास कर इस असंभव दिखने वाले कार्य को संभव कर दिखाया।
ग्रामीण बताते हैं कि आजादी के 78 साल बाद भी उनके गांव तक बिजली नहीं पहुंची थी। कई बार विभागीय अधिकारियों से गुहार लगाई गई, लेकिन कार्यवाही के नाम पर सिर्फ आश्वासन ही मिलता रहा।
विधायक जगदीश नारायण राय ने सबसे पहले विभाग को लिखित पत्र भेजकर समस्या उठाई, लेकिन जब कोई सुनवाई नहीं हुई तो उन्होंने इस गंभीर मामले को सीधे विधानसभा के पटल पर रखा। विधानसभा से जवाब आया कि प्रदेश के सभी गांवों का विद्युतीकरण पूरा हो चुका है। यह सुनकर विधायक हैरान रह गए। उन्होंने हार न मानते हुए इस मुद्दे को जनहित याचिका के रूप में विधानसभा में दायर किया।
जैसे ही यह मामला विधानसभा में गूंजा, अधिकारियों में हड़कंप मच गया। आनन-फानन में धनराशि स्वीकृत की गई और गांव के विद्युतीकरण की प्रक्रिया को गति दी गई।
आज विधायक जगदीश नारायण राय ने गांव पहुंचकर पूरे सम्मान के साथ विद्युतीकरण कार्य का शिलान्यास किया। इस अवसर पर ग्रामीणों के चेहरे पर वर्षों से अंधेरे के बीच संजोए सपनों की चमक साफ दिखाई दे रही थी। ग्रामीणों ने विधायक का फूल-मालाओं से स्वागत किया और कहा कि आज हमारे गांव का अंधेरा सचमुच मिट गया है। यह दिन हमारे लिए किसी पर्व से कम नहीं है।

### विधायक जगदीश नारायण राय ने कहा कि

ग्रामीणों का अधिकार है कि उन्हें मूलभूत सुविधाएं मिले। बिजली हर घर की पहली जरूरत है। जब तक डारीडीह किशुनपुर पूरी तरह रोशन नहीं हो जाएगा, तब तक मैं चैन से नहीं बैठूंगा। आज से शुरू हुए इस कार्य के बाद उम्मीद है कि जल्द ही हर घर तक बिजली की रोशनी पहुंचेगी और गांव विकास की मुख्यधारा से जुड़ जाएगा

# बाजारवासियों ने मनबढ़ों की हरकतों से तंग आकर एसपी को सौंपा प्रार्थनापत्र

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

जफराबाद क्षेत्र के राजेपुर गांव के आधा दर्जन से अधिक बाजारवासियों ने गुरुवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर कुछ मनबढ़ युवकों की दबंगई से छुटकारा दिलाने की मांग की। बाजार के निवासियों प्रमिला देवी, बेबी, सुरेश कुमार, राहुल कुमार, सीता, दिनेश कुमार सहित अन्य लोगों ने एसपी को दिए गए प्रार्थनापत्र में आरोप लगाया कि गद्दीपुर गांव के कुछ युवक बगल के गांव के युवकों के साथ मिलकर लगभग एक दर्जन की संख्या में आए दिन बाजार में पहुंच जाते हैं। वे लोगों से मारपीट करते हैं, गाली-गलौज करते हैं और स्कॉर्पियो गाड़ी में हूटर बजाते हुए दहशत फैलाते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि इस बाबत कई बार स्थानीय थाने में सूचना दी गई, लेकिन अब तक कोई कार्यवाही नहीं हुई। पुलिस की निष्क्रियता से नाराज बाजारवासियों ने सीधे एसपी से हस्तक्षेप करने की गुहार लगाई है। इस संबंध में थानाध्यक्ष रमेश कुमार का कहना है कि मामला नया नहीं बल्कि पुराना है और इसकी जड़ जमीन विवाद से जुड़ी हुई है। उन्होंने बताया कि बुधवार को ही एसडीएम सदर और सीओ सिटी देवेश सिंह मौके पर पहुंचे थे और दोनों पक्षों को 26 सितंबर को बुलाया गया है। थानाध्यक्ष ने बाकी लगाए गए आरोपों को निराधार बताया।

# विवादित जमीन पर दीवार निर्माण को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश

**जन एक्सप्रेस। बस्ती**



जिले के छावनी थाना क्षेत्र के चपीलाव गांव में विवादित जमीन पर दीवार निर्माण को लेकर तनाव का माहौल बना हुआ है। ग्रामीणों का आरोप है कि कुछ दबंग लोग जमीन पर कब्जा करने की नीयत से दीवार खड़ी करवा रहे हैं, जबकि इस जमीन का विवाद लंबे समय से चला आ रहा है।
पीड़ित पक्ष का कहना है कि जब तक प्रशासनिक स्तर पर पैमाइश नहीं होती, तब तक किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य उचित नहीं है। आरोप लगाया गया है कि शिकायत करने के बावजूद मौके पर मौजूद पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी निर्माण कार्य रोकने की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठा रहे हैं।
ग्रामीणों ने नामजद लोगों-धीरेंद्र प्रताप सिंह और जितेंद्र प्रताप सिंह-पर विवादित भूमि पर जबरन कब्जा करने और दीवार जुड़वाने का आरोप लगाया है। पीड़ित पक्ष का कहना है कि यह मामला उच्चाधिकारियों तक पहुंच चुका है, लेकिन स्थानीय स्तर पर कार्रवाई न होने से दबंगों के हौसले बुलंद हैं।
लोगों का कहना है कि प्रशासन की चुप्पी से माहौल बिगड़ सकता है। ग्रामीणों ने आशंका जताई है कि यदि विवादित जमीन पर इसी तरह निर्माण जारी रहा तो दोनों पक्षों के बीच टकराव की स्थिति पैदा हो सकती है। उनका कहना है कि पहले राजस्व विभाग से पैमाइश कराकर जमीन की वास्तविक स्थिति स्पष्ट की जानी चाहिए, ताकि आगे किसी तरह का विवाद न हो।
उधर, ग्रामीणों ने मांग की है कि अधिकारियों को तत्काल हस्तक्षेप करना चाहिए और निर्माण कार्य रोककर जमीन की पैमाइश करानी चाहिए। साथ ही पीड़ित पक्ष की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की जाए। यह पूरा मामला अब जिला प्रशासन और पुलिस के लिए बड़ी परीक्षा बन गया है कि वह कानून-व्यवस्था कायम रखते हुए लोगों के बीच विश्वास कैसे बहाल करता है।

### मानव जीवन की पथ प्रदर्शक है कथा

**जन एक्सप्रेस। मिर्जापुर। ड्रमंडगंज।** नवयुवक बाल समिति ड्रमंडगंज की ओर से दुर्गा मंदिर में आयोजित सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा महोत्सव का बुधवार को शुभारंभ किया गया। वृंदावन धाम से आए भागवत कथावाचक ज्ञानदेव महाराज ने श्रीमद्भागवत कथा के द्वितीय स्कंध का वर्णन किया। उन्होंने शुकदेव महाराज के जन्म प्रसंग का उल्लेख करते हुए बताया कि किस प्रकार माया का बंधन जीव को मोह में फंसा लेता है। भगवान के बाराह अवतार की दिव्य कथा सुनाते हुए ज्ञानदेव महाराज ने भक्तों को धर्म, भक्ति और परोपकार के महत्व की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि भागवत महापुराण की कथा मानव जीवन की मार्गदर्शक है। भागवत कथा सुनने से मनुष्य के भीतर भक्ति और शांति का संचार होता है। श्रीमद्भागवत महापुराण का गूढ़ रहस्य समझाते हुए उन्होंने कहा कि यह कथा सुनने से मनुष्य की दिनचर्या में सदाचार का भाव प्रकट होने लगता है। इस दौरान हरि नाम संकीर्तन से पूरा पंडाल गूंज उठा। इस दौरान युवक बाल समिति के पदाधिकारियों के साथ भागवत प्रेमी उपस्थित रहे।

# घर से नाराज युवक ने गोमती नदी में लगाई छलांग



**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

सुक्खीपुर निवासी 22 वर्षीय नमन सोनकर ने देर रात गोमती नदी में छलांग लगाकर सनसनी फैला दी। चर्चाओं के अनुसार नमन बीते कई दिनों से घर वालों से नाराज़ चल रहा था। नदी में छलांग लगाने से पहले उसने परिजनों को फोन कर मौके पर बुलाया लेकिन जब तक परिवारजन पहुँचे, तब तक वह नदी में कूद चुका था। घटना की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। गोताखोरों की मदद से युवक की तलाश शुरू की गई लेकिन खबर लिखे जाने तक उसका कोई सुराग नहीं मिल पाया था। सूचना मिलते ही सरायपोख्ता पुलिस चौकी प्रभारी सुनील यादव अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंच गये और छानबीन शुरू कर दिये। पुलिस एवं गोताखोरों की संयुक्त टीम लगातार नदी में तलाशी अभियान चला रही है।

# खैर इंटर कॉलेज मामला गरमाया, प्रबंधक ने डीआईओएस को लिखा पत्र

**जन एक्सप्रेस। बस्ती**




खैर इंटर कॉलेज का विवाद एक बार फिर सुर्खियों में है। प्रबंधक मसीहुज्जमा ने जिला विद्यालय निरीक्षक को पत्र भेजकर अपने हस्ताक्षर प्रमाणित किए जाने की मांग उठाई है। उनका कहना है कि हस्ताक्षर प्रमाणित न होने से कॉलेज के कामकाज प्रभावित हो रहे हैं और हाईकोर्ट के आदेश का पालन भी अधर में लटक गया है।
आपको बता दे कि एसडीएम सदर बस्ती ने मसीहुज्जमा की प्रबंध समिति को वैध करार दिया था। इसके बावजूद डीआईओएस ने उनकी सुनवाई किए बिना एकतरफा आदेश जारी कर दिया। हाईकोर्ट इलाहाबाद की एकल पीठ ने 17 सितम्बर 2025 को उस आदेश पर रोक लगा दी थी।
उधर, पूर्व प्रबंधक हामिदुल्लाह द्वारा की गई 21 शिक्षकों की नियुक्ति को भी कोर्ट ने अवैध ठहराते हुए निरस्त कर दिया है। इस मामले की जांच शासन स्तर पर जारी है।
एसडीएम सदर ने अपने आदेश में साफ कहा है कि मुश्ताक अहमद खान की मृत्यु के बाद मसीहुज्जमा कार्यभार संभाल रहे हैं।
आदेश की प्रति रजिस्ट्रार एवं चिट्स फंड गोरखपुर को भी भेजी जा चुकी है।
इसके बावजूद डीआईओएस द्वारा प्रबंधक मसीहुज्जमा के हस्ताक्षर प्रमाणित न किए जाने से कॉलेज में प्रशासनिक कार्य ठप पड़े हैं। प्रबंधक ने डीआईओएस से मांग की है कि हाईकोर्ट के आदेशों का पालन करते हुए उनके हस्ताक्षर तत्काल प्रमाणित किए जाएं, ताकि संस्थान का संचालन सुचारू ढंग से हो सके।

# भाई ने मकान गिरवी रखकर लिया 9 लाख का लोन

## विरोध करने पर दी जान से मारने की धमकी - एडीजी वाराणसी के आदेश पर मुकदमा दर्ज

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**




मछलीशहर कोतवाली क्षेत्र में एक व्यक्ति ने अपने ही भाई पर धोखाधड़ी, जालसाजी और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है।
पीड़ित जितेंद्र गुप्ता पुत्र स्वर्गीय लालजी गुप्ता निवासी विशेश्वरगंज थाना लाइन बाजार ने अपर पुलिस महानिदेशक वाराणसी को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उनका पैतृक मकान कस्बा खिंसुवा खास, मछलीशहर में है।
बीमारी के चलते लंबे समय से वे वहां कम जाते थे और मकान-दुकान की देखरेख की जिम्मेदारी अपने भाई अनिल कुमार को सौंप रखी थी।
जितेंद्र के मुताबिक, जब उन्होंने बैंक से अपने मकान पर लोन लेने का प्रयास किया तो पता चला कि उक्त संपत्ति पर पहले से ही शक्ति एंटरप्राइजेज के नाम से 9 लाख रुपये का लोन चल रहा है। उक्त फर्म उनकी भाभी ज्योति अग्रहरि के नाम से है। इस बात पर आपत्ति जताने पर भाई अनिल ने उन्हें जान से मारने की धमकी दी और गाली-गलौज भी की।
पीड़ित का कहना है कि उन्होंने जुलाई में ही मछलीशहर कोतवाली में शिकायत दी थी, लेकिन कार्रवाई न होने पर एडीजी वाराणसी से गुहार लगाई।
एडीजी के आदेश पर पुलिस ने शक्ति एंटरप्राइजेज की प्रोपराइटर ज्योति अग्रहरि और गारंटर अनिल कुमार के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।
कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विनीत राय ने बताया कि मामला गंभीर और जटिल है। मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है और जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसके आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# महिंद्रा एंड महिंद्रा के चेयरमैन व निदेशक पर धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज




**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

जिले में सनसनीखेज मामला सामने आया है। न्यायालय के आदेश पर महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड मुंबई के अध्यक्ष, निदेशक व जौनपुर स्थित स्टार मोटर्स के खिलाफ लाइन बाजार थाने में धोखाधड़ी, जालसाजी और हेराफेरी का मुकदमा दर्ज हुआ है। मामला सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के मोकलपुर निवासी गणेश यादव एडवोकेट का है, जिन्होंने थार रॉक्स वाहन की बुकिंग के नाम पर धन हड़पने का गंभीर आरोप लगाया है।
गणेश यादव ने 3 अक्टूबर 2024 को स्टार मोटर्स महिंद्रा एंड महिंद्रा, पॉलिटेक्निक चौराहा जौनपुर से ऑनलाइन ?21,000 जमा कर थार रॉक्स वाहन की बुकिंग कराई थी। एजेंसी की ओर से मार्च 2025 में गाड़ी की डिलीवरी देने का आश्वासन दिया गया था।
लेकिन तय समय से पहले ही अचानक उनकी बुकिंग कैंसिल कर दी गई और खाते में ?18,900 रुपये वापस कर दिए गए। वहीं, ?2,100 की कटौती कर ली गई। जब गणेश यादव ने एजेंसी से इस संबंध में जवाब मांगा तो कोई संतोषजनक उत्तर नहीं मिला और न ही काटे गए पैसे लौटाए गए।
इस अन्याय के खिलाफ पीड़ित ने दीवानी न्यायालय जौनपुर का दरवाजा खटखटाया। कोर्ट ने मामले को गंभीरता से लेते हुए लाइन बाजार थाना पुलिस को विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया। आदेश के अनुपालन में 23 सितंबर 2025 को लाइन बाजार थाने में स्टार मोटर्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड मुंबई के अध्यक्ष, निदेशक और एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ धोखाधड़ी, हेराफेरी और विश्वासघात सहित कई धाराओं में एफआईआर दर्ज कर ली गई।

### पीड़ित गणेश यादव ने आरोप लगाया कि

एजेंसी द्वारा कई लोगों के साथ ऐसा किया जाता है। पहले की बुकिंग कैंसिल कर दी जाती है और बाद में आने वाले ग्राहकों से अधिक पैसा वसूल कर उन्हें वाहन दे दिया जाता है। यह सिर्फ पैसों का मुद्दा नहीं है, बल्कि उपभोक्ताओं के साथ लगातार हो रही धोखाधड़ी को उजागर करने की हमारी कोशिश है।
महिंद्रा एंड महिंद्रा जैसे बड़े ऑटोमोबाइल समूह और उसके स्थानीय डीलर के खिलाफ एफआईआर दर्ज होने के बाद जिले के व्यापारिक व सामाजिक हलकों में खलबली मच गई है। अब देखना होगा कि पुलिस जांच में कौन-कौन से नए तथ्य सामने आते हैं।

# मां विंध्यवासिनी के दरबार में दर्शन कर निहाल हुए श्रद्धालु, मां के जयकारे से गूंज उठा मंदिर

**मिर्जापुर**

विंध्याचल धाम में चल रहे शारदीय नवरात्र की चतुर्थी तिथि पर मां भगवती दरबार में दर्शन पूजन के लिए श्रद्धालुओं का हुजूम उमड़ पड़ा। गंगा स्नान करने के बाद नर नारियों और बच्चों ने बड़े श्रद्धा भाव से विंध्याचल धाम शीश नवाया माता का तरह-तरह के पुष्पों से किया गया दिव्य श्रृंगार का दर्शन पाकर श्रद्धालु निहाल हो उठे। घंटा घड़ियाल शंख ध्वनि के बीच पहाड़ावाली के जय-जय कार से मंदिर परिसर देवीमय हो उठा। चैत्र नवरात्र के चौथे दिन देवी विंध्यवासिनी के दर्शन पूजन के लिए विंध्य दरबार में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा।
बृहस्पतिवार की भोर में मां विंध्यवासिनी के भव्य श्रृंगार और उनकी मंगला आरती के उपरांत कपाट दर्शनार्थियों के दर्शन पूजन के लिए खोला गया। इस दौरान लंबी कतार में खड़े देवी भक्त जयकारा लगाते हुए निहाल हो उठे। मंदिर परिसर में माता के दर्शन पूजन का सिलसिला मंगला आरती के बाद से शुरू होकर देर रात तक अनवरत चलता रहा। माता का दर्शन पूजन करने के बाद भक्तों ने मंदिर के गुंबद का परिक्रमा करके मत्था टेका। वहीं दूसरी ओर गंगा घाटों पर एवं परिक्रमा पथ के छत पर शहनाई की धुन पर लोगों ने अपने बच्चों का मुंडन संस्कार कराया। मंदिर के छत पर जगह-जगह आसन पर बैठकर साधक मंत्र जाप के साथ साधना करते रहे जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो रहा था।

### आरोपी गायिका सरोज सरगम का विधायक बनने का था सपना

**जन एक्सप्रेस। मिर्जापुर।** मां दुर्गा पर असली टिप्पणी करने वाली बिरहा गायिका सरोज सरगम का सपना विधायक बनने का था उसने दो बार विधानसभा चुनाव भी लड़ा था। मां दुर्गा पर अभद्र टिप्पणी करने के मामले में गायिका सरोज सरगम और उसके पति राममिलन बिंद समेत पुलिस ने छह को गिरफ्तार कर जेल भेजा। मामले का मास्टर माइंट राजवीर सिंह यादव है। जिसके कहने पर सरोज सरगम ने गाना गया। राजवीर सिंह यादव समेत तीन अन्य की तलाश की जा रही है। सरोज सरगम तीन वर्ष से पीडीए मिशन के लिए गाना गा रही है। अभद्र गीत गाने वाली सरोज सरगम ने छानबे विधानसभा क्षेत्र से 2017 में चुनाव लड़ा था। वह निषाद पार्टी से प्रत्याशी थी। सरोज सरगम को 15095 वोट मिले थे। उस समय राहुल प्रकाश कोल अपना दल (एस) विधायक चुने गए थे। 2022 में बिरहा गायिका सरोज सरगम ने बहुजन मुक्ति पार्टी से चुनाव लड़ा। इसमें इसको महज 3035 वोट मिले थे। राहुल प्रकाश कोल दोबारा अपना दल (एस) से यहां के विधायक चुने गए थे।

# भाजपा कार्यालय पर मनी दीन दयाल उपाध्याय जयंती

**जन एक्सप्रेस। कन्नौज**



आज भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर जिला अध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया की अध्यक्षता में पंडित दीनदयाल उपाध्याय जयंती के अवसर पर जिला संगोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश उपाध्यक्ष मानवेंद्र सिंह उपस्थित रहे वही संगोष्ठी का संचालन जिला महामंत्री रामवीर कठेरिया ने किया। मंच पर पूर्व जिला अध्यक्ष नरेंद्र राजपूत, विधायक तिर्वा कैलाश राजपूत पूर्व जिला अध्यक्ष योगेंद्र भदौरिया, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रिया शाक्य, ब्लॉक प्रमुख पुच्ची ठाकुर, महामंत्री शैलेंद्र द्विवेदी, महामंत्री हरिवक्स सिंह उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि सहित सभी ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। मुख्य अतिथि ने पंडित जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारत वर्ष की महान और गौरवशाली संस्कृति को समय-समय पर अनेक महापुरूषों ने अपने चिंतन एवं दर्शन से समृद्ध किया है। ऐसे ही एक महान और आदर्श व्यक्तित्व हैं, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, जिन्होंने अपना संपूर्ण जीवन मानव सेवा, समाज सेवा और राष्ट्र सेवा के लिए समर्पित कर दिया। उन्हीं के पद चिन्हों पर आज देश के प्रधानमंत्री व उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री चल रहे हैं। आज की प्रदेश व केंद्र की सरकार मोदी, योगी के नेतृत्व में गांव गरीब किसान नौजवान और महिलाओं के सम्मान व उनके उत्थान के लिए काम कर रही है उन्होंने आगे कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय आधुनिक भारत के एक संत तुल्य व्यक्तित्व थे। उनका सामाजिक, आर्थिक, दार्शनिक, आध्यात्मिक और राजनैतिक चिंतन, राष्ट्रवाद और सामाजिक समानता पर आधारित था आज पार्टी संगठन भी उनकी बातों का अनुसरण राष्ट्र के विकास में अपना योगदान दे रहा है। जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया ने कहा पंडित दीनदयाल उपाध्याय का जीवन देश और समाज की सेवा के लिए पूरी तरह समर्पित रहा। उन्होंने हमेशा संगठन को सर्वोपरि माना और व्यक्तिगत महत्वाकांक्षा से ऊपर उठकर राष्ट्रहित के लिए कार्य किया आज उन्हीं के पद चिन्हों पर चलकर मोदी जी और योगी जी लगातार समाज के हर वर्ग को न्याय दिलाने का काम कर रहे हैं। वीर सिंह ने बताया कि दीनदयाल ने संघर्षमय परिस्थितियों को अपने संकल्प और कर्मनिष्ठा से अवसर में बदला है और ऐसे महापुरुष को मै प्रणाम करता हु जिन्होंने ने अपने जीवन को राष्ट्र उत्थान के लिए समर्पित कर दिया।

इस मौके पर अशोक सिंह, रामानंद, प्राची गुप्ता, राजेश राजपूत, शरद मिश्रा, शिवेंद्र ग्वाल, समुद्र श्रीवास्तव, मनीष अवस्थी, प्रभात बाजपेई, आशुतोष मिश्रा, विशाल श्यामू राजपूत, मिथिलेश बाथम, हिमांशु सक्सेना, विपिन द्विवेदी, लोकेंद्र चौहान, राजन अवस्थी सहित सैकड़ो भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## एसएचओ कोतवाली के खिलाफ कोर्ट ने दिया कार्रवाई का आदेश

**जन एक्सप्रेस। कन्नौज।** कोतवाली प्रभारी जितेन्द्र सिंह के खिलाफ सीजेएम ने कार्यवाही का आदेश दिया हैं। कोतवाल पर उच्च न्यायालय से संबंधित 39 मामलों में आख्या प्रस्तुत न करने का आरोप है। सीजेएम न्यायालय ने पहले एक नोटिस जारी किया था। इसमें कहा गया था कि थाने से आख्या न मिलने के कारण उच्च न्यायालय की पत्रावलियों में प्रोसेस का तामील नहीं हो पाया। कोतवाल से व्यक्तिगत उपस्थिति के साथ स्पष्टीकरण मांगा गया था। कोतवाली के पैरोकार और न्यायालय कर्मचारियों से आख्या लेने के बाद भी कोतवाल ने कोई स्पष्टीकरण नहीं दिया। यह कर्तव्य के प्रति घोर लापरवाही मानी गई है। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रद्धा भारतीय ने कोतवाल के विरुद्ध धारा-388 के तहत कार्यवाही करने का आदेश दिया है। थानाध्यक्ष को 4 अक्टूबर को अपना पक्ष रखने का मौका दिया गया है। सीजेएम ने आदेश की प्रति जनपद न्यायाधीश कन्नौज, डीजीपी और पुलिस अधीक्षक को भेजने के निर्देश दिए हैं। गौरतलब है कि इससे चार दिन पहले ही कोतवाल को दो वर्ष का विधिक प्रशिक्षण कराने के निर्देश दिए गया था।

# सपा नेताओं की बयानबाजी पर लगाम, विजय द्विवेदी प्रवक्ता नामित



**जन एक्सप्रेस। कन्नौज**

### सपा में बयानबाजी पर हाईकमान ने लगाई रोक

भाजपा नेता के बयान के जवाब में सपा के स्थानीय नेता और कार्यकर्ताओं ने व्यक्तिगत टिप्पणियां करना शुरू कर दिया। इससे जिले में दोनों दलों के कार्यकर्ताओं में टकराव की स्थिति पैदा हुई। सपा जिलाध्यक्ष कलीम खां ने तुरंत एक पत्र जारी कर कहा कि अब किसी भी तरह का बयान केवल पार्टी द्वारा अधिकृत प्रवक्ता ही देगा। प्रवक्ता के अलावा कोई अन्य बयान देगा तो वह व्यक्तिगत माना जाएगा।

### विजय द्विवेदी बने सपा प्रवक्ता

सपा हाईकमान ने कन्नौज जिले के भदौसी गांव निवासी विजय द्विवेदी को पार्टी का मुख्य प्रवक्ता नियुक्त किया। अब किसी भी मुद्दे पर समाजवादी पार्टी की ओर से प्रेस कॉन्फ्रेंस और बयान देने का अधिकार केवल वही रखेंगे। इसके बाद सपा में बयानबाजी पर पूरी तरह अंकुश लग गया।

भाजपा के पूर्व सांसद सुब्रत पाठक के भारत और प्रदेश की प्रगति व राष्ट्रवाद पर दिए गए बयान को लेकर समाजवादी पार्टी के स्थानीय नेता सनसनीखेज टिप्पणियां करने लगे। उन्होंने पांव की जूती से तुलना और चौराहों पर पिटाई तक की बात कह दी, जिससे सपा और भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच टकराव की स्थिति बनने लगी।

चार दिन पहले सुब्रत पाठक ने नेपाल, बांग्लादेश और श्रीलंका जैसे हालात भारत में होने की सम्भावना पर मीडिया से चर्चा की। उन्होंने कहा कि मोदी और योगी के शासन में देश और प्रदेश प्रगति कर रहे हैं। ऐसे में यदि देशद्रोही सड़कों पर आएं, तो राष्ट्रवादी उन्हें दौड़ाकर रोकेंगे। उन्होंने राहुल गांधी और अखिलेश यादव के घरों के नाम भी लेकर बयान दिया।

# एडीएम ने पत्रकारों को साथ लेकर देखी विकास प्रदर्शनी

**जन एक्सप्रेस। कन्नौज**



प्रधानमंत्री के व्यक्तित्व, कृतित्व एवं प्रदेश सरकार की उपलब्धियों पर आधारित कलेक्ट्रेट परिसर में लगायी गयी 15 दिवसीय प्रदर्शनी का अवलोकन अपर जिलाधिकारी (वित्त/ राजस्व) आशीष कुमार सिंह ने पत्रकार बंधुओं के साथ किया। इसी कड़ी में सरस्वती विद्या मंदिर के छात्र/छात्राओं तथा एनसीसी के बच्चों ने भी प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वित्त/राजस्व) ने कहा कि प्रदर्शनी का उद्देश्य जन-जन तक केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और विकास कार्यों की जानकारी पहुँचाना है।

उन्होंने कहा कि यह प्रदर्शनी सूचना और जागरूकता का एक सशक्त माध्यम है। इसमे प्रधानमंत्री के राष्ट्र निर्माण में योगदान और 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के दूरदर्शी संकल्पों को चित्रों और जानकारियों के माध्यम से प्रभावी ढंग से प्रदर्शित किया गया है।

इस मौके पर उन्होंने प्रदर्शनी में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, रोजगार और बुनियादी ढाँचे के क्षेत्र में किए गए महत्वपूर्ण कार्यों और सफलताओं को दर्शाने वाले स्टालों की भी सराहना की।

इस अवसर पर उपस्थित पत्रकारो ने भी प्रदर्शनी के विभिन्न पहलुओं को देखा और इससे संबंधित जानकारी प्राप्त की।

अपर जिलाधिकारी ने पत्रकारों से अपील की कि वे इस महत्वपूर्ण प्रदर्शनी की जानकारी को अपने माध्यम से अधिक से अधिक लोगों तक पहुँचाएँ, ताकि नागरिक सरकार की योजनाओं का लाभ उठा सकें और राष्ट्र निर्माण के विजन से जुड़ सकें।

## महिलाओं की शारीरिक सुरक्षा बेहद जरूरी- गरिमा पंत

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी। सिरौलीगौसपुर।** टिकैतनगर-रामनगर मार्ग पर कस्बा बदोसराय में गुरुवार को मिशन शक्ति अभियान के तहत एक अनूठी पहल की गई। रामनगर क्षेत्राधिकारी गरिमा पंत के नेतृत्व में महिलाओं की सुरक्षा को लेकर विशेष अभियान चलाया गया। सीओ गरिमा पंत ने बदोसराय कोतवाल अजित विद्यार्थी सहित बदोसराय पुलिस टीम के साथ बिना हेलमेट स्कूटी या बाइक चला रही महिलाओं को रोका। उन्हें नि:शुल्क हेलमेट वितरित किए गए। साथ ही महिलाओं को सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। सीओ गरिमा पंत ने महिलाओं से अपील की कि वे बाइक से घर से निकलते समय हेलमेट अवश्य पहनें। उन्होंने कहा कि महिलाओं की शारीरिक सुरक्षा बेहद जरूरी है। इस अभियान में एक दर्जन महिलाओं को हेलमेट दिए गए। हेलमेट पाने वाली महिलाओं ने आगे से हमेशा हेलमेट पहनने का आष्वासन दिया। कार्यक्रम में कोतवाली बदोसराय के कोतवाल अजीत कुमार विद्यार्थी, उप निरीक्षक हिमांशु पांडे, लक्ष्मीकांत तिवारी, आशीष कुमार, रवि सरोज सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

## अभ्युदय कोचिंग में छात्रों को डीआईओएस ने पढ़ाया



**जन एक्सप्रेस। कन्नौज**

जिला विद्यालय निरीक्षक पप्पू सरोज ने आज अभ्युदय कोचिंग केन्द्र पीएसएम में छात्रों को मार्गदर्शन प्रदान किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल परीक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि जीवन की गहन समझ विकसित करने का साधन है।

जिला विद्यालय निरीक्षक ने छात्रों को प्रेरित किया कि वे शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक और पर्यावरणीय जिम्मेदारियों को भी समझें तथा जागरूक नागरिक बनने की दिशा में सतत प्रयास करें।

# गुगरापुर मे ब्लॉक स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन

**जन एक्सप्रेस। कन्नौज**



युवा कार्य एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा मेरा युवा भारत कन्नौज ने विकास खंड गुगरापुर के नितानन्दपुर स्थित भारतीय इंटर कॉलेज मैदान में दो दिवसीय ब्लॉक स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. प्रतियोगिता का उद्घाटन भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष नरेंद्र सिंह राजपूत, जिला युवा अधिकारी सागर माहेश्वरी, भाजपा मण्डल अध्यक्ष रजनी पाल, जिला परियोजना अधिकारी अजय त्रिपाठी द्वारा दीप प्रज्वलन एवं फीता काटकर कर किया गया। भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष द्वारा युवाओं को भारत सरकार द्वारा खेलों इंडिया कार्यक्रम के बारे मे अवगत करते हुए अधिक संख्या मे खेलों के प्रति रूचि लेने के लिए खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया गया। वही जिला युवा अधिकारी सागर माहेश्वरी द्वारा भारत सरकार द्वारा ब्लॉक स्तरीय खेल कूद कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि कन्नौज जिले के चार विकास खंडों मे खेल कूद प्रतियोगिताओ का आयोजन किया जाएगा एवं जो खिलाड़ी प्रथम स्थान प्राप्त करेगे उन्हे जिला स्तरीय खेल कूद कार्यक्रम के लिए चयनित किया जाएगा। उक्त कार्यक्रम मे कुल 6 प्रतियोगिताओ का आयोजन किया गया जिसमे 400 मी दौड़ ( महिला / पुरुष ), लंबी कूद पुरुष, वालीबॉल पुरुष, कबड्डी महिला एवं स्लो साइकलिंग शामिल रहे।

कबड्डी प्रतियोगिता मे कुल चार टीम ने सहभागिता प्राप्त की जिसमे गुगरापुर टीम विजेता हुई। वही वालीबॉल मे विशाल यादव की टीम विजेता हुई। स्लो साइकलिंग मे कांचन प्रथम, सोनाली द्वितीय एवं सोनम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। लंबी कूद प्रतियोगिता मे प्रवीण प्रथम, शिवम द्वितीय एवं श्याम सिंह तृतीय स्थान पर रहे। 400 मी0 महिला दौड़ मे रामकेटकी प्रथम, अनामिका द्वितीय एवं सुनैना तृतीय स्थान पर रहे। 400 मी0 पुरुष दौड़ मे रामजीत प्रथम, शनि कुमार द्वितीय एवं मयंक तृतीय स्थान पर रहे।सभी विजेता खिलाड़ियों को मोमेंटों, मेडल एवं प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत मे विद्यालय प्रधानचार्य द्वारा सभी अतिथियों एवं खिलाड़ियों को धन्यवाद ज्ञापन दिया गया। कार्यक्रम व्यवस्था मे सुमित एवं आदर्श का पूर्ण सहयोग प्राप्त हुआ। वही निखिल शुक्ला (प्रधान), निवास चंद्र, पेशकार सिंह, चक्रेश पांडे आदि अतिथियो की सहभागिता प्राप्त हुई।

# सेवा और संस्कार ही दुर्गा वाहिनी का मूल ध्येय : नेहा मिश्रा



**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी**

सेवा, सुरक्षा, संस्कार और स्वालंबन ही दुर्गा वाहिनी मातृशक्ति का मूल ध्येय है। उक्त बातें दुर्गा वाहिनी विभाग संयोजिका नेहा मिश्रा ने विष्व हिंदू परिषद दुर्गा वाहिनी मातृशक्ति द्वारा रामनगर प्रखंड के ग्राम भंवरा खुर्द व सूरतगंज प्रखंड के ग्राम बसौली व देवा प्रखंड के खेवली स्थित नरसिंह देव मंदिर व कटरा में आयोजित दुर्गा अष्टमी कार्यक्रम में कही। महिलाओं व युवतियों को अपने समाज, धर्म व राष्ट्र के लिए समाज में व्याप्त दुराचार, भ्रष्टाचार एवं कुरीतियों के प्रति जागरूक करना दुर्गा वाहिनी का कार्य है। दुर्गा वाहिनी जिला साप्ताहिक मिलन प्रमुख सरिता सिंह ने कहा कि धर्मांतरण व लवजिहाद,आत्मसम्मान और आत्म सुरक्षा के लिए खतरा है। वहीं देवा प्रखंड के ग्राम खेवली व कटरा में आयोजित दुर्गा अष्टमी कार्यक्रम संपन्न हुआ जिसको भी विभाग संयोजिका नेहा मिश्रा व जिला संयोजिका लीना श्रीवास्तव ने संबोधित करते हुए कहा कि झूठ फरेब से हिंदू बेटियों को दूर व सुरक्षित रहना चाहिए। महिला ही सृष्टि की सृजन करता है। बेटियां दो परिवार का सृजन करती है। आज बेटियां हर क्षेत्र में अग्रणी भूमिका में हैं।

व्यवस्था की दृष्टि से कार्यक्रम में मुख्य रूप से वीएचपी जिला मंत्री राहुल कुमार, प्रखंड गौ रक्षा प्रमुख दिलीप दीक्षित, सूरतगंज प्रखंड अध्यक्ष राकेश मिश्रा जिला सामाजिक समरसता प्रमुख मनीष कनौजिया, मनीष सिंह, रिंकू चैहान, चंद्रेश पांडे, चंद्रभूषण, उमेश दास, रामकुमार, संगीता, गीता, मंजूलता सहित सैकड़ो माताएं बहने उपस्थित रही।

# महिलाएं किसी भी स्थिति में पुरुषों से कम नहीं है

### महिला सुरक्षा सम्मान स्वावलम्बन के दृष्टिगत मिशन शक्ति 05 के अंतर्गत आयोजित हुआ महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ संवाद एवं सम्मान समारोह कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिला उद्दिमयों महिला शिक्षिकाओं व जनपद स्तरीय अधिकारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर किया गया सम्मानित



**जन एक्सप्रेस। उन्नाव**

बृहस्पतिवार को महिला सुरक्षा सम्मान स्वालंबन के दृष्टिगत चलाए जा रहे मिशन शक्ति 5 कार्यक्रम के अंतर्गत निराला प्रेक्षागृह उन्नाव में मुख्य अतिथि सासद सच्चिदानंद हरि साक्षी महाराज एवं विशिष्ट अतिथि जिलाध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती शकुन सिंह तथा विधायक व सदस्य विधान परिषद की गरिमामयी उपस्थिति में महिलाओं एवं बालिकाओं से संवाद कार्यक्रम एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सांसद विधायक जिलाधिकारी गौरांग राठी व अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर मा सरस्वती जी की मूर्ति पर माल्यार्पण कर किया गया। इस कार्यक्रम में जनपद की हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट की मेधावी छात्राओं, महिलाओं एवं बालिकाओं के उत्थान हेतु कार्यरत समाज सेविकाओं, जनपद में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिला उद्यमियों, महिला शिक्षिकाओं तथा जनपद स्तरीय अधिकारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए माननीय सांसद ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में प्रधानमंत्री ने महिलाओं का नेतृत्व देकर महिलाओं का सम्मान बढ़ाने का कार्य किया है उन्होंने सिद्ध कर दिया है महिलाएं किसी भी स्थिति में पुरुषों से कम नहीं है वह हर एक स्तर पर पुरुषों के साथ बराबरी कर सकती हैं। कहा सरकार महिलाओं की सुरक्षा सम्मान स्वालंबन के लिए लगातार प्रयासरत है महिला सशक्तिकरण के तहत सरकार महिलाओं को हर एक क्षेत्र में सशक्त कर रही है ताकि वह निर्भीक होकर कार्य कर सके। सरकार महिलाओं की सुरक्षा सम्मान का ध्यान रख रही है यह सराहनीय कदम है। जिससे भारत 2047 तक विकसित बनने में अहम भूमिका निभाएगा साथ ही भारत विश्व गुरु भी बनेगा । जिलाधिकारी ने उपस्थित छात्राओं, शिक्षिकाओं के साथ संवाद कर संबोधित करते हुए कहा की महिलाएं किसी भी स्थिति में पुरुषों से कम ना समझे सरकार आपके लिए अनेज कल्याणकारी योजनाएं चला रखी है। महिला सुरक्षा सम्मान स्वालंबन के लिए सरकार द्वारा अनेक कार्यक्रम किये जा रहे हैं महिलाओं को पूरी तरह से सशक्त कर आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है। लैंगिक असमानता को दूर किया जा रहा है। मिशन शक्ति 5से अवश्य ही महिला सशक्तिकरण को बल मिलेगा तथा महिलाएं जागरूक होकर स्वावलंबी और आत्मनिर्भर बनकर समाज को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेंगी। महिलाएं किसी भी स्थिति में अपने को पुरुषों से कम ना समझे। इस अवसर पर अतिथियों, पुलिस अधीक्षक जय प्रकाश मुख्य विकास अधिकारी सुश्री कृतिराज द्वारा उपस्थित छात्राओं, शिक्षिकाओं के साथ संवाद करते हुए आमजनमानस को सम्बोधित कर मिशन शक्ति फेज 5.0 अभियान की विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी। साथ ही महिलाओं एवं बालिकाओं को महिला परक योजनाओं के साथ ही विभिन्न हेल्पलाइन नम्बर आदि की जानकारी उपलब्ध करायी गयी।

इसके साथ ही निराला प्रेक्षागृह परिसर में विभिन्न विभागों द्वारा कैम्प लगाकर अपने-अपने विभाग से संचालित योजनाओं को प्रचार-प्रसार किया गया। कार्यकम में उपस्थित लगभग 600 छात्राओं, शिक्षकों ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर विद्यालय की छात्राओं द्वारा महिला सुरक्षा सम्मान स्वावलंबन महिला सशक्तिकरण से सम्बंधित सांस्कृतिक कार्यक्रम और नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया।

## एक्सप्रेस खबरें...

### विशेष स्वच्छता अभियान में श्रमदान कर दिलाई गई स्वच्छता शपथ

**जन एक्सप्रेस। उन्नाव। नवाबगंज।** शासन की मंशा के अनुरूप नगर पंचायत नवाबगंज में गुरुवार को स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत एक तारीख, एक घंटा, एक साथ कार्यक्रम आयोजित किया गया। अधिशाषी अधिकारी अनिल कुमार के निर्देशन में कर्मचारियों और जनप्रतिनिधियों ने श्रमदान कर नगर की सफाई की। अभियान में स्वच्छ भारत मिशन के ब्रांड एंबेसडर रोहित गुप्ता, सभासद मुन्नालाल एवं आशीष गुप्ता, सभासद प्रतिनिधि सचिन राजपूत व लाला सिंह, लिपिक संजीव मिश्रा, प्रभारी टैक्स कलेक्टर तुफैल अहमद, स्वच्छ भारत मिशन प्रभारी हर्षित तिवारी, कंप्यूटर ऑपरेटर शिवा दीक्षित सहित नगर पंचायत के अन्य कर्मचारी शामिल हुए। कार्यक्रम में ब्रांड एंबेसडर रोहित गुप्ता ने सभी को स्वच्छता की शपथ दिलाई और नगरवासियों से सफाई को केवल सरकारी दायित्व न मानकर सामूहिक जिम्मेदारी समझते हुए इसे दैनिक आदत बनाने की अपील की।

### शषांक त्रिपाठी की संवेदनषीलता से बढ़ी न्याय की उम्मीद

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी।** जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी के मार्गदर्शन में जनसमस्याओं के निस्तारण में तेजी आई है। जिला प्रशासन द्वारा जनता दर्शन कार्यक्रम के तहत प्रात:10 से 12 बजे तक सभी अधिकारियों को समयबद्ध तरीके से शिकायतों का निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। इससे प्रार्थना पत्र लेकर आने वाले आमजन की समस्याओं का शीघ्र समाधान हो रहा है और लोगों का विश्वास जिला प्रशासन में बढ़ रहा है। जनता दर्शन में दर्ज शिकायतों में शिवराम, सतमोहली को बी0पैक्स लि0-बरैया से 2 बोरी यूरिया खाद उपलब्ध कराई गई। वहीं बलराज, खिजिरपुर के मामले में ग्राम में जाकर चकबन्दी प्राधिकारियों ने पैमाइश कर कब्जा दिला दिया। राजकुमारी, पकरियापुर को पीएम आवास योजना (ग्रामीण) के तहत पात्रता अनुसार आवास हेतु ऑनलाईन सूची में नाम सम्मिलित कर लाभ प्रदान किया गया। इसके अलावा मथुरा प्रसाद, मानपुर के शिकायती पत्र पर, राजस्व, चकबन्दी और पुलिस टीम की उपस्थिति में अवैध निर्माण हटवाया गया। अधिकारियों द्वारा सभी मामलों में फोटोग्राफ और स्थल मेमो संलग्न कर निस्तारण की पुष्टि की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि किसी भी शिकायत को अनसुना नहीं किया जाएगा और समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने में किसी भी अधिकारी की शिथिलता बर्दाश्त नहीं होगी।

### जयंती कार्यक्रम में शामिल हुए पूर्व विधायक

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी। सिरौलीगौसपुर।** भाजपा कार्यकर्ताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया। काशीपुरवा में पूर्व विधायक शरद अवस्थी ने बूथ अध्यक्ष सोने लाल द्वारा आयोजित कार्यक्रम में शिरकत की। उन्होंने दीनदयाल उपाध्याय के जीवन पर चर्चा की। सैदनपुर में जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि मनोज सोनी के नेतृत्व में कार्यक्रम हुआ। बदोसराय, मरकामऊ और पंजरौली सहित सभी बूथों पर भी कार्यक्रम आयोजित किए गए। रसूलपुर में हुए कार्यक्रम में जिला मंत्री रामसागर कनौजिया, मंडल महामंत्री अमित भैया, पूर्व मंडल अध्यक्ष संतोष पांडे, प्रहलाद कुमार विमल और विकास मौर्य मौजूद रहे। कार्यकर्ताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। मनोज सोनी ने कहा कि दीनदयाल उपाध्याय का मुख्य लक्ष्य समाज के अंतिम व्यक्ति का उत्थान था। भाजपा महामंत्री अमित ने बताया कि राष्ट्रीय नेतृत्व के निर्देश पर मंडल के सभी बूथों पर कार्यक्रम हुए। कार्यक्रम में अंत्योदय और एकात्म मानववाद दर्शन के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय को याद किया गया। वक्ताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उनके दिखाए मार्ग पर चलते हुए सबका साथ, सबका विकास और सबका सम्मान के सिद्धांत को आगे बढ़ा रहे हैं।

### स्वास्थ्य प्रणाली की रीढ़ हैं फार्मासिस्ट- रज़िया बानो

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी।** टी.आर.सी. महाविद्यालय, फार्मेसी विभाग में विष्व फार्मासिस्ट दिवस का आयोजन बड़े उत्साह के साथ किया गया। इस अवसर का उद्घाटन मुख्य अतिथि औषधि निरीक्षक रज़िया बानो द्वारा किया गया। उन्होंने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए स्वास्थ्य सेवाओं में फार्मासिस्ट की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला और कहा कि आज के समय में फार्मासिस्ट केवल दवा प्रदाता ही नहीं बल्कि स्वास्थ्य प्रणाली की रीढ़ हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए बताया कि बी. फार्मा एवं डिप्लोमा धारकों के लिए औद्योगिक क्षेत्र, अनुसंधान एवं विकास, स्वास्थ्य सेवा, तथा सामुदायिक फार्मेसी जैसे अनेक अवसर उपलब्ध हैं। इस अवसर पर फार्मेसी विभाग के अध्यक्ष डॉ. रंजन मिश्रा ने अपने उद्बोधन में कहा कि फार्मासिस्ट स्वास्थ्य सेवाओं की रीढ़ हैं, विशेष रूप से ग्रामीण भारत में। अब समय आ गया है कि उन्हें राष्ट्र की स्वास्थ्य संवर्धन गतिविधियों में और अधिक प्रभावी रूप से शामिल किया जाए।

# अंत्योदय के प्रणेता थे पंडित दीनदयाल उपाध्याय- शरद अवस्थी

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी**

सूरतगंज। राष्ट्रीय चिंतक अंत्योदय के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती शुक्रवार को जगह-जगह बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इसी क्रम में ब्लॉक सूरतगंज इलाके के सेमराय गांव में युवा भाजपा नेता धीरज सिंह के निवास पर भी पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम में पहुंचे बतौर मुख्य अतिथि पूर्व क्षेत्रीय विधायक शरद कुमार अवस्थी का बलबीर सिंह की अगुवाई में भव्य स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि श्री अवस्थी ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अपने उद्बोधन में मुख्य अतिथि श्री अवस्थी ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का बचपन बड़ा ही संघर्षशील रहा, बहुत कम उम्र में उनके सिर से पिता का साया उठ गया जिसके बाद उन्होंने अपना बचपन अपने सगे संबंधियों के आसपास रहकर गुजारा इसलिए उस महान व्यक्तित्व को गरीबी का एहसास था। उन्होंने भारत को सशक्त और मजबूत बनाने में अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया उनका संकल्प था कि देश में कोई भी व्यक्ति गरीब ना रहे। पंडित दीनदयाल उपाध्याय के सपनों को साकार करने में देश के प्रधानमंत्री और उत्तर प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ अपना दमखम लगाए हुए हैं। उन्होंने मौजूद लोगों को जनकल्याणकारी योजनाओं से रूबरू कराते हुए कहा कि मोदी सरकार ने गरीबों को मुफ्त इलाज के लिए आयुष्मान योजना चलाई है जिसके तहत 70 साल की उम्र से अधिक वाले बुजुर्ग महिला पुरुषों को निशुल्क इलाज देने का काम किया जा रहा है। जिसके साथ ही उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गरीब कन्याओं के लिए सुमंगला और सुकन्या जैसी जनकल्याणकारी योजना चलाकर बड़ा काम किया है।

जिसके तहत जहां एक ओर गरीब कन्याओं की शिक्षा में सुगमता आ रही है तो वहीं दूसरी ओर उनके विवाह में भी किसी प्रकार की कोई अड़चन आने नहीं आती है।

# दीनदयाल के विचारों को साकार कर रही सरकार- रामबाबू द्विवेदी

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी**

रामनगर। पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने पूरे जीवन शोषित गरीबों एवं वंचितों के उत्थान के लिए काम किया है। उनकी मनसा को साकार करते हुए प्रदेश एवं केंद्र की भाजपा सरकार अपने हर कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सीधे समाज के निचले स्तर पर पहुंचने व उनके उत्थान करने का काम कर रही है। यह बात मुख्य अतिथि भाजपा के प्रदेश किसान मोर्चा के महामंत्री रामबाबू द्विवेदी ने ग्राम सीहामऊ में आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती व सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत कही। श्री द्विवेदी ने कहा की पंडित दीनदयाल उपाध्याय के संकल्प को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ पूरी तरह से साकार करने का कार्य कर रहे हैं अब कोई भी गरीब दबा शोषित सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से वंचित नहीं है उसे हर हाल में इसका लाभ अवश्य मिल रहा है। हम लोगों की पंडित दीनदयाल उपाध्याय के प्रति यही सच्ची श्रद्धांजलि होगी कि अपने गांव समाज तथा क्षेत्र में कोई भी गरीब इस योजना से वंचित न रह जाए हमें इसका विशेष ध्यान रखना होगा। मुख्य अतिथि ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ गांव स्थित मोती पुरी बाबा मंदिर की साफ सफाई करके पौधारोपित कर प्रकृति को सुंदर व हरा भरा बनाए रखने का संदेश दिया। इस अवसर पर सेक्टर संयोजक लालता तिवारी, जिला प्रतिदिन विपिन दीक्षित, मंडल अध्यक्ष अमित सिंह, मंडल अध्यक्ष किसान मोर्चा रामू मिश्रा, नागेंद्र सिंह, भानु गौतम, पूर्व प्रधान राजेंद्र प्रसाद मिश्रा, अरुण दीक्षित, विशाल अवस्थी, बूथ अध्यक्ष बद्री दीक्षित, राम दयाल, विजय सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# कांग्रेस राज में लूट ही लूट थी

## बांसवाड़ा में मोदी बोले, राजस्थान पेपरलीक का सेंटर बन गया था, वसुंधरा राजे से मंच पर की चर्चा

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को बांसवाड़ा से राजस्थान को 90 हजार करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं की सौगात दी। बांसवाड़ा में एटॉमिक पावर प्लांट का शिलान्यास किया। जोधपुर, बीकानेर में नई वंदे भारत और उदयपुर में एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। इसके बाद मोदी ने अपने भाषण में उन्होंने जीएसटी उत्सव, महंगाई, स्वदेशी, आदिवासी और ऊर्जा जैसे मुद्दों को लेकर बात कही। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस पर 5 बड़े हमले बोले। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने 70 साल तक देश को लूटने का काम किया जबकि बीजेपी ने इस पर मरहम लगाने का काम किया।



### मंत्री ने तीर-कमान भेंट किया

इससे पहले मोदी खुली जीप में सीएम भजनलाल शर्मा, दोनों डिप्टी सीएम दीया कुमारी, प्रेमचंद बैरवा और भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ के साथ जनता का अभिवादन करते हुए मंच पर पहुंचे। मंत्री बाबूलाल खराड़ी और विधायक ने तीर-कमान भेंट किया। भाषण की शुरुआत में पीएम ने कहा - माही का पानी हमारे आदिवासी भाई-बहनों के संघर्ष और जीवटता का प्रतीक है। मैं मां त्रिपुरा सुंदरी और मां माही को नमन करता हूं। साधना और शौर्य की धरती से महाराणा प्रताप और भील को नमन करता हूं।

### 1 लाख करोड़ से ज्यादा की योजनाओं का शिलान्यास-लोकार्पण

समारोह में मोदी ने राजस्थान की 1 लाख 22 हजार 670 करोड़ से ज्यादा की योजनाओं का शिलान्यास-लोकार्पण किया। इनमें 42 हजार करोड़ लागत की 2800 मेगावाट की माही बांसवाड़ा परमाणु विद्युत परियोजना का शिलान्यास भी शामिल है। कार्यक्रम में प्रतीकात्मक तौर पर दो युवकों को सरकारी नौकरी के नियुक्ति पत्र सौंपे। अलग-अलग विभागों और संगठनों के लिए सिलेक्ट होने वाले 15 हजार युवाओं को जॉइनिंग लेटर भी दिए। पीएम ने राजस्थान के जोधपुर और बीकानेर से दिल्ली कैंट तक चलने वाली 2 नई वंदे भारत ट्रेन को भी हरी झंडी दिखाई। उन्होंने कहा नवरात्रि में हम माता के नौ स्वरूपों की पूजा करते हैं। आज यहां ऊर्जा शक्ति से जुड़ा इतना बड़ा आयोजन हो रहा है। राजस्थान, मध्यप्रदेश,कर्नाटक, आंध्रप्रदेश और महाराष्ट्र में 90 हजार करोड़ से ज्यादा के बिजली प्रोजेक्ट शुरू हुए हैं।

### मोदी ने मंच से सियासी मैसेज भी दिया

पीएम मोदी ने मंच से सियासी मैसेज भी दिया। प्रमुख नेताओं को मंच पर जगह देकर सबको अहमियत देने का सियासी मैसेज दिया। मोदी ने कार्यक्रम के अंत में विदाई से पहले मंच पर मौजूद सभी नेताओं का अभिवादन किया। पीएम बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ के पास रुके, उनका अभिवादन स्वीकार किया, कुछ बात की। वापस मुड़कर पूर्व सीएम वसुंधरा राजे और डिप्टी सीएम दीया कुमारी के पास से गुजरे, वसुंधरा का अभिवादन करके उनसे थोड़ी देर बात की। हालांकि मोदी और वसुंधरा राजे के बीच बातचीत का ब्योरा सामने नहीं आया है, लेकिन इस संक्षिप्त बातचीत ने सियासी चर्चाएं जरूर छेड़ दी हैं।

### 'हम जो खरीदेंगे, स्वदेशी खरीदेंगे'

पीएम ने कहा- हमारा एक और लक्ष्य है। आत्मनिर्भर भारत का। हम किसी और पर निर्भर नहीं रहे। इसका रास्ता जाता है स्वदेशी के मंत्र से। स्वदेशी के मंत्र को भूलना नहीं है। मैं सभी से आग्रह करूंगा खासकर दुकानदार भाइयों से आग्रह करूंगा कि हम जो बेचेंगे वे स्वदेशी ही बेचेंगे। मैं देशवासियों से आग्रह करूंगा- हम जो भी खरीदेंगे स्वदेशी ही खरीदेंगे। हम दुकानदार को पूछेंगे ये स्वदेशी है या नहीं है। मेरी स्वदेशी की व्याख्या सिंपल है। कंपनी और ब्रांड दुनिया के किसी भी देश का हो, लेकिन वह हमारे हिंदुस्तान में बना हुआ होना चाहिए। हिंदुस्तान के नौजवानों की मेहनत का बना हुआ होना चाहिए। मेरे देश के लोगों की पसीने और यहां की मिट्टी की महक हो, वो सब मेरे लिए स्वदेशी है। इसलिए मैं सभी दुकानदारों भाइयों से कहता हूं कि आप बोर्ड लगाइए- गर्व से कहो ये स्वदेशी है।

### कांग्रेस राज में बिजली आना न्यूज होती थी

पीएम ने कहा-बिजली है तो दुनिया हमारे पास है। हालांकि हमारे देश में कांग्रेस की सरकार ने बिजली के महत्व पर ध्यान ही नहीं दिया। साल 2014 में जब आपने मुझे सेवा का मौका दिया और मैंने दायित्व संभाला, तब देश के ढाई करोड़ घर ऐसे थे, जहां बिजली का कनेक्शन नहीं था। आजादी के 70 साल के बाद भी बिजली नहीं थी। गांवों में पोल तक नहीं थे। गांवों में तो 4 से 5 घंटे बिजली आ जाए तो बड़ी बात होती थी।

### कांग्रेसी क्यों गुस्से में रहते हैं, कारण बताया

आज से 11 साल पहले कांग्रेस के समय हालात कितने खराब थे और खराब क्यों थे। क्योंकि कांग्रेस सरकार देशवासियों के ही शोषण में लगी थी। कांग्रेस सरकार देश के लोगों को ही लूट रही थी। कांग्रेस के समय में टैक्स और महंगाई दोनों आसमान में थी। आप ने जब मोदी को आशीर्वाद दिया, तब हमारी सरकार ने कांग्रेस की लूट को बंद किया। साथियों ये आजकल मुझ पर बहुत गुस्से में रहते हैं, इसका कारण भी यही है।

### आदिवासी समाज के लिए भाजपा सरकार ने काम किया

आज पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जन्म जयंती है। उन्होंने हमें अंत्योदय का सिद्धांत दिया था। उनका यह विजन हमारा मिशन बन गया है। आज हम सबके लिए काम कर रहे हैं। कांग्रेस ने आदिवासी समाज को नजरअंदाज किया। ये भाजपा सरकार है, जिसने आदिवासी मंत्रालय बनाया। उसके पहले आदिवासियों के लिए मंत्रालय नहीं बना था।

# 1962 जंग में एयरफोर्स को परमिशन नहीं मिली : सीडीएस

- वायुसेना का इस्तेमाल चीनी हमले को कमजोर कर सकता था, दुश्मन दबाव में आ जाता

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। पुणे**

चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान ने बुधवार को कहा कि 1962 के भारत-चीन युद्ध के दौरान एयरफोर्स के इस्तेमाल की परमिशन नहीं दी गई थी। अगर ऐसा होता तो चीनी आक्रमण को काफी हद तक कम किया जा सकता था। सीडीएस चौहान ने यह टिप्पणी पुणे में दिवंगत लेफ्टिनेंट जनरल एस पी पी थोराट की संशोधित आत्मकथा - %रेवेइल टू रिट्रीट% के विमोचन कार्यक्रम में की। वे इस कार्यक्रम में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए शामिल हुए थे। उन्होंने कहा कि वायुसेना के इस्तेमाल से दुश्मन पर जल्दी हमला करने और दबाव डालने का अवसर मिलता है। हां अब हालात बदल गए हैं। तब एयरफोर्स के इस्तेमाल को तनाव बढ़ाने वाला कदम कहा जाता था। अब ऐसा नहीं है। ऑपरेशन सिंदूर इसका एक सटीक उदाहरण है। सीडीएस चौहान ने आगे कहा- 1962 की फॉरवर्ड पॉलिसी लद्दाख और पूर्वोत्तर सीमांत क्षेत्र (अब अरुणाचल प्रदेश) में एक जैसी नहीं हो सकती थी, क्योंकि दोनों क्षेत्रों की भौगोलिक और राजनीतिक स्थिति



अलग थी। लद्दाख में चीन पहले ही कब्जा कर चुका था, जबकि पूर्वोत्तर में भारत का दावा मजबूत था।

### सीडीएस जनरल अनिल चौहान का कार्यकाल बढ़ाया

केंद्र सरकार ने बुधवार को सीडीएस जनरल अनिल चौहान (64) का कार्यकाल 8 महीने बढ़ाकर 30 मई 2026 तक कर दिया। जनरल चौहान का कार्यकाल पहले 30 सितंबर 2025 को समाप्त होने वाला था। सीडीएस के लिए आयु सीमा 65 साल है और सरकार इस अवधि को बढ़ा भी सकती है। जनरल चौहान सितंबर 2022 से सीडीएस और डिपार्टमेंट ऑफ मिलिटरी अफेयर्स के सचिव के रूप में सेवा दे रहे हैं। सीडीएस ने ऑपरेशन सिंदूर में तीनों सेनाओं (थल सेना, नौसेना, वायु सेना) के समन्वय को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने सेना में संयुक्त कार्य और रणनीतिक योजना पर भी ध्यान केंद्रित किया है।

### क्या होती है चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ की भूमिका?

चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ तीनों सेनाओं से जुड़े मामलों में प्रमुख सैन्य सलाहकार के रूप में काम करता है। सीडीएस भले ही तीनों सेनाओं से जुड़े मामलों में रक्षा मंत्रालय को सलाह देता है, लेकिन अब भी तीनों सेनाओं-आर्मी, नेवी और एयरफोर्स-के प्रमुख ही उनकी संबंधित सेवाओं से जुड़े मामलों में सलाह देते हैं। मतलब, सीडीएस, तीनों सेनाओं से जुड़े मामलों में रक्षा मंत्रालय के सलाहकार के तौर पर काम करता है, लेकिन वह तीनों में से किसी सेना का प्रमुख नहीं होता है, बल्कि इसके लिए इन तीनों सेनाओं के प्रमुख ही अपनी-अपनी सेना की कमान संभालते हैं।

जनरल चौहान ने मई 2021 में सेवा से सेवानिवृत्त होने के बाद सीडीएस का पद संभाला था। वे जनरल बिपिन रावत के निधन के 9 महीनों बाद इस पद पर आए थे। उनका सैन्य करियर बेहद प्रतिष्ठित रहा है। वे 1981 में 11 गोरखा राइफल्स में कमीशन हुए और जम्मू-कश्मीर और उत्तर-पूर्व में आंतरिक सुरक्षा अभियानों का अनुभव रखते हैं। सीडीएस चौहान को परम विशिष्ट सेवा मेडल, उत्तम युद्ध सेवा मेडल, अति विशिष्ट सेवा मेडल, सेना मेडल समेत कई सम्मानों से सम्मानित किया गया है।

# भारत में पहली बार ट्रेन से अग्नि-प्राइम मिसाइल का टेस्ट

- स्पेशल ट्रेन बनाई, रूस, चीन और नॉर्थ कोरिया के बाद ऐसा करने वाला चौथा देश

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत ने बुधवार की देर रात रेल पर बने मोबाइल लॉन्चर सिस्टम के जरिए अग्नि-प्राइम मिसाइल की टेस्टिंग की। यह कैनिस्टराइज्ड लॉन्चिंग सिस्टम से लॉन्च की गई। इसके लिए ट्रेन को विशेष रूप से डिजाइन किया गया। यह ट्रेन देश के हर उस कोने तक जा सकती है, जहां रेल लाइन मौजूद है। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने इसकी जानकारी दी। टेस्ट ओडिशा के चांदीपुर इंटीग्रेटेड टेस्ट रेंज से किया गया। इस टेस्ट ने भारत को उन चुनिंदा देशों के ग्रुप में शामिल कर दिया है जिनके पास रेल नेटवर्क से मिसाइल लॉन्च करने वाला कैनिस्टराइज्ड लॉन्चिंग सिस्टम है।

### यह मिसाइल टेस्ट भारत के लिए महत्वपूर्ण क्यों...

यह मिसाइल टेस्ट भारत के लिए बेहद अहम माना जा रहा है, क्योंकि किसी भी युद्ध के दौरान सेना को लॉन्चिंग पॉइंट तक जाने वाली रेल लाइन की जरूरत होती है। कुछ मिसाइलों को उनके वजन के चलते मूव करना आसान नहीं होता था। अब यह परिदृश्य बदल जाएगा। इसका मतलब यह भी है कि सेना दुश्मन की नजरों से बचाने के लिए अपनी मिसाइलों को रेल सुरंगों में छिपा भी सकती है। रक्षामंत्री ने भी लिखा है कि यह रेल बेस्ड मोबाइल लॉन्चर मिसाइल को रात के अंधेरे और धुंध भरे इलाके से भी कम समय में लॉन्च कर सकता है। 70 हजार किलोमीटर रेल लाइन के साथ भारतीय रेलवे दुनिया का चौथा सबसे बड़ा नेटवर्क है। दक्षिण में कन्याकुमारी, उत्तर में बारामूला, पूर्व में साइरंग और पश्चिम में ओखा देश के सबसे रिमोट रेलवे स्टेशन हैं। यानी यहां तक रेल कनेक्टिविटी है।

भारत से पहले रूस, चीन और नॉर्थ कोरिया मोबाइल रेल लॉन्चर का टेस्ट कर चुके हैं। लिस्ट में अमेरिका का नाम भी शामिल है, लेकिन उसने पुष्टि कभी नहीं की। अग्नि प्राइम मिसाइल 2000 किलोमीटर तक की मारक क्षमता के लिए डिजाइन की गई है। जो एडवांस्ड फीचर से लैस है। यह मिसाइल लॉन्च करने की एक मॉडर्न तकनीक है। इसमें मिसाइल को एक मजबूत कैनिस्टर (बड़े धातु के कंटेनर) में रखा जाता है। यह कैनिस्टर मिसाइल को सुरक्षित रखता है और आसानी से इधर-उधर ले जाने और लॉन्च के लिए तैयार रखता है। कैनिस्टर से मिसाइल को बिना लंबी तैयारी के सीधे दागा जा सकता है। मिसाइल नमी, धूल, मौसम और बाकी विपरीत हालात में सुरक्षित रहती है।

# मतगणना प्रक्रिया में बड़ा बदलाव : बिहार चुनावों से लागू होगा डाक मतपत्रों की गिनती का यह नया नियम

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

लोकसभा और विधानसभा चुनावों में पारदर्शिता बढ़ाने के लिए चुनाव आयोग ने डाक मतपत्रों की गिनती की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित कर दिया है। अब गिनती के दौरान यह सुनिश्चित किया जाएगा कि डाक मतपत्रों की गिनती पूरी होने से पहले ईवीएम की गिनती का अंतिम चरण शुरू न हो। अब तक प्रचलन यह था कि गिनती के दिन सुबह 8 बजे डाक मतपत्रों की गिनती शुरू होती थी और सुबह 8:30 बजे ईवीएम की गिनती। पहले के नियमों के मुताबिक, ईवीएम की गिनती डाक मतपत्रों की गिनती पूरी होने से पहले भी खत्म हो सकती थी।




हालांकि, अब आयोग ने तय किया है कि ईवीएम की गिनती का दूसरा अंतिम चरण तभी शुरू होगा जब डाक मतपत्रों की गिनती पूरी हो जाएगी। नई व्यवस्था का पहला प्रयोग बिहार विधानसभा चुनावों में होगा, जो नवंबर में होने जा रहे हैं। आयोग ने स्पष्ट किया है कि इससे गिनती प्रक्रिया अधिक एकरूप और पारदर्शी बनेगी। इससे मतदाताओं और उम्मीदवारों के बीच किसी भी तरह के भ्रम की स्थिति नहीं रहेगी।

### पर्याप्त संसाधनों की व्यवस्था

चुनाव आयोग ने यह भी निर्देश दिया है कि जिन निर्वाचन क्षेत्रों में डाक मतपत्रों की संख्या अधिक होगी, वहां पर्याप्त संख्या में टेबल और गिनतीकर्मी लगाए जाएं। इसका उद्देश्य गिनती में देरी को रोकना और प्रक्रिया को समयबद्ध बनाना है।

### डाक मतपत्रों की संख्या बढ़ी

आयोग ने बताया कि हाल ही में दिव्यांग मतदाताओं और 85 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों के लिए घर से मतदान की सुविधा शुरू की गई है। इसके चलते डाक मतपत्रों की संख्या में काफी बढ़ोतरी हुई है। ऐसे में गिनती की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करना बेहद जरूरी हो गया है।

### पारदर्शिता और भरोसा

चुनाव आयोग का मानना है कि इस नए कदम से चुनावी प्रक्रिया पर जनता का भरोसा और मजबूत होगा। डाक मतपत्रों की गिनती पूरी होने तक अंतिम ईवीएम गिनती को रोके रखने का निर्णय सभी उम्मीदवारों और दलों को यह आश्वासन देगा कि मतगणना में किसी तरह की जल्दबाजी या असमानता नहीं होगी।

# शिक्षकों ने किया काली पट्टी बांधकर शिक्षण कार्य

- लाखों शिक्षकों के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए अधिनियम में आवश्यक संशोधन करें
- डॉ अनुज त्यागी ने बताया कि शिक्षक पात्रता परीक्षा एक बार ली जाने वाली परीक्षा है

**जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद**



देश के सभी सेवारत प्राथमिक शिक्षकों को सेवा में बने रहने और पदोन्नति पात्र होने के लिए शिक्षक पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण करने के लिए सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय से सभी शिक्षक चिंतित हैं । जिसमें मात्र 5 वर्ष की सेवा शेष रहने वाले शिक्षकों को इससे छूट प्रदान की गई है । उन्हें भी पदोन्नति हेतु इस परीक्षा को उत्तीर्ण करना अनिवार्य किया गया है । जिसमें देश के बाकी सेवारत शिक्षकों को 2 वर्ष में टीईटी उत्तीर्ण करना अनिवार्य करते हुए कहा गया कि जो शिक्षक दो वर्षों में इस परीक्षा को उत्तीर्ण नहीं करेंगे ऐसे शिक्षकों को अनिवार्य सेवानिवृत्ति दी जाए। जिसको लेकर शिक्षक संघ ने घोषणा की कि 25 सितंबर से 15 अक्टूबर तक सभी शिक्षक काली पट्टी बांधकर शिक्षण कार्य करेंगे। प्रांतीय उपाध्यक्ष डॉ अनुज त्यागी ने बताया कि शिक्षक पात्रता परीक्षा एक बार ली जाने वाली परीक्षा है। जिसे नियुक्ति के समय चयन के लिए बनाया गया है। सेवारत शिक्षकों की पात्रता को जांचने के लिए जो शिक्षक शिक्षिकाएं दिनांक 23 अगस्त 2010 नोटिफिकेशन शिक्षा अधिकार अधिनियम 2009 से पूर्व नियुक्त है उनकी नियुक्ति के समय की योग्यता सेवा नियमावली के अनुरूप है। जिस पर टीईटी की अनिवार्यता नहीं होनी चाहिए।नियुक्ति के समय की न्यूनतम अर्हता सेवा काल में परिवर्तित नहीं होनी चाहिए।इस अवसर पर संघ के जिलाध्यक्ष रविंद्र राणा ने कहा कि सरकार इस प्रकरण का सहानुभूति एवं व्यवहारिकता के साथ संज्ञान ले एवं लाखों शिक्षकों के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए अधिनियम में आवश्यक संशोधन करें। सेवा नियमावली के अनुसार जिन शिक्षक शिक्षिकाओं को नियुक्ति के यथावत यथा समय योग्यता अनुसार नियुक्ति दी गई है उन्हें इस परीक्षा की अनिवार्यता से मुक्त रखा जाए व नियुक्ति के यथा समय योग्यता अनुसार पदोन्नति दी जाए।

# नेक्स्ट जेनरेशन जीएसटी रिफॉर्म से व्यापारियों व उपभोक्ताओं को बड़ी राहत मिलेगी : असीम अरुण



**जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद**

केंद्र व प्रदेश सरकार व्यापारियों की समस्याओं को लेकर लगातार गंभीर है। जीएसटी सुधारों का उद्देश्य टैक्स प्रणाली को अधिक सरल, पारदर्शी व व्यापारियों के लिए सहज बनाना है। आने वाले चरणों में छोटे व्यापारियों, दुकानदारों और उद्योग जगत को बड़ी राहत मिलेगी। टैक्स प्रक्रिया आसान होने से भ्रष्टाचार पर रोक लगेगी और कारोबारियों का समय व पूंजी दोनों की बचत होगी। यह बातें गाजियाबाद जिला प्रभारी और प्रदेश राज्यमंत्री असीम अरुण ने पत्र प्रतिनिधियों से कही। राकेश मार्ग स्थित बैंक्वेट हाल में आयोजित जीएसटी पर चर्चा उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि पहले ब्रांडेड घी की एमआरपी 725 रुपये थी, जबकि सुधारों के बाद अब देशी घी की नई एमआरपी मात्र 500 रुपये निर्धारित हुई है। इससे सीधा लाभ दुकानदार और उपभोक्ता-दोनों को मिल रहा है। उन्होंने कहा, मानकर चलिए कि यह सरकार की ओर से 'दो के साथ एक फ्री जैसा लाभ है। उन्होंने बताया कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय जयंती के अवसर पर प्रदेशभर में आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान की शुरुआत हुई है, जिसमें वोकल फॉर लोकल और देश में बना, देश का सामान खरीदो जैसे संदेशों को जन-जन तक पहुँचाया जाएगा। यह अभियान 25 दिसंबर, अटल जयंती तक चलेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने कहा कि गाज़ियाबाद महानगर का व्यापारी समाज भाजपा की रीढ़ है। पारदर्शी सुधारों के कारण निश्चित ही व्यापारियों को राहत और प्रोत्साहन मिलेगा। उन्होंने कहा कि माननीय असीम अरुण जी के मार्गदर्शन से कार्यकर्ताओं व व्यापारियों को नई दिशा और ऊर्जा प्राप्त होगी। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष चैन पाल सिंह, सदर विधायक संजीव शर्मा, मुरादनगर विधायक अजीत पाल त्यागी, कार्यक्रम संयोजक राजेश त्यागी, महामंत्री गोपाल अग्रवाल, सुशील त्यागी, महानगर मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी, मंडल अध्यक्ष वरुण नागर सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# मालेगांव ब्लास्ट केस में बरी ले. कर्नल पुरोहित का प्रमोशन

- मामले में 9 साल जेल में रहे, 31 जुलाई को कोर्ट ने निर्दोष कहा था

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

2008 मालेगांव ब्लास्ट में बरी किए जाने के बाद लेफ्टिनेंट कर्नल प्रसाद श्रीकांत पुरोहित को कर्नल के पद पर प्रमोशन मिल गया है। ये प्रमोशन उन्हें 17 साल के लंबे इंतजार के बाद मिला। 31 जुलाई 2025 को मुंबई की स्पेशल कोर्ट ने कर्नल पुरोहित समेत मामले के सभी आरोपियों को बरी कर दिया था। इस ब्लास्ट में 6 लोगों की मौत हो गई थी तो वहीं 100 से ज्यादा लोग घायल हो गए थे। कुछ दिन पहले ही मालेगांव ब्लास्ट केस में कोर्ट के फैसले के बाद ऐसी



जानकारियां आई थीं कि सेना ने लेफ्टिनेंट कर्नल प्रसाद पुरोहित के करियर पर पिछले 16 साल से लगा डिसिप्लिन एंड विजिलेंस बैन हटा दिया है। इससे उनके प्रमोशन और बाकी सर्विस बहाल करने की प्रक्रिया शुरू हो गई थी। केस में आरोपी बनने के बाद जब उन्हें गिरफ्तार किया गया तो उन पर डीवी बैन लगा दिया गया था। बरी होने के बाद पुरोहित ने कहा था- मैं एक सैनिक हूं जो इस देश से बेहद प्यार करता हूं। मैं भारतीय सेना का शुक्रिया अदा करना चाहता हूं जो अपने जवानों का साथ देती है।

# गाजियाबाद में ई-बसों का संचालन पांच दिनों तक बंद 50 हजार यात्रियों को होगी परेशानी

**जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद**

गाजियाबाद शहर में सार्वजनिक परिवहन का अहम हिस्सा बन चुकीं ई-बसों का संचालन गुरुवार से अगले पांच दिनों तक बंद रहेगा। इस फैसले से शहर के करीब 50 हजार यात्रियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ेगा। बताया जा रहा है कि इन बसों को ग्रेटर नोएडा में आयोजित होने वाले इंटरनेशनल ट्रेड शो के लिए भेजा गया है। इस दौरान लोनी, मसूरी, और दिलशाद गार्डन जैसे प्रमुख मार्गों पर यात्रियों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। प्रशासन के अनुसार, गाजियाबाद में संचालित होने वाली ई-बसों को ग्रेटर नोएडा में आयोजित इंटरनेशनल ट्रेड शो के लिए उपलब्ध कराया गया है। इस आयोजन में बड़ी संख्या में लोगों के आवागमन के लिए इन बसों का उपयोग किया जाएगा। हालांकि, बसें चार्जिंग के लिए रोजाना बहरामपुर डिपो पर वापस आएंगी, लेकिन गाजियाबाद में नियमित मार्गों पर इनका संचालन पूरी तरह बंद रहेगा। इस फैसले ने शहर के उन हजारों यात्रियों को मुश्किल में डाल दिया है, जो रोजाना इन बसों पर निर्भर हैं। गाजियाबाद में ई-बसें पर्यावरण के अनुकूल और किफायती परिवहन का एक महत्वपूर्ण साधन हैं।

### चार्जिंग के लिए बहरामपुर डिपो पर निर्भरता

हालांकि बसें ट्रेड शो के लिए ग्रेटर नोएडा में रहेंगी, लेकिन चार्जिंग के लिए उन्हें रोजाना गाजियाबाद के बहरामपुर डिपो पर लाया जाएगा। इससे यह साफ है कि बसों का उपयोग पूरी तरह से गाजियाबाद से बाहर के लिए किया जा रहा है, और स्थानीय यात्रियों की जरूरतों को नजरअंदाज किया गया है। गाजियाबाद में ई-बसों का पांच दिनों तक बंद रहना न केवल यात्रियों के लिए असुविधा का कारण बनेगा, बल्कि यह शहर की परिवहन व्यवस्था की कमजोरियों को भी उजागर करता है। प्रशासन को चाहिए कि वह भविष्य में ऐसे फैसलों से पहले यात्रियों की सुविधा को प्राथमिकता दे और वैकल्पिक व्यवस्थाओं का इंतजाम करे।



इनके बंद होने से लोनी, मसूरी, दिलशाद गार्डन, और अन्य प्रमुख मार्गों पर यात्रा करने वाले लोग सबसे ज्यादा प्रभावित होंगे। अनुमान है कि रोजाना करीब 50 हजार यात्री इन बसों का उपयोग करते हैं, जिनमें स्कूल-कॉलेज जाने वाले छात्र, नौकरीपेशा लोग, और अन्य आम नागरिक शामिल हैं। बसों के अभाव में यात्रियों को निजी वाहनों, ऑटो-रिक्शा, या अन्य महंगे परिवहन साधनों का सहारा लेना पड़ सकता है, जिससे उनका खर्च बढ़ेगा और समय की बर्बादी होगी। नगर निगम और परिवहन विभाग की ओर से अभी तक इस मामले पर कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। हालांकि, सूत्रों का कहना है कि इंटरनेशनल ट्रेड शो एक महत्वपूर्ण आयोजन है, और इसके लिए गाजियाबाद की ई-बसों को उपलब्ध कराना जरूरी था। प्रशासन ने यह भी आश्वासन दिया है कि पांच दिनों के बाद बसें अपने नियमित मार्गों पर वापस लौट आएंगी। लेकिन, इस दौरान यात्रियों की परेशानी को कम करने के लिए कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं की गई है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबन्ध संपादक- मनोज तिवारी, राज्य ब्यूरो प्रमुख- सन्तोष कुमार दीक्षित) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)